सूर्योदय : 6:12
सूर्यास्त : 6:16
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 17.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-264 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 19 मार्च 2025
18 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## भाषा और परिसीमन विवाद के बीच पीएम ने दिया महाकुंभ की एकता का संदेश

# महाकुंभ में अनेक अमृत निकले : मोदी

**बजट सत्र का दूसरा चरण**

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में हिंदी विरोध और परिसीमन के नाम पर उत्तर पर दक्षिण भारत के बीच खाई पाटने की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री ने नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ से निकली एकता की



### एकजुटता का विराट प्रदर्शन भारत की बड़ी जीत

लोकसभा में महाकुंभ के आयोजन पर वक्तव्य देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में बिखराव की स्थितियों के दौर में एकजुटता के विराट प्रदर्शन को भारत की बड़ी ताकत बताया। उनके अनुसार देश के कोने-कोने से विभिन्न भाषाएं, बोलियां बोलने वाले लोगों के छोटे-बड़े का भेदभाव किए बिना एक साथ संगम में डुबकी लगाने से साफ है कि हमारे भीतर एकता का अद्भुत तत्व रचा-बसा है। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता की भारत की विशिष्टता को और समृद्ध बनाने की हमारा दायित्व है। प्रयागराज महाकुंभ को प्रधानमंत्री मोदी ने जागरूक होते देश के लिए एक अहम पड़ाव बताया। भक्ति आंदोलन और विवेकानंद के शिकागो भाषण को उन्होंने ऐसा ही अहम पड़ाव बताया। उनके अनुसार भक्ति आंदोलन ने मध्यकाल में आध्यात्मिक चेतना उभारने का काम किया, वहीं विवेकानंद का शिकागो भाषण इस आध्यात्मिक चेतना का जयघोष था, जिसने भारतीयों के आत्मसम्मान को जगा दिया।

अमृत को पवित्र प्रसाद बताया। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ को राष्ट्रीय चेतना के जागरण का विराट स्वरूप बताते हुए कहा कि पूरे विश्व ने इसको देखा। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में कमियां निकालने वाले विपक्षी नेताओं को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि भारत की क्षमताओं पर आशंका जताने वालों को भी उचित जवाब मिल गया है। इसी तरह से आजादी के आंदोलन के दौरान भी कई अहम पड़ाव देखने को मिले, जिनसे प्रेरणा पाकर भारत ने आजादी हासिल की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भी ऐसा ही एक पड़ाव है,

- **प्रधानमंत्री ने अनेकता में एकता की भारत की विशिष्टता को समृद्ध करने पर दिया जोर**
- **महाकुंभ से उपजी एकता भावना भेदने वाले सारे प्रयासों को भेदने में सक्षम**
- **भारत की क्षमताओं पर आशंका जताने वालों को भी उचित जवाब मिल गया**

जिसमें जागरूक होते देश का प्रतिबिंब नजर आता है। महाकुंभ की सफलता का श्रेय जनभागीदारी को देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह जनता जर्नादन का, जनता जनार्दन के संकल्पों के लिए और जनता जनार्दन की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था। उन्होंने कहा कि राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को अगले 1000 वर्षों के लिए भारत को तैयार करने वाले अपने पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा कि महाकुंभ के आयोजन ने इस विचार को दृढ़ किया है, जो देश की सामूहिक चेतना और देश के सामर्थ्य को बताती है।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू, 50 अरेस्ट

**नागपुर।** नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हुई हिंसा के सिलसिले में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है और पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मध्य नागपुर के चिटनिस पार्क इलाके में तब हिंसा भड़क उठी जब अफवाह फैली कि औरंगजेब की कब्र (छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित) को हटाने की मांग को लेकर एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान एक समुदाय का धर्मग्रंथ जलाया गया है। इस दौरान पुलिस पर पथराव किया गया जिससे



छह आम नागरिक और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। सिंघल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है और विभिन्न थानों में पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।''नागपुर के संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि माहौल को खराब करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया और उन्होंने विपक्ष से मामले में राजनीति न करने की अपील की। बावनकुले ने सभी समुदायों के सदस्यों से सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की और उन्होंने पुलिस आयुक्त तथा जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा, ''माहौल को खराब करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया और गृह विभाग की ओर से कोई चूक नहीं हुई, क्योंकि पुलिस हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच (हिंसा के दौरान) ढाल बनकर खड़ी रही, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

# दिहुली हत्याकांड : तीन दोषियों को फांसी की सजा, फैसला सुन रोने लगे दोषी

- **24 दलितों को मारी गई थी गोलियां**

**मैनपुरी।** फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 18 नवंबर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई। वहां उन्हें दाखिल किया गया।

एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के



बीच लाकर पेश किया गया। इनकी पेशी के बाद 12.30 बजे करीब फिर से इनको दीवानी की अदालत में भेज दिया गया। लंच बाद कोर्ट से फिर इनकी पुकार हुई। दोपहर 3 बजे तीनों दोषियों को फिर से पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से रोहित शुक्ला ने तमाम दलीलें पेश करते हुए नरसंहार के साक्ष्यों और गवाही का हवाला देते हुए फांसी की मांग की। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर उस भयावह नरसंहार के दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को फांसी की सजा सुनाई।

कप्तान सिंह, रामसेवक को दो-दो लाख और रामपाल को एक लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। यह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया। 14 दिन जेल की क्वारंटीन बैरक में रहेंगे दोषी-कोर्ट द्वारा सजा सुनाकर जेल भेजे गए तीनों दोषियों को पहले 14 दिन के लिए क्वारंटीन बैरक में रखा जाएगा।

### 30 दिन के अंदर कर सकते हैं हाईकोर्ट में अपील

फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए फांसी की सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं। हाईकोर्ट सेशन कोर्ट के फैसले की समीक्षा के बाद अपना निर्णय लेकर फांसी की सजा को बरकरार रख सकती है या फिर सजा में संशोधन भी किया जा सकता है।

## इजराइल की गाजा पर एयरस्ट्राइक, 413 की मौत



**तेल अवीव।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस्राइल द्वारा आज सुबह किए गए हवाई हमलों में कम से कम 413 लोग मारे गए हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। जिसमें इतने लोगों की मौत हुई है। वहीं हमास ने चेतावनी दी है कि गाजा में इस्राइल के नए हमले युद्ध विराम का उल्लंघन हैं और यह बंधकों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। इसके साथ ही इस्राइल ने लोगों से गाजा पट्टी खाली करने के लिए कहा है। फलस्तीनी अधिकारियों ने हमले में कम से कम 413 लोगों की मौत की जानकारी दी है। मध्य गाजा स्थित अल-अक्सा मार्टर अस्पताल आधारित मंत्रालय के प्रवक्ता खलील देगरान ने मंगलवार सुबह अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराए। कहा जा रहा है जनवरी में युद्धविराम के प्रभावी होने के बाद से यह गाजा में अब तक का सबसे भीषणतम हमला है।


# नीदरलैंड के रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ सिंह

### पाकिस्तान को न दें हथियार और तकनीक

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आने वाले दिनों में भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजनाथ सिंह ने नीदरलैंड के रक्षा मंत्री ने कहा कि वह आतंक को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को हथियार और तकनीक मुहैया न कराए। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि राजनाथ सिंह ने रूबेन बर्केलमैन्स से कहा कि भारत कई साल से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से जूझ रहा है। इसलिए नीदरलैंड पाकिस्तानी सेना को हथियार, उन्नत प्रणालियां न दे और न ही कोई तकनीकी साझा करे। पाकिस्तान को हथियार देना क्षेत्रीय सुरक्षा के



लिए खतरनाक है। भारत के मित्र देशों को आतंक के प्रायोजकों का समर्थन नहीं करना चाहिए। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नई दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की।





18 रमजान. 19.03.2025

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:48 | 06:19 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:41 | 06:29 |

# भारत बन रहा रेल कोच का निर्यातक: वैष्णव

**रेलवे का राहतभरा फैसला**

- **ट्रेन में जितनी सीटें होंगी उतने ही टिकट बेचे जाएंगे**
- **लोकसभा में रेल मंत्री ने दी जानकारी**
- **दस वर्षों में 34 हजार किलो मीटर रेल पटरियां बनी**



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेनों एवं स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को रेलवे की प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि प्रमुख अवसरों पर रेलवे की ओर से अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाता है।

रेलवे स्टेशनों के स्टाफ के लिए नई डिजाइन के कार्ड और यूनिफार्म बनाए जा रहे हैं। रेलवे का यह भी प्रयास है कि ट्रेनों में जितनी सीटें उपलब्ध होंगी, लगभग उतने ही टिकट दिए जाएंगे। स्टेशन डायरेक्टर का नया पद भी बनाया गया है। उनका फोकस ट्रेनों को समय पर चलाने पर भी था। रेल मंत्री रेलवे की अनुदान मांगों पर लोकसभा में विचार के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। इस दौरान पूरे समय कांग्रेस समेत विपक्ष के सभी सदस्य वेल में खड़े होकर हंगामा करते रहे। वे महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य में दिल्ली स्टेशन की भगदड़ की चर्चा न होने का विरोध कर रहे थे। विपक्ष के शोरगुल के बीच रेल मंत्री ने अपना जवाब जारी रखते हुए भारत को रेल कोच का उभरता हुआ निर्यातक बताया। कहा कि बिहार के मढौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले लोकोमोटिव को जल्द कई देशों में निर्यात किया जाएगा। सऊदी अरब और फ्रांस समेत कई देशों में ट्रेनों की बोगियां और उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। भारत में बने मेट्रो कोच को आस्ट्रेलिया भेजा जाता है। जल्द ही तमिलनाडु में बनने वाले रेल पहिए का भी निर्यात किया जाएगा। ट्रेनों के देर से चलने के बारे में विपक्षी सदस्यों की चिंताओं का भी रेल मंत्री ने संज्ञान लिया और समय सारणी के अनुपालन को जरूरी बताया। कहा कि रेलवे के कुल 68 डिवीजन में से 49 में 80 प्रतिशत तक समय सुधार लिया गया है, जबकि 12 डिवीजन ऐसे हैं जहां 95 प्रतिशत मामलों में ट्रेनें लेट नहीं होती हैं। हमारा प्रयास इसमें और सुधार लाने का है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनें चल रही हैं। इनमें मेल और एक्सप्रेस 4,111, पैसेंजर 3,313 और उपनगरीय 5,774 ट्रेनें हैं।

### रेलवे पूरी तरीके से आत्मनिर्भर

अश्विनी वैष्णव ने रेलवे को आत्मनिर्भर बताया और कहा कि कोरोना महामारी के बाद अब रेलवे अपना खर्चा अपने ही राजस्व से पूरा करता है। धीरे-धीरे इसमें और मजबूती आ रही है। राजस्व बढ़ रहा है। दस वर्षों में 34 हजार किलोमीटर रेल पटरियां बनी हैं और 50 हजार किलोमीटर पटरियों की मरम्मत हुई है। अवसंरचना विकास में भी तरक्की हुई है। देश में 12 हजार फ्लाई ओवर एवं अंडरपास बनाए गए हैं। प्रत्येक वर्ष 14 सौ लोकोमोटिव बनाए जा रहे हैं, जो अमेरिका और यूरोप के कुल जोड़ से भी ज्यादा है।

# आधार कार्ड से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र : ईसी

- **केंद्रीय गृह सचिव और मुख्य चुनाव आयुक्त की बैठक में हुआ फैसला**

**नई दिल्ली।** अब मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में यह फैसला लिया गया। मतदाता पहचान पत्र के आधार कार्ड से जुड़ जाने से न सिर्फ फर्जी मतदाताओं की पहचान होगी, बल्कि भविष्य में फर्जी मतदान पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और




यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के अनुसार ही किया जाएगा। सके लिए आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के पुराने निर्णयों का भी हवाला दिया है। कहा गया कि इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग जल्द ही तकनीकी विशेषज्ञों से परामर्श करेगा।

## रूस-यूक्रेन युद्ध: डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन ने फोन पर की बात

# युद्ध विराम समझौते के लिए राजी करना चाहता है अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता शुरू हो गई है। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ डैन स्कैविनो ने ट्वीट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप ओवल ऑफिस में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत कर रहे हैं। बातचीत अच्छी चल रही है और अभी जारी है। बताया जा रहा है कि इस बातचीत के दौरान यूक्रेन युद्ध रोकने को लेकर सहमति बन सकती है। यह अमेरिकी विदेश नीति का पुनर्निर्धारण करने का एक अवसर भी हो सकता है। इससे पहले ट्रंप ने कहा, हम देखेंगे कि क्या हमारे पास मंगलवार तक घोषणा करने के लिए कुछ है। मैं राष्ट्रपति पुतिन से मंगलवार को बात



करूंगा। उन्होंने कहा, सप्ताहांत में बहुत काम किया गया है। हम देखना चाहते हैं कि क्या हम इस युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए भूमि और बिजली संयंत्र बातचीत का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''हम जमीन के बारे में बात करेंगे। हम बिजली संयंत्रों के बारे में बात करेंगे। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने दोनों नेताओं के मंगलवार को बात करने की योजना की सोमवार सुबह पुष्टि की, लेकिन विस्तृत जानकारी देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि हम घटनाओं के पहले कुछ नहीं कहते हैं।



अवधनामा



# भाजपा जिलाध्यक्ष का पद इस बार जातीय समीकरणों में उलझा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अब तक सामान्य वर्ग के दबदबे में रहा भाजपा जिलाध्यक्ष का पद इस बार जातीय समीकरणों में उलझ गया है। इस बार पिछड़ा वर्ग से भी कई नामों की चर्चा बीते कई महीनों से राजनीतिक गलियारों में हो रही है। वहीं आधी आबादी की भी इस पद पर प्रबल दावेदारी को लेकर अलग से पेच फंसा है। इस कारण पार्टी हाई कमान अभी मंथन कर रहा है और किसी भी नाम पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका है दो लोकसभा और आठ विधानसभा वाले सूबे के सबसे बड़े खीरी जिले में बीते एक दशक से भाजपा का वर्चस्व है। इस अवधि में वर्ष 2014 और 2019 में हुए दो लोकसभा चुनावों में पार्टी ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की। हालांकि अभी पिछले वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को दोनों सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा था। अब यहां दोनों सांसद सपा के हैं। हालांकि वर्ष 2017 के बाद से जिले की सभी आठों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा बरकरार है पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव संपन्न होने के कुछ महीनों बाद से ही भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर नए व्यक्ति की ताजपोशी के लिए कवायद शुरू हो गई थी, जिसमें मंडल अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया सबसे पहले शुरू हुई। उसमें भी यहां राजनीतिक खींचतान और पार्टी के ही अलग-अलग गुटों में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर देर से फैसला हुआ।यहां कुल 33 मंडल अध्यक्ष हैं, जिसमें आधे से अधिक मंडल अध्यक्ष चयनित होने पर ही जिलाध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया शुरू हो सकती थी। फरवरी 2025 तक यहां 16 मंडल अध्यक्ष ही घोषित हो पाए थे। एक मार्च को चार और मंडल अध्यक्ष घोषित होने के बाद यहां कोरम पूरा होने पर दो मार्च को जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया हुई थी 16 मार्च को प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा हो गई, पर यहां अभी निर्णय नहीं हो पाया है। इसके पीछे इस बार जातीय समीकरणों को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। पार्टी के विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि इस बार ओबीसी वर्ग की यहां जिलाध्यक्ष पद पर प्रबल दावेदारी है। इसका एक कारण यह भी है कि यहां अब तक पूर्व में सामान्य वर्ग से ही भाजपा जिलाध्यक्ष रहे हैं। चूंकि अन्य पिछड़ा वर्ग पिछले एक दशक में पार्टी का बड़ा वोट बैंक बनकर उभरा है, इस कारण इस बार जिलाध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से मंथन किया जा रहा है उधर महिला जिलाध्यक्ष चुने जाने की भी चर्चाएं चल रही हैं। वहीं पार्टी के जनप्रतिनिधियों का एक धड़ा इस पद पर बदलाव न करने की पैरवी में जुटा है।

## अग्निकांड में आठ घर और उनमें रखा सामान जलकर राख

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के राम वाटिका धाम रामबट्ठी गांव में सोमवार की रात भीषण आग लग गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड में आठ घर और उनमें रखा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन ने अग्निपीड़ितों को तिरपाल और कंबल वितरित किए। साथ ही राशन वितरण कराने के निर्देश पूर्ति निरीक्षक को दिए। आग लगने की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है नगर पंचायत धौरहरा के नवसृजित मोहल्ला राम वाटिका धाम रामबट्ठी में सोमवार रात करीब 11 बजे अचानक आग धधक उठी। आग की लपटें देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में उत्तम, मुद्रिका, सुनीता, सीताराम, रामाधार, पंकज सहित आठ लोगों के घर और उनमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया मंगलवार सुबह तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे। पीड़ितों से मुलाकात कर राहत किट, कंबल व तिरपाल वितरित किए। साथ ही पूर्ति निरीक्षक को तत्काल पीड़ितों को कच्चा राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी ने भी पीड़ितों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। तहसीलदार ने बताया कि नुकसान का आंकलन लेखपाल से कराया जा रहा है। रिपोर्ट मिलते ही सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## आग लगने से घर का सामान जलकर नष्ट

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पढ़ुआ के गांव सेमरा बाजार में मंगलवार दोपहर लगी आग से हेराम मौर्य, परशुराम मौर्य और ध्रुव मौर्य के घर जल गए। उनके घरों में रखा सामान भी जलकर नष्ट हो गया। अग्निपीड़ितों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब ढाई बजे हुआ, जब वे खेतों में काम करने गए थे। घरों पर केवल महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। आग कैसे लगी, इसकी अभी तक जानकारी नहीं हो सकी है। आसपास पक्के मकान होने के कारण आग अन्य घरों तक फैल नहीं पाई, वरना बड़ा अग्निकांड हो सकता था।

# शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को 01 अदद अवैध तंमचा लोहे की राड व चोरी के विभिन्नमाल के साथ किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस टीम द्वारा थाना गोला क्षेत्र मे चोरी के विभिन्न घटनाओ को कारित करने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदी रोड पुराना बाईपास तिराहे से 01 अदद अवैध तंमचा, लोहे की राड व चोरी के विभिन्न मुकदमो से सम्बन्धित माल के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्त ने पूछताछ पर अपना नाम बहारे आलम पुत्र जमील खाँ निवासी हैदराबाद थाना हैदराबाद जिला खीरी उम्र करीब 45 वर्ष बताया। अवैध तमंचे के आधार पर थाना गोला पर मु0अ0सं0 168/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। शातिर अपराधी थाना हैदाराबाद का ।।ऽ है, जिसका ।।ऽ नं0 196 है। उपरोक्त अभियुक्त द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि जनपद लखीमपुर के अलावा सीतापुर व नेपाल के क्षेत्र मे भी चोरी की कई घटना उसके द्वारा कारित की गयी है। अभियुक्त ने पूछताछ मे बताया कि चोरी का माल मो0 अहमद पुत्र रहीम बक्श नि0 महेवागंज थाना कोतवाली सदर खीरी के माध्यम से आर जी ज्वैलर्स निकट संकटा देवी चौकी को बेचता था। दिसम्बर के महीने मे 04 लाख रूपया मो0 अहमद ने चेक के माध्यम से अपने आर्यावर्त बैंक के एकाउन्ट से अभियुक्त बहारे आलम उपरोक्त के जानने वाले के एकाउन्ट मे भेजा था। इस अभियुक्त के कब्जे से थाना स्थानीय पर पूर्व मे पंजीकृत विभिन्न चोरी के मुकदमो से सम्बन्धित चोरी किये गये माल बरामद किये गये। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध नियामनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## भाजपा सेक्टर प्रभारी पर जानलेवा हमला

**लखीमपुर खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव भिलावां निवासी भाजपा सेक्टर प्रभारी रमाकांत मिश्रा व उनके परिवार पर दबंगों ने घर में घुसकर हमला किया। आरोपियों ने मारपीट और फायरिंग की। वहीं, भाजपा नेता के समर्थकों को थार गाड़ी से कुचलने की कोशिश की गई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें आरोपी हाथों में तलवारें और अन्य हथियार लेकर खड़े दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा ने बताया कि सोमवार को उनके दोस्त गांव गदमापुर निवासी जमीर अहमद होली मिलने घर आए थे। आरोप लगाया कि शाम करीब सात बजे गुरमेज सिंह, गुरभेज सिंह, रेशम सिंह, सतनाम सिंह, पवित्र सिंह निवासीगण ग्राम भिलावां, हरजिन्दर सिंह उर्फ पप्पू निवासी ग्राम रामपुर ग्रंट नईबस्ती ने एकराय होकर उनके घर पर धावा बोल दिया। गाली-गलौज करते हुए जमीर के आने का कारण पूछा। इस दौरान गुरमेज सिंह ने रायफल से रमाकांत व उनके परिवार पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। भाजपा नेता व उनके परिजनों ने भागकर जान बचाई शोरशराबा सुनकर जब आसपास के लोग जुटे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। रमाकांत मिश्रा के मुताबिक घटना के कुछ देर बाद घर के पास गाजी मार्केट 74 चौराहा पर पड़ी कुर्सियों पर बैठे उनके समर्थक अवधेश गुप्ता निवासी ग्राम कल्लुआ थाना उचौलिया व अन्य लोगों को जान से मारने की नीयत से दबंगों ने थार गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया था।

## आगरा पुलिस ने कातिल पत्नी का किया खुलासा, प्रेमी के साथ पत्नी ने पति की हत्या के बाद शव मथुरा में फेंका

**आगरा।** आगरा में एक बार फिर पति-पत्नी का रिश्ता शर्मसार हुआ। पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या कर दी और शव को आगरा से मथुरा ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने जब इस मामले की गहनता से जांच की, तो जो सच सामने आया। जानकारी अनुसार आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के रहने वाले जितेंद्र बघेल की शादी नीतू से हुई थी। शादी के बाद उनका एक बेटा हुआ। जितेंद्र जगदीशपुरा में बांस बल्ली का कारोबार करते थे। एक दिन उनके बेटे की आंख में चोट लग गई, जिसके बाद नीतू उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई। अस्पताल में नीतू की मुलाकात एम्बुलेंस ड्राइवर विष्णु से हुई और दोनों में दोस्ती हो गई। विष्णु ने जितेंद्र से भी दोस्ती कर ली और उसके घर और दुकान पर आने-जाने लगा। धीरे-धीरे विष्णु और नीतू के बीच प्रेम संबंध हो गए, जिसकी जानकारी जितेंद्र को हो गई। इसके बाद नीतू ने अपने प्रेमी विष्णु और उसके दोस्त के साथ मिलकर पति जितेंद्र की हत्या की साजिश रची।

मामले में सहायक पुलिस आयुक्त, लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि 11 मार्च को जितेंद्र की गुमशुदगी थाना जगदीशपुरा में दर्ज कराई गई थी। इस बीच फरह में एक शव मिलता है, जिसकी जांच पड़ताल की जाती है, जिसमें यह शव जितेंद्र बघेल का पाया जाता है। जांच में पता लगा कि जितेंद्र की हत्या की प्लानिंग उसकी पत्नी ने ही की थी। जितेंद्र की पत्नी के मित्र विष्णु बघेल और उसके दोस्त अनीश मोहम्मद ने मिलकर जितेंद्र को आल्टो कार में बैठाया था। रास्ते में गमछे से उसकी गर्दन दबा दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। फिर शव को मथुरा जिले के फरह इलाके में फेंक दिया। यह मर्डर प्रेम प्रसंग के चलते एक प्लान के तहत किया गया था। फिलहाल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय कर करेत्तर एवं राजस्व की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कार्यालय परिसर स्थित लघु सभागार में मण्डल स्तरीय कर - करेत्तर एवं राजस्व की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वाणिज्य कर की समीक्षा में बताया गया कि मण्डलीय वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 61 प्रतिशत प्राप्ति कर ली है तथा जनपद आगरा को छोड़कर शेष की लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति संतोषजनक है। मंडलायुक्त ने वाणिज्य कर आयुक्त, आगरा को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें। स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की समीक्षा में बताया गया कि जनपद मथुरा को छोड़कर शेष सभी जनपदों की प्रगति असंतोषजनक है, जिस पर मंडलायुक्त ने एआईजी स्टाम्प को निर्देश दिए कि रजिस्ट्रेशन में लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कर लक्ष्य की प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। जनपद मैनपुरी और आगरा में मार्केट के




अनुसार सर्वे कराकर सर्किल रेट पुनरीक्षित किया जाए। लम्बित स्टाम्प वादों का निस्तारण यथा शीघ्र करना सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग में सभी जनपदों की लक्ष्य के अनुसार प्रगति अच्छी है, परंतु मण्डलायुक्त ने अधिक सुधार लाने एवं जनपद फिरोजाबाद में विशेष ध्यान दिया जाने को कहा। विद्युत की समीक्षा करते हुए सभी अधिशाषी अभियंताओं को निर्देश दिए कि विद्युत देयकों की वसूली के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारी से समन्वय कर प्राप्ति पूर्ण करे और निर्गत आरसी का मिलान भी करें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता मथुरा को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित एचटीपी के लम्बित विद्युत देयकों भुगतान हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार किया जाए तथा उनके माध्यम से भी पत्र भेजा जाए। खनन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी फिरोजाबाद को खनन के प्रकरणों में विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में विविध देय की समीक्षा में बताया गया कि विविध देय की वसूली में मण्डलीय वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष अब तक लगभग 67 प्रतिशत वसूली की जा चुकी है तथा जनपद फिरोजाबाद को छोड़ कर शेष जनपदों में वसूली लक्ष्य के सापेक्ष संतोषजनक नहीं है। ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लम्बित आवेदनों की समीक्षा में बताया गया कि मण्डल स्तर पर अब तक कुल 01 लाख 92 हजार 346 आवेदन पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं और कुल 01 लाख 83 हजार 483 आवेदनों का निस्तारण हो चुका है, जिसमें से कुल 01 लाख 80 हजार 282 आवेदनों का निस्तारण समय सीमा के अंदर किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें और ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों पर सतत् निगरानी रखी जाए।

## आगरा में दबंग ने रंजिश के चलते 11वी के छात्र को गोलीमारी

**आगरा।** आगरा के थाना डौकी क्षेत्र के गांव सैयद में मंगलवार को एक व्यक्ति ने बंदूक से गोली चलाकर एक किशोर को घायल कर दिया। किशोर के सिर में गोली लगी है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलाने वाला भी गांव का ही एवरन है और दबंग प्रवृत्ति का बताया गया है। जिस किशोर के सिर में गोली लगी है, वह सैयद गांव का 17 वर्षीय राकेश कुमार है और 11वीं का छात्र है। राकेश कुमार मंगलवार सुबह अपने माता-पिता और बहन गुड़िया के साथ कहीं से घर की ओर पैदल-पैदल लौट रहा था। इसी दौरान गांव का एवरन बंदूक से निशाना लगा रहा था। इस पर राकेश ने चिल्ला कर कहा, चाचा गोली मत चलाना। राकेश ने कई बार गोली न चलाने को कहा, लेकिन एवरन ने गोली चला दी, जो राकेश के सिर में लगी। वह वहीं पर गिर पड़ा। यह देख साथ चल रहे माता-पिता और बहन चीखने लगे। मौके पर गांव के लोग एकत्रित हो गए। उधर एवरन मौके से भाग खड़ा हुआ। घायल राकेश को उसका बड़ा भाई अस्पताल ले गया। यह भी कहा जा रहा है कि पुरानी रंजिश में किशोर को गोली मारी गई है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस की टीम तत्काल गांव में पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की शुरू कर दी है। उधर अस्पताल में घायल किशोर की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेला का आयोजन 20 मार्च को

**आगरा।** सहायक निदेशक (सेवायोजन) चन्द्रचूड़ दुबे ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आगरा द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 20-03-2025 को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आगरा के परिसर में किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 8 कम्पनियों 500 से अधिक तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों हेतु परीक्षा/साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया को संपादित करेंगी। रोजगार मेले में भाग लेने वाले नियोजकों का विवरण तथा रिक्तियों एवं योग्यता से सम्बन्धित जानकारी रोजगार संगम पोर्टल एवं कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग की ऑफीशियल वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in पर सर्वप्रथम साईन अप करके साईन-इन करेगें तथा इसके उपरान्त अपनी प्रोफाइल पूर्ण करेंगे। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। यह रोजगार मेला पूरी तरह से निःशुल्क है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

## विकास खण्ड बाह मुख्यालय पर कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर अब 21 मार्च को

**आगरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने समस्त दिव्यांगजन को अवगत कराया है कि दिनांक 19.03.2025 को विकास खण्ड बाह के मुख्यालय परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, आगरा के कार्यालय द्वारा पूर्व में चिन्हित दिव्यांगजन को लाभान्वित किये जाने हेतु कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन दिनांक 19.03.2025 को किया जाना था जो अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उक्त वितरण शिविर का आयोजन अब दिनांक 21.03.2025 को किया जायेगा।

## वाहनों का अवैध कटान करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

# यूपी व गैर राज्यों से चोरी के वाहन लाकर करते थे कटान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस व हरियाणा की संयुक्त पुलिस टीम ने यूपी व गैर राज्यो से वाहनो की चोरी करने वाले एवं चोरी किये हुए वाहनो से पार्टस को अलग-अलग करके बेचने वाले तीन शातिर वाहन चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से वाहनो के पार्टस व वाहनो को काटने के औजार बरामद किए है।



थाना नकुड़ प्रभारी अविनाश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके नेतृत्व में थाना नकुड़ पुलिस व हरियाणा पुलिस टीम की संयुक्त टीम ने तीन शातिर वाहन चोरों उस्मान पुत्र इरशाद निवासी मौहल्ला बंजारान कस्बा व थाना नकुड़, जुबैर अहमद पुत्र वसीम अहमद व उवैश पुत्र वसीम अहमद निवासीगण कमेला कालोनी थाना मण्डी को फन्दपुरी नकुड़ रोड पर स्थित एफसीआई का खण्डरनुमा भवन के पास से गिरफ्तार कर लिया। श्री गौतम ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तीन कार के इंजन, 05 बैट्री, 10 खिड़की की कार, गाड़ियों के फुट रेस्ट, दो जोड़ी गाड़ी की सीट, पिकअप गाड़ी, कटे हुए पार्टस, तेल की टंकी, सीट, लाईट व अलग-अलग पार्टस समेत गाड़ी को काटने के औजार बरामद किए गए। श्री गौतम ने बताया कि हरियाणा व नकुड़ पुलिस की संयुक्त टीम पिकअप गाड़ी में लगे जीपीएस की लोकशन को ट्रैक करते हुए फन्दपुरी में बंद पड़े गोदाम में पहुँची थी, जिसे दानिश नाम के व्यक्ति ने किराये पर ले रखा था। जहाँ पर दानिश व उसका अन्य साथी मिलकर नीलामी में खरीदी हुई गाड़ियों की आड़ में चोरी किए गए वाहनो की कटाई करते थे। दानिश ने थाना मण्डी क्षेत्र के रहने वाले दो मजदूरो को भाड़े पर रखा हुआ था जो गाड़ी कटान का कार्य करते थे। उन्होंने बताया कि मुख्य साजिश कर्ता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। जिसको शीघ्र ही गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपियों ने खुलासा किया कि हम तीनों व हमारे दो अन्य साथी मिलकर गाड़ियों को विभिन्न स्थानों से चोरी कर उनको काटकर उनके पार्टस को बेचने का काम करते है। हम लोग नीलामी की गाड़ियों को भी खरीदते है। उन्ही की आड़ में हम चोरी की कार को काटकर पार्टस अलग-अलग कर बेचने का काम करते है। उन्होंने बताया कि हमारे दो अन्य साथी यमुनानगर हरियाणा में भी है, जो वहाँ से गाड़ी लाते है और हम उन्हे काटकर उनके पार्टस को उचित दामो में बेचकर मुनाफा कमाकर आपस में बाँट लेते हैं। जो गाड़ी हमारे साथी हरियाणा से लाये थे उसे हम 17 मार्च को काट रहे थे, कि तभी पुलिस ने हमें पकड़ लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# अवैध संबंधों का विरोध करने पति की ईंटों से कुचलकर हत्या



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत अवैध संबंधों का विरोध करने पर युवक की ईंटों से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार सुबह के समय मौहल्ला माजरी के समीप स्मार्ट सिटी कालोनी में एक खाली पड़े प्लाट पर ग्रामीणों को खून से लथपथ एक युवक का शव पड़ा दिखायी दिया, जिसे देखकर उनके हाथ पांव फूल गए। शव पड़े होने की सूचना पर घटनास्थल पर कस्बेवासियों की भीड़ जमा हो गई। युवक की पहचान 35 वर्षीय सतीश उर्फ काला पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला माजरी बेहट के रूप में हुई। सूचना मिलते ही सीओ बेहट मुनीश चंद्र, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गौकश गिरफ्तार, एक घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर गौकशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिनमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से गौकशी करने के उपकरण, अवैध शस्त्र व 01 बिना नम्बर प्लेट की बाईक बरामद की है।



थाना नानौता प्रभारी सचिन पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 16 मार्च को वादी की तहरीर पर नानौता क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास जंगल से 03 गौवंश की हत्या हो जाने और विगत् 17 मार्च को ग्राम खुडाना के जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने के संबन्ध में थाना नानौता पर धारा 3/5/8 उप्र गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री पूनिया ने बताया आज उनके व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह, लोकेश कुमार, धीरज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तिलफरा चैक पोस्ट पर वाहनों की चैकिंग शुरू की थी, तभी ग्राम भोजपुर की तरफ से बिना नम्बर प्लेट की बाईक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर रुकने का ईशारा किया गया। तभी बाईक सवार हड़बड़ाहट में गांव चन्देना की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम को नजदीक आता देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान जावेद पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला गुलशन नगर आजाद चौक थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के रूप में हुई। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर गन्ने के खेत में भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने फरार बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान मौ.फुरकान पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला काजीवाडा आजाद चौक थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के रुप में हुई है।

# चाचा का कत्ल: छोटी सी गलती से सामने आया भतीजे का चौंकाने वाला सच

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली के थाना कोतवाली क्षेत्र में सिकलापुर चौराहे के पास घर में सो रहे 62 वर्षीय दयाशंकर की सगे भतीजे ने संपत्ति के विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुनियोजित तरीके से रविवार आधी रात के बाद की गई और अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट करा दी। पुलिस ने लगातार 15 घंटे जांच के बाद हकीकत का पता कर लिया। आरोपी मंगलवार को जेल भेजा जाएगा।



रविवार रात एक बजे रितिक नाम के युवक ने कोतवाली में दीवान को कॉल करके अपने चाचा दयाशंकर की हत्या की सूचना दी। सिकलापुर चौराहा घटनास्थल बताया गया जो कोतवाली से महज आधा किमी दूर था। सूचना से पुलिस हैरान रह गई।

इंस्पेक्टर अमित पांडेय व सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। यहां बुजुर्ग का शव उनके बिस्तर पर रक्तरंजित पड़ा मिला। रितिक ने जो बातें बताई वह चौंकाने वाली थीं। उसने पांच लोगों के नाम बताए। कहा कि यह लोग उसे मारने आए थे और उसके चाचा को धोखे में गोली मारकर चले गए।

**15 घंटे की जांच में चौंकाने वाला खुलासा**

इन पांच लोगों में नीरज, अमित, सचिन, वासू व अप्पू शामिल थे। इनमें अमित व सचिन आपस में सगे भाई थे। एसपी सिटी मानुष पारीक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने निर्देश दिया तो पुलिस ने रात में ही इन लोगों को इनके घर से पकड़ लिया। अधिकांश लोग घरों में बेफिक्र होकर सो रहे थे। पुलिस ने इनसे पूछताछ व सभी तरीकों से जांच शुरू कर दी। लगातार ऐसी जानकारियां सामने आती गई कि रितिक की ही गर्दन पर फंदा कसता चला गया। करीब 15 घंटे तक चली जांच में मामले का खुलासा हो गया। रितिक ने आरोप कबूल कर लिया।

**चाचा के साथ दुश्मनों को भी ठिकाने लगाने के लिए रची थी साजिश**

बरेली के सिकलापुर में अपने चाचा की हत्या करने वाले रितिक ने एक तीर से दो निशाने साधने की हरसंभव कोशिश की। वह चाहता था कि चाचा की हत्या कर संपत्ति कब्जा ले और उनकी हत्या में दुश्मनों को जेल भिजवा दे, हालांकि घटनास्थल पर पहुंचते ही उसकी कारस्तानी की परतें खुलती चली गईं। सीसीटीवी फुटेज में वह बिजली काटता नजर आ रहा है। इसके कारण घर में लगे कैमरे बंद हो गए थे। सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव व कोतवाल अमित पांडेय ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो रितिक के घर में अंदर-बाहर छह सीसीटीवी कैमरे लगे थे। जिस कमरे में दयाशंकर का शव बिस्तर पर पड़ा था, वहां भी कैमरा लगा था। तब लगा कि हत्यारोपी फुटेज में आ ही गए होंगे।

**काटी घर की बिजली**

रितिक से डीवीआर दिखवाने के लिए कहा तो उसने बताया कि नीरज और उसके साथियों से 15 मार्च को उसका प्रेमनगर में झगड़ा हुआ था। उन लोगों ने उसकी हत्या की धमकी दी थी। एक दिन पहले ये लोग उसका दरवाजा तोड़ गए। इसलिए वह जानबूझकर घर से चला गया था। रितिक ने बताया कि आरोपियों ने घर में आते ही उसके घर की लाइट बिजली काट दी, इससे सभी कैमरे बंद हो गए। उसने घर लौटकर ये घटना देखी तो तार जोड़कर पहले बिजली चालू की फिर पुलिस को सूचना दे दी।

**22 मिनट के लिए बंद हुए कैमरे**

यहीं से रितिक पुलिस के रडार पर आ गया। पुलिस ने रास्ते के दूसरे सीसीटीवी चेक किए तो इसी 22 मिनट की अवधि में रितिक के घर आने व जाने की पुष्टि हो गई। यहां तक कि लाइन काटते वक्त की फुटेज मिल गई। सर्विलांस ने भी पुलिस की मदद की, आरोपियों का घटनास्थल से दूर तक वास्ता नहीं मिला। दुकान बेचने की जुगत में थे दयाशंकर पुलिस को पता लगा कि दयाशंकर खाने-पीने के शौकीन थे। इसी वजह से उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी।

वह अपने बड़े भाई (रितिक के पिता) के साथ संयुक्त परिवार में रहते थे। घर के नीचे बनी तीन दुकानों में एक उनके हिस्से में थी। इसे बेचने का उन्होंने सौदा कर पेशगी में तीस हजार रुपये ले लिए थे।

# टीबी उन्मूलन के लिए चल रही है जनजागरूकता की मुहिम : डॉ आशुतोष

## आगामी चौबीस मार्च को मनाया जाएगा विश्व टीबी दिवस

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने कहा है कि ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एक्शन अगेंस्ट स्टिगमा (आस) अभियान के जरिये टीबी उन्मूलन के लिए जनजागरूकता की मुहिम चला रहा है। इसी क्रम में 12 मार्च से ही निर्धारित कलेंडर के अनुसार विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह गतिविधियां आगामी चौबीस मार्च तक आयोजित की जाएंगी। चौबीस मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाएगा।

डॉ दूबे ने बताया कि उन्नीस मार्च को वर्चुअल बैठक के जरिये टीबी उन्मूलन संबंधित गतिविधियों और अनुभवों का साझा किया जाएगा। बीस मार्च को उच्च जोखिम आबादी के साथ बैठकें होंगी और संभावित टीबी रोगियों की खोज के लिए स्क्रीनिंग की जाएगी। इक्कीस मार्च को सोशल मीडिया एन्फ्लुएंशर्स के जरिये अपील और प्रचार प्रसार की गतिविधियां होंगी। बाईस मार्च को नुक्कड़ नाटक और ड्रामा के जरिये टीबी के प्रति व्याप्त भ्रांतियों और मिथकों का खंडन किया जाएगा। तेईस मार्च को पुनः वर्चुअल बैठक के जरिये चर्चा होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विश्व टीबी दिवस पर पूरे देश समेत गोरखपुर में भी बृहद आयोजन किया जाएगा।

इस दिन टीबी उन्मूलन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और टीबी चैम्पियन को सम्मानित भी किया जाएगा। डॉ दूबे ने बताया कि भय और भ्रांति के कारण नये टीबी मरीज सामने नहीं आते हैं जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। एक गैर उपचाराधीन टीबी मरीज एक वर्ष में दस से पंद्रह स्वस्थ लोगों को टीबी से संक्रमित कर देता है। वहीं, अगर समय से टीबी का उपचार शुरू हो जाए तो तीन से चार हफ्ते बाद उपचाराधीन मरीज से संक्रमण की आशंका नहीं रह जाती है। लोगों तक सही संदेश पहुंचा कर भेदभाव और कलंक की दुर्भावना को समाप्त करना है ताकि टीबी का उन्मूलन किया जा सके।

**ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया 12 मार्च से कर रहा है विविध गतिविधियों का आयोजन**

## यूपीएस के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली हेतु डीजल लॉबी का हुआ विरोध प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ संबद्ध एनएफआईआर(नई दिल्ली) के आह्वानपर यूपीएस के विरोध और पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय विरोध सप्ताह - 17 से 21 मार्च तक विरोध सप्ताह के तहत डीजल लॉबी पर कर्मचारी सभा का आयोजन किया। यूपीएस के विरोध में सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी और पदाधिकारी लामबंद थे और कार्यक्रम में शामिल हुए तथा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सभा को पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियो सहित पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री और सहायक महामंत्री एनएफआईआर विनोद राय ने संबोधित किया उन्होंने कहा की प्रत्येक कर्मचारी को ओपीएस के बराबर पेंशन लाभ की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में कमियों को ठीक करें। अन्यथा पुरानी पेंशन योजना लागू करें।रेलवे में पदों के सृजन पर प्रतिबंध हटाएं और नए पदों का सृजन सुनिश्चित करें। रेलवे में पदों को समाप्त करना बंद किया जाए।रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदंडों को लागू किया जाए और अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। एनएफआईआर पीएनएम में लंबित लोको पायलट के मुद्दों को तत्काल हल किया जाए।

## अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह द्वारा थाना कादरी गेट का वार्षिक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह द्वारा थाना कादरीगेट का वार्षिक निरीक्षण कर थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, CCTNS, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, संपत्ति, शस्त्र, हवालात, थाना परिसर, भवन, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## 10 को आयोजित होगा बेस्ट ऑफ़ बस्ती अवॉर्ड्स

**बस्ती।** बस्ती जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित करने और उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने लाने के उद्देश्य से बेस्ट ऑफ़ बस्ती अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन 10 अप्रैल को किया जाएगा। यह कार्यक्रम बस्ती के उन व्यक्तियों के योगदान को मान्यता देगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, समाज सेवा, कला एवं संस्कृति, व्यवसाय, खेल, उद्यमिता एवं स्टार्टअप, सिविल सेवा, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, साहित्य, महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व, कृषि, पत्रकारिता, विधि, सोशल मीडिया, राजनीतिक क्षेत्र, दिव्यांग सशक्तिकरण, विनिर्माण एवं उद्योग, आईटी और डिजिटल नवाचार, स्वच्छता आदि क्षेत्रों में योगदान देने वाली महान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25–2nd Call |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रैक्शन इंस्टालेशन स्ट्रक्चर पर बंदर को चढ़ने से रोकने के लिए मंकी प्रोन एरिया में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस को लगाने का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 88,99,512.00 |
| 4. | बयाना राशि | रू. 1,78,000.00/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 11.04.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: **1.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या "वी" जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है। **2.** निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means Supply/Erection or both of anti-monkey menace device or anti bird nest device or OHE Number Plate or Bonds or any OHE Work- **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं०: टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25–2nd Call दिनांक: 17.03.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 837/25

## नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत का भाजपायों ने किया जोरदार स्वागत



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र राजपूत का भोजपुर विधानसभा के मोहम्मदाबाद व नीम करोली मंडल में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र राजपूत भोजपुर विधानसभा के मोहम्मदाबाद मंडल में पहुंचे जहां पर मोहम्मदाबाद मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह राठौर के नेतृत्व में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने मोहम्मदाबाद चौराहे पर नवनिर्वाचित जिलाअध्यक्ष का माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया एवं मिष्ठान वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम योगी- मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। व्यापारी नेता प्रदीप कौशल उर्फ सवली के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा के संगठन की यह खूबी है कि वह अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को संगठन में कार्य करने का अवसर देती है। मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को संगठन का दायित्व दिया है जिसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया जाएगा।

## गुमशुदा मोबाइल स्वामियों को किये सुपुर्द



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 71 अदद गिरे/खोये विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 12 लाख 22 हजार 966 रुपये बताई गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा CEIR पोर्टल पर खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु दिये गये आदेश- निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील के निर्देशन में सर्विलांस सेल व थानों की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के कुल 71 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन कीमत करीब 12 लाख 22 हजार 966 रुपये बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। वही मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील द्वारा पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में बरामद शुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एसएसपी अलीगढ़ व स्वाट/सर्विलांस टीमों को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा, अर्थदंड भी लगा

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** करीब नौ साल पहले नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय विशेष पाक्सो अजय गुप्ता की न्यायालय ने दुष्कर्मी को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 35 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित भी किया है। बता दें कि कुशीनगर पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा दिलाई जा रही है जिसके क्रम में थाना पटहेरवा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-700/2015 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा मंगलवार को नीरज पुत्र रामबदन निवासी मेहदिया थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिद्ध करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 35,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक उ.नि. चन्द्रेश यादव, अभियोजन अधिकारी- एसपीपी अजय गुप्ता (न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट नं.1 जनपद कुशीनगर), थानाध्यक्ष पटहेरवा दीपक कुमार सिंह, पैरोकार हे.का. ब्रह्मदेव यादव थाना पटहेरवा का सराहनीय योगदान रहा है।


## डीएम ने बीएलए की नियुक्ति एवं मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए राजनैतिक दलों के साथ की बैठक



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची के शुद्धीकरण एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई। डीईओ ने सभी राजनैतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल बनाए जाने के संबंध में सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची जितनी साफ-सुथरी एवं शुद्ध होगी निर्वाचन प्रक्रिया उतनी ही सरल होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता शुद्धीकरण में बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बीएलए नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाने, दोहरे पंजीकरण को रोकने, मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने, मतदाताओं को जागरूक करने एवं घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन कार्य में बीएलओ की मदद करते हैं। बैठक में पाया गया कि समाजवादी पार्टी एवं अन्य दलों द्वारा किसी भी बीएलए को नियुक्त किए जाने की सूचना उपब्ध नहीं कराई गई है, वहीं बीएसपी ने इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य किया है। बीजेपी को कुछ विधानसभाओं में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। डीईओ ने राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि वह बूथ लेबिल एजेंट की नियुक्ति कर सूचना उपलब्ध कराएं। बीएलए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है।

## पीडीए समाज और संविधान की लड़ रही है लड़ाईः सर्वेश

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी अपने मिशन 27 को लेकर अभी से बड़ी जोरों से तैयारी कर रही है हर ब्लॉक, पंचायत और बूथ पर पहुंच सपा नेता चौपालें लगाकर सरकार पर हमलावर हो रहे हैं, और सरकार की कमियों को उजागर कर रहे हैं। इसी के चलते फर्रुखाबाद की कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के नगला फॉर्म, सुल्तानपुर में समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष मुन्नालाल कठेरिया और उदयवीर जाटव द्वारा आयोजित पीडीए जनपंचायत में कायमगंज विधानसभा के पूर्व मंत्री पूर्व सपा प्रत्याशी, प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर ने आयोजित पीडीए जनपंचायत को संबोधित करते हुए पीडीए समाज को अपना एकजुट परिवार बताया और सरकार पर धावा बोल दिया। उन्होंने हक और अधिकार की लड़ाई करने की बात कही और अपने हक को छीने जाने की भी बात कही। पूर्व मंत्री सर्वेश आंबेडकर ने समाजवादी पार्टी और इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सराहना की। उनके अनुसार, सपा और अखिलेश यादव पीडीए समाज और संविधान के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जहाँ विभिन्न पार्टियां और नेता अपने कार्यों और विचारों के माध्यम से सामाजिक न्याय और संविधान की सुरक्षा की ओर इशारा करते हैं। वहीं सर्वेश आंबेडकर भी इस लड़ाई को बचपन से आख़िरी अंतिम समय तक लड़ने की बात करते हैं।

## संस्कार भारती के तत्वावधान में होलिकोत्सव सम्पन्न




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** संस्कार भारती संस्था द्वारा होली मिलन समारोह-2025 के उपलक्ष्य पर, लोक गीत एवं फूलों की होली समारोह आनन्द पूर्वक एवं हर्ष के साथ संपन्न हुआ। श्रीराधा कृष्ण मंदिर गल्ला मंडी उरई, में संस्था का कार्यक्रम, भव्य रूप से मनाया गया। मुख्य अतिथि महंत राहुल महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण एवं आरती की गई।इसके पश्चात संस्था का ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया ,मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ0 एस.पी. बुधौलिया जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उनके द्वारा संस्था एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। राधा और कृष्ण की अद्भुत झाँकीपर फूलों की बारिश के उपरांत फूलों की होली खेली गई ।कार्यक्रम में आये हुए बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों ने अत्यंत भावपूर्ण, मनमोहक, एक से बढ़कर एक नृत्य और गीत की प्रस्तुतियाँ दीं एवं कार्यक्रम को आनन्द के रस से सराबोर कर दिया।सभी ने इत्र और फूलों की होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में डॉ. एस.पी. बुधौलिया, श्री मेवालाल गुप्ता , श्री रमेश चंद्र मिश्रा, श्री नरेश तरसोलिया, श्री मती किरण तरसोलिया, श्री मुकेश बाबू सक्सेना, श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, श्री अश्विनी पुरवार, अमृता सक्सेना, महक सोनी, ईशा सोनी, रितिका सोनी एवं मंदिर परिसर के कार्यकर्ता और अन्य कला साधक उपस्थित रहे,और होली मिलन समारोह को सफल बनाया। संस्कार भारती का उद्देश्य कला एवं साहित्य को, जीवित रखते हुए सभी के अन्दर संस्कार रूपी प्रकाश भरना है ,और संस्था आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम करती रहेगी।

## महिला जनसुनवाई 19 मार्च को

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह 19 मार्च 2025 को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पूर्वाह्न 11 बजे महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

लखनऊ मंडल

संख्या: 230–वि०/क०वि०/लख०/54

**सार्वजनिक सूचना**

**लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे में समपार फाटकों पर 25 केवी एसी सहायक ट्रांसफार्मर के विद्युतीकरण के संबंध में**

रेलवे यह सूचना उत्तर रेलवे के निम्नलिखित सेक्शन में स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को दी जाती है कि निम्नलिखित 12 समपार फाटकों पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज का सहायक ट्रांसफार्मर निर्धारित तिथि के अनुसार ऊर्जीकृत किया जाएगा। निर्धारित तिथि से, इन समपार फाटकों पर सहायक ट्रांसफार्मर को सदैव ऊर्जीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति इन ओवरहेड लाइनों और समपार फाटकों के निकट न जाए और न ही कोई कार्य करें।

**समपार फाटक संख्या एवं स्थान**

समपार फाटक संख्या 201 (MLJ-UTR स्टेशनों के बीच, लोकेशन 1057/13–15 एवं 1057/14–16), 87 (ABP-KTHE स्टेशनों के बीच, लोकेशन 914/25–27 एवं 914/26–28), 29 (PRF-BOY स्टेशनों के बीच, लोकेशन 810/1–3 एवं 810/2–4), 105 (TLKH-AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 939/5–7 एवं 939/6–8), 107 (TLKH-AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 941/25–27 एवं 941/ 26–28), 114 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 950/13–15 एवं 950/14–16), 115 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 951 /11–13 एवं 951/12–14), 117 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 953/15–17 एवं 953/16–18), 118 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 954/17–19 एवं 954/18–20), 123 (VAI-JIS स्टेशनों के बीच, लोकेशन 962/1–3 एवं 962/2–4), 130 (JIS-FTG स्टेशनों के बीच, लोकेशन 973/1–3 एवं 973/2–4 ) एवं 4 (PFM-ARP स्टेशनों के बीच, लोकेशन 8/14–15), लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे

**उर्जा प्रवाह की तिथि: 22.03.2025**

**25000 वोल्ट ए० सी० कर्षण को चालू करने के सम्बन्ध में**

**"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"**

चेतावनी

जन साधारण को सूचित किया जाता है की उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे के 12 समपार फाटकों पर 25 केवी एसी सहायक ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत किए जाने के क्रम में, निम्नलिखित समपार फाटकों पर हाइट गेज लगाए गए हैं। इन हाइट गेज की अधिकतम ऊँचाई सड़क स्तर से 4.78 मीटर निर्धारित की गई है, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार लाइव ट्रैक्शन तारों के संपर्क में आने या उनके खतरनाक निकटता में जाने से रोका जा सके।

जन साधारण को यह भी सूचित किया जाता है की वाहनों की लदान के प्रायोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें की सड़क वाहन में ढोए जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई मापक का का अतिलंघन ना करें।

**समपार फाटक संख्या एवं स्थान**

समपार फाटक संख्या 201 (MLJ-UTR स्टेशनों के बीच, लोकेशन 1057/13–15 एवं 1057/14–16), 87 (ABP-KTHE स्टेशनों के बीच, लोकेशन 914/25–27 एवं 914/26–28), 29 (PRF-BOY स्टेशनों के बीच, लोकेशन 810/1–3 एवं 810/2–4), 105 (TLKH- AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 939/5–7 एवं 939/6–8), 107 (TLKH-AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 941/25–27 एवं 941/ 26–28), 114 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 950/13–15 एवं 950/14–16), 115 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 951 /11–13 एवं 951/12–14), 117 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 953/15–17 एवं 953/16–18), 118 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 954/17–19 एवं 954/18–20), 123 (VAI-JIS स्टेशनों के बीच, लोकेशन 962/1–3 एवं 962/2–4), 130 (JIS-FTG स्टेशनों के बीच, लोकेशन 973/1–3 एवं 973/2–4 ) एवं 4 (PFM-ARP स्टेशनों के बीच, लोकेशन 8/14–15), लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे

**उर्जा प्रवाह की तिथि: 22.03.2025**

अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैं:

1. ऊंचाई मापकों के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक समीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन हानि का खतरा।

**वरि० मंडल विद्युत् अभियंता,**
**कर्षण वितरण, उत्तर रेलवे, लखनऊ**
**भारत के राष्ट्रपति की ओर से**

826/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आबकारी एक्ट के तहत नष्ट की 15 लाख की अवैध शराब



शराब नष्ट करती पुलिस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कप्तानगंज पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत बरामद अवैध अंग्रेजी शराब कुल 4752 लीटर जिसका अनुमानित कीमत 15 लाख 84 हजार रुपए है, न्यायालय के आदेश पर नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने मालखाने से आबकारी अधिनियम के तहत बरामद की गई अवैध शराबों को यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कप्तानगंज पर न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक धनबीर सिंह, अपराध निरीक्षक भुपेन्द्र कुमार दूबे, सूर्यभान यादव थाना कप्तानगंज, राकेश कुमार मिश्रा, अशोक राय थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर, अजय राव तहसील कप्तानगंज जनपद कुशीनगर आदि की उपस्थिति में थाना परिसर में जेसीबी से गढ्ढा खुदवा कर आबकारी अधिनियम में बरामद अवैध अंग्रेजी शराब को नियमानुसार नष्ट करवाया गया। नष्ट किए गए बरामद अवैध क्रेजी रोमियो व्हिस्की शराब कुल 4752 लीटर कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख 84 हजार रुपए है।

## कप्तानगंज थाने में लावारिस 20 वाहनों की हुई नीलामी

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना परिसर में खड़ी लावारिश 20 दो पहिया वाहनों की नीलामी की गई। इस नीलामी से 73 हजार रुपए आया के रूप में प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने मालखानों में लावारिश में कई वर्षो से निरुद्ध वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व उपजिलाधिकारी कप्तानगंज कुशीनगर के द्वारा निलामी की तिथि निर्धारण के क्रम में तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश कुमार के नेतृत्व में थाना कप्तानगंज के माल मुकदमाती से संबंधित 20 दो पहिया वाहन लावारिश में दाखिल माल निस्तारण अभियान में नीलामी की प्रकिया मंगलवार को की गई जिसमें लगभग 73 हजार रुपए आय प्राप्त हुई।

## न्यायालय सूचना

मा.सिविल जज जू0डि0 नगर सहारनपुर वाद सं0 225 सन 2024 ,1.मांगेराम पुत्र श्री जयपाल सिंह नि.ग्राम सुल्तानपुर प0 तह0व ज़ि0 सहारनपुर 2. पार्थ ग्रोवर पुत्र श्री जितेन्द्र ग्रोवर नि0 देहरादून रोड, गोविन्द विहार, सहारनपुर..(वादी)...बनाम ..विक्रम सिंह पुत्र श्री भुवन प्रकाश नि0 म0 न0 5/1260 शक्ति नगर, कोठिया, सहारनपुर(प्रतिवादी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत वसीयत मंसूखी के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता कि आप असालतन या वकालतन दि0 20.3.25 को दस बजे दिन न्याया0 में हाज़िर हो कर अपना जवाब दावा/उज़र पेश करें आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह दस्तावेज़ पेश करें इत्तिला दी जाती है कि बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा। आज दिनांक 26.2.25 को मेरे द्वारा जारी किया गया

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज (जू0डि0)नगर, सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश, सहारनपुर लघुवाद संख्या- 612 सन 2025 इस्लामुद्दीन पुत्र हाजी नेकख्याल निवासी मौहल्ला आली आहनग्रान, निकट एक मीनारा मस्जिद शहर सहारनपुर( वादी)...बनाम इकराम पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला जिक्रियाबाद, निकट फात्मा मस्जिद साबरी का बाग, शहर सहारनपुर। प्रतिवादी ...हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप बतारीख 25-3-2025 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने गवाह वा तमाम दस्तावेज जो आप सभी जवाबदेही के ताईद में इस्तेमाल कराना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के 3 मार्च 2025 को जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम**

## न्यायालय सूचना

न्याया.मा.लघुवाद न्यायाधीश,सहारनपुर लघुवाद सं. 615 सन् 2025 इस्लामुद्दीन पुत्र हाजी नेकख्याल निवासी मौहल्ला आली आहनग्राम, निकट एक मीनारा मस्जिद सहारनपुर। वादी....बनाम....अखलाक पुत्र अब्दुर्रहमान निवासी मौहल्ला जिक्रियाबाद, निकट फारना मस्जिद साबरी का बाग, शहर सहारनपुर। (प्रति.)हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप दि.25-3-2025 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके गा जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवाजात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें लाजिम है कि उसी रोज अपने गवाहों को तमाम दस्तावेज जो आप सभी जवाबदेही के ताईद में इस्तेमाल कराना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर न्याय. से जारी किया गया है।

**आज्ञा से मुंसरिम**

## सूचना

मैं जावेद अख्तर पुत्र जहीर निवासी निकट बिलाल मस्जिद सराय अहमद अली थाना मण्डी जिला सहारनपुर सूचित करता हूं कि मेरा भाई मौ. फैसल पुत्र जहीर निवासी मौहल्ला सराय अहमद अली थाना मण्डी सहारनपुर गलत संगत मे पड गया है उसका आचरण भी अच्छा नहीं है अतः मैंने उससे अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिऐ हैं मैं उसके किसी भी कार्य और लेन देन हेतु ज़िम्मेदार नहीं हूंगा।

## सूचना

मैं श्रीमति गुलशन पत्नि नवाब निवासी गली नम्बर 16 चाँद कालोनी नूर मस्जिद के पास थाना मण्डी जिल सहारनपुर सूचित कर रही हूं कि मेरा भाई मौ. फैसल पुत्र जहीर निवासी मौहल सराय अहमद अली थाना मण्डी सहारनपुर गलत संगत में रहकर पूरे परिवार को तंग वे परेशान करता है समझाने पर गाली गलौज और लडाई करता है इसलिए मैंने भाई से सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य मैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

# त्रिवेणी सदन में भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने दरवाजा तोड़कर आग बुझाई, जांच शुरू



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या के राम पथ स्थित त्रिवेणी सदन में आज सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना के बाद, आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन टीमों को तैनात किया गया। आग की भीषणता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को दरवाजे तोड़कर अंदर घुसना पड़ा।सीएफओ महेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड कर्मियों को काफी मेहनत करनी पड़ी। त्रिवेणी सदन की तीसरी मंजिल के डोरमेट्री एरिया में आग लगी थी, और सभी दरवाजे बंद थे, जिससे आग बुझाने में कठिनाई आई। इस घटना से यह संकेत मिलता है कि कुछ लापरवाही बरती गई थी।

**अयोध्या विकास प्राधिकरण की जांच की घोषणा**

आग लगने के बाद, अयोध्या विकास प्राधिकरण ने घटना के कारणों की जांच की घोषणा की है। सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि त्रिवेणी सदन को अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बनवाया गया था, और इसमें सभी जरूरी एनओसी और अग्निशमन उपकरण मौजूद थे। हालांकि, सुख सागर संस्था इस बिल्डिंग का संचालन कर रही थी, और यदि उनकी तरफ से किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सुख सागर संस्था की जिम्मेदारी**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि बिल्डिंग बायलॉज के मुताबिक बनाई गई थी और फायर एनओसी भी ली गई थी। सुख सागर हॉस्पिटैलिटी को इस बिल्डिंग के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई थी। प्राधिकरण का कहना है कि यदि सुख सागर संस्था की ओर से किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो उनकी जिम्मेदारी तय करने के लिए जांच की जाएगी।

# अवध विवि की एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा 19 से

## 14 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 19 मार्च से दो पालियों में शुरू होगी, जो 26 मार्च तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न जनपदों में 14 केन्द्र बनाये गए जिसमें 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराने के लिए सभी केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 19 मार्च से शुरू होकर 26 मार्च तक चलेगी। दो पालियों की एलएलबी परीक्षा में 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें एलएलबी त्रिवर्षीय में 15,614 व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा में 5989 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिया गया है। सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जहीर हसन का निधन, कांग्रेस जनों में शोक की लहर

**अयोध्या।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीकापुर निवासी पीसीसी सदस्य जहीर हसन के निधन पर कांग्रेस जनों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री जो अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए दिल्ली गए हुए हैं । उन्होंने दूरभाष पर जहीर हसन चाचा के निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा बीकापुर में कांग्रेस के एक युग का अंत हो गया ।उनका मार्गदर्शन सही गलत के संबंध में उनके निर्देश हमेशा सर आंखों रहा है ,एक सच्चा हित चिंतक और सच्चा कांग्रेसी हमने खोया है जिसकी कमी हमेशा खलेगी ।जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ,अशोक सिंह ,रामदास वर्मा ,पीसीसी सदस्य चेतनारायण सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार पांडे, पीयूष राय, मोहम्मद अहमद ने उनके गांव कूड़ा पहुंचकर स्वर्गीय जहीर चाचा को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा स्वर्गीय जाहिर चाचा की कमी हमेशा खलेगी।

# नई दिल्ली में खाकी वाले गुरुजी रणजीत को एक्सीलेंस अवार्ड 2025

**अयोध्या।** भारतीय जन सेवा मिशन द्वारा रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में अयोध्या के उपनिरीक्षक रणजीत यादव को ÷खाकी वाले गुरुजी के नाम से सम्मानित किया गया।

उन्हें उनके समाजसेवी कार्यों के लिए एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से नवाजा गया। यह पुरस्कार पूर्व मंत्री डीपी यादव और इंजीनियर लख्मी चंद ने प्रदान किया।

रणजीत यादव ने 2021 से अयोध्या के जयसिंह वार्ड की मलिन बस्ती के 75 बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का कार्य शुरू किया और उन्हें किताबें, स्टेशनरी, वस्त्र, चप्पल जैसी जरूरी चीजें भी प्रदान कीं। उनके प्रयासों से 28 बच्चों का एडमिशन नजदीकी सरकारी स्कूल में करवाया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद रणजीत यादव ने कहा, ÷किसी की जिंदगी बदलने का सबसे अच्छा तरीका उसे शिक्षा से जोड़ना है।

# 35 वर्ष पूर्व के मुकदमें में फरार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को गंभीर चोट पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं से सम्बन्धित अभियुक्त अमर सिंह पुत्र रामशिरोमणि निवासी भेलावं थाना बारा जनपद प्रयागराज को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय द्वारा पूर्व में अभियुक्त के विरूद्ध गैर जमानतीय वारण्ट उसके बाद 82 सीआरपीसी का आदेश एवं वर्तमान में कुर्की वारण्ट जारी किया गया था।

# केएम शुगर मिल मसौधा में पानी की टंकी गिरने से मलबे में दबे तीन मजदूर, एक की मौत, दो घायल



**अयोध्या।** जनपद के थाना पूराकलंदर क्षेत्र स्थित केएम शुगर मिल मसौधा में एक घटना घटी, जब एक पानी की टंकी गिरने से तीन मजदूर मलबे में दब गए। इस हादसे में दो मजदूरों को तो बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक मजदूर, प्रवेश रावत की मौत हो गई।घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। एसडीएम सदर विकास धर दूबे और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचे और घायल मजदूरों के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए।पानी की टंकी गिरने के बाद केएम शुगर मिल में अफरातफरी मच गई थी, और राहत कार्य तेजी से चलाया गया। इस हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने इस घटना के लिए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है और मजदूरों के परिवारों को मदद देने का आश्वासन दिया है।

# फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे मंदिर में चोरी का प्रयास, चोर की तलाश जारी



**अयोध्या।** फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे स्थित क्षत्रिय बोर्डिंग के सामने पीपल के पेड़ के नीचे बने एक छोटे से मंदिर में चोरी की कोशिश की गई। सोमवार और मंगलवार की रात अज्ञात चोर ने मंदिर के घंटा चोरी करने का प्रयास किया, जिससे मंदिर को नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह और नगर कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्थानीय लोगों की सूझबूझ के कारण घटनास्थल पर शांति बनी रही।

**मंदिर का इतिहास और घटना**

क्षत्रिय बोर्डिंग के सामने स्थित पीपल के पेड़ के नीचे इस मंदिर की पूजा कई वर्षों से होती आ रही है। ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान इस पेड़ को छोटा कर दिया गया था और यहां एक चबूतरा बना कर मंदिर का निर्माण किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार और मंगलवार की रात एक चोर घंटा चोरी करने का प्रयास कर रहा था, जो भारी होने के कारण नीचे गिरकर मंदिर को नुकसान पहुंचा गया।सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह और नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पाण्डेय ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और आरोपी की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। स्थानीय लोगों ने मिलकर मंदिर के टूटे हिस्से की मरम्मत शुरू कर दी है। सीओ सिटी ने कहा कि इस प्रकरण में किसी भी तरह की शिकायत नहीं की गई है और शांति पूरी तरह से कायम है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और चोर की तलाश जारी है।

# जिला पंचायत परिषद महराजगंज की बैठक 19 मार्च को

**महराजगंज।** जिला पंचायत परिषद महराजगंज की बैठक 19 मार्च 2025 को दोपहर 1:30 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित होगी। अपर मुख्य अधिकारी अभय सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में महराजगंज के सांसद एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी शामिल होंगे। इसके अलावा, स्थानीय विधायकगण, जिला पंचायत सदस्य और विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे।

# दो विकासखंड अधिकारियों के तबादले

**महराजगंज।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने दो खंड विकास अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से सदर ब्लॉक में जमे अतुल कुमार को फरेंदा का खंड विकास अधिकारी बनाया गया है जबकि फरेंदा के खंड विकास अधिकारी श्रीकांत शुक्ल को सदर ब्लॉक की जिम्मेदारी दी गई है।

# ओ. एन. एकेडमी में डिजिटल बोर्ड का भव्य उद्घाटन, शिक्षा में नई क्रांति

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** शिक्षा में नवीन तकनीकों के समावेश की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए ओ. एन. एकेडमी में डिजिटल बोर्ड का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष राम गोपाल पांडेय, विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडे, शिक्षकगण, अभिभावक और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**डिजिटल बोर्ड से शिक्षा में नई क्रांति**

विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडे ने उद्घाटन के दौरान कहा कि डिजिटल बोर्ड के माध्यम से अब विद्यालय का पूरा सिलेबस डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, जिससे छात्र केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ऑडियो-विजुअल माध्यम से भी अध्ययन कर सकेंगे। यह स्मार्ट क्लास बच्चों को चित्रों, एनिमेशन, वीडियो और 3ष्ठ मॉडल के माध्यम से कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझने में मदद करेगा। गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल जैसे जटिल विषयों को अब इंटरएक्टिव तरीके से समझाया जाएगा।

**प्रैक्टिकल ज्ञान मिलेगा**

विद्यालय अध्यक्ष राम गोपाल पांडेय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह डिजिटल बोर्ड न केवल पढ़ाई का एक नया तरीका होगा, बल्कि छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान भी प्रदान करेगा। विद्यार्थी अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे डिजिटल माध्यम से विज्ञान प्रयोग, गणितीय संकल्पनाओं और सामाजिक अध्ययन के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को सीधे समझ और अनुभव कर सकेंगे।

**शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण**

विद्यालय में सभी शिक्षकों को इस नवीनतम तकनीक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी और रोचक तरीके से पढ़ा सकें। डिजिटल बोर्ड के माध्यम से स्थ्र्ड्ढ्रक्ष प्रैक्टिकल क्लासेस, रियल-टाइम इंटरेक्शन और इंटरएक्टिव क्विज़ जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

**आधुनिक शिक्षा की ओर एक कदम**

विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडे ने कहा कि इस नई प्रणाली से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा और वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और भविष्य में भी विद्यालय में अत्याधुनिक तकनीकों को जोड़ा जाएगा ताकि छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

**नए युग की शुरुआत**

यह तकनीकी विकास विद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और न केवल विद्यार्थियों, बल्कि पूरी शिक्षण व्यवस्था के लिए एक नई क्रांति साबित होगा। सभी शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक ने इस पहल की सराहना की और इसे विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

# कायस्थ सभा रुदौली की बैठक में समाज को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**मवई-अयोध्या।** कायस्थ सभा रुदौली का होली मिलन समारोह मवई क्षेत्र के मल्लाहन पुरवा मजरे द्वारिकापुर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। होली मिलन समारोह में रुदौली क्षेत्र के कायस्थ समाज के लोग अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत कायस्थ सभा के संरक्षक देवेन्द्र चरण खरे,गोपाल नारायण खरे व राजेश श्रीवास्तव रहे।

# धर्मेंद्र दास शास्त्री बने पलटू दास अखाड़ा के महंत सर्वराहाकार



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** सिद्ध पीठ श्री पलटू दास जी का अखाड़ा में भंडारे के अवसर पर पूज्य श्री भरत दास जी महाराज (भंडारी बाबा) की अध्यक्षता में संत धर्मेंद्र दास शास्त्री को महंत सर्वराहाकार नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कंण्ठी चादर देकर संतों व महंतों ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी कमलनयन दास, हनुमानगढ़ी के सचिव एवं अखाड़ा परिषद के महंत सत्यदेव दास, सियाराम किला के महंत करुणा निधान शरण सहित अनेक संत-महंत व भाजपा नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

# एलपीएस में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** असेनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के सभागार में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सीताराम सिंह प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ ऋतु सिंह ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में इस वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा शत-प्रतिशत उपस्थिति, स्वच्छता, ईमानदारी आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में जनेस्मा के इतिहास प्रवक्ता डॉ मानव कुमार सिंह ने भी अपने आशीष वचनों से छात्रों को अनुग्रहीत किया तथा जीवन मे निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा भी दी। समारोह मे समाज सेवी आदित्य वर्मा अंगद भी उपस्थित रहे।

# बूढ़े जवान सहित मासूमों ने भी खुदा की रजा के लिये लगातार रोजा रखा

**जैदपुर बाराबंकी।** मां बाप की तरबीयत व दीन के रास्ते पर चलने हेतु इस बार माहे रमजान के मुबारक दिनों में बूढ़े जवान सहित मासूमों ने भी खुदा की रजा के लिये लगातार रोजा रखकर देश दुनियां में अमन चैन भाईचारे की दुआ करते देखे जा रहे है। बताते चलें कि नगर पंचायत जैदपुर मोहल्ला छोटी मीरा निवासी सहील वारसी के 9 वर्षीय भतीजे मुजम्मिल व शहाबुद्दीन सिद्दीकी के पुत्र फरमान सिद्दीकी भी लगातार इस मुकद्दस माह में भूख प्यार को त्याग रोजा रखकर इबादत तिलावत के साथ पाचों वक्त नमाज अदा कर परिवार के लोगों के दिलों जगह बना ली है। आज परीवार के सदस्यों ने मासूम की रोजा कुशाई की । जिसे तमाम इनाम एकराम देकर हौसला अफजाई भी की गयी। साथ ही लोगों ने इस नन्हें रोजेदार को फूल माला पहनाकर दीनदार होने के साथ नेक होने अम्ल होने को लेकर सराहना कर रहे हैं।

# हाजी गुड्डू ने रोज़ेदारों को रोज़ा खुलवाया, माँगी देश मे अमन चैन की दुआ



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** नेयमतो बरकतों के महीने में रोजा रखकर रोजेदारों को इफ्तार कराने से का एक अलग सवाब है। उक्त बातें कस्बे के मोहल्ला इस्लाम नगर की मस्जिद में हाजी गुड्डू बर्तन वाले द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी के दौरान पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद ने कही। आगे उन्होंने ने कहा कि रमजान का महीना रहमतों व बरकतों का महीना है। इस माह में गरीबों मजलूमों की मदद करने का भी हुक्म है। जिसे लोग सद्का जकात फितरा के रूप में गरीबों को देकर इस माह में उनकी मदद करते हैं। जबकि हाजी गुड्डू ने कहा कि हर वर्ष मस्जिद में रोजे इफ्तार कराने से दिल को सुकून मिलता है। साथ ही भाईचारे में बढ़ोतरी होती है।इंशाल्लाह अपने पूरे जीवन भर इफ्तार कराता रहूंगा। बस पाक परवर दीगार इस नाचीज़ के अम्ल को कबूल? कर लें। वहीं ईफ्तार के समय एक साथ तमाम रोजेदारों ने हाथ उठाकर मुल्क में अमन चैन भाईचारे के हाथ उठाकर दुखायें मांगी?। नमाजे मगरिब अदा करने के बाद भी दुआ की गयी। इस अवसर पर हाजी जमील हुसैन,अली खान, अल्ताफ, दानिश अजमी रिजवी, शहाबुद्दीन सिद्दीकी वसीम खान, खालिद कुरैशी, चुन्ना, इस्लामुद्दीन,असलम मामा परवेज खान वकील खुजूर, जमीर राईन, मेराज, मोहरमली राईन, नफीस, अनीक, तैयब खान सहित सैकड़ों की संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

# समाजवादी पार्टी ने मनाया पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन का जन्मदिन

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की महानगर कमेटी ने पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव सहित हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। पूर्व मंत्री ने केक काटकर कार्यकर्ताओं और नेताओं का धन्यवाद किया।महानगर अध्यक्ष श्रीवास्तव ने पवन पांडे को दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं और 2027 में विधायक बनने की कामना की। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पवन पांडे पूरे प्रदेश में लोकप्रिय नेता हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित होगी।

# जुमे में निकलेगा होली स्वांग जुलूस, पीस कमेटी बैठक हुई



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** होली स्वांग जुलूस और रमजान का तीसरा जुमा एक ही दिन पड़ने के कारण पुलिस ने सक्रिय कदम उठाए हैं। मंगलवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक की गयी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देश दिए। होली स्वांग जुलूस का मार्ग तय किया गया है। यह कस्बे के लोधपुरवा, उसरी, महमूदपुर, बड़ापुरा, मुक्खिन, मौलवी कटरा, शरीफाबाद और बाजार क्षेत्र से गुजरेगा। जुलूस में कस्बे और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। बैठक में एसएसआई योगेंद्र मिश्रा, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार और दरोगा हलीम बाबू मौजूद थे। इसके अलावा चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम, पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद, जिला पंचायत सदस्य हारून राईन, जियाउर्रहमान अंसारी, मुफ्ती हलीम, समाजसेवी सलीम नेता, राजन बक्सोर और राम सिंह सभासद समेत कस्बे के प्रमुख लोगों ने बैठक में भाग लिया।

# बरगदवा पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बरगदवा पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नौतनवा जयप्रकाश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार, 18 मार्च 2025 को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इद्रीश (59) पुत्र नूर मोहम्मद, मजनू (52) पुत्र नूर मोहम्मद, और महबूब (35) पुत्र इद्रीश, तीनों निवासी ग्राम नरायनपुर, थाना बरगदवा, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा संख्या 3489/21 धारा 323, 504, 427 भा.द.वि. में ग्राम न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट नौतनवा से जारी वारंट लंबित था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया। बरगदवा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## इटवा में होली मिलन समारोह

# होली का त्योहार देता है आपसी भाईचारा और प्यार का संदेश: माता प्रसाद पाण्डेय

- होली भाईचारे का है त्योहार सभी कायम करें भाइचारा: नेता प्रतिपक्ष
- विधायिका डुमरियागंज सैय्यदा खातून मेहदावल से ब्लाक प्रमुख चन्द्रशेखर ने भी दिखाई उपस्थिति
- व्यापारी कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ो लोग रहे होली मिलन समारोह में शामिल

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को माता प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय के द्वारा किया गया। जिसमें आए हुए क्षेत्रीय लोगों द्वारा फूलों की होली खेली गयी और गुझिया खिलाकर जलपान कराया गया। होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है। इस अवसर पर लोगों को समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने और गिले सिकवे को दूर करने का त्यौहार है। जब हम एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखेंगे दुर्भावना नहीं रखेंगे तभी हमारा समाज मजबूत होगा और आपसी भाईचारा बढ़ेगा और होली को एक पवित्र त्यौहार की तरह देखना चाहिए न कि राजनीतिक रूप से देखा जाना चाहिए। पूर्व लोक सभा प्रत्याशी कुशल तिवारी ने कहा होली सबकी होती है नए फसल के आने पर उल्लास का त्यौहार होली है। डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहां कि होली मिलन से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर जमील सिद्दीक़ी पूर्व ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर सिंह, प्रदेश सचिव राम मिलन भारती, अजय चौधरी, कमरुज्जमा खान, बबलू खान, उदयभान तिवारी, शोभित पाण्डेय, अब्दुल लतीफ, बड़कू पांडेय, मरेंद्र मिश्रा, रज्जन पाण्डेय, के के चौधरी, अभिषेक सिंह, विजय गौंड, शक्तिनाथ पाण्डेय, बबलू पाठक, ओम छापड़िया, जेपी अग्रहरि, हरि यादव, शाहिद हुसैन, सौरभ श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, रियाज अहमद, देवेंद्र सिंह, सुरेश पाण्डेय, रमापति पाण्डेय, एजाज शाह आदि मौजूद रहे।

# होली प्यार और उमंग का है त्योहार: द्विवेदी

- हियुवा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर लगाये अबीर-गुलाल

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले के नगर पंचायत इटवा में हिंदू युवा वाहिनी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जेकेजे लाज में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में हिंदू युवा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाया। व्यापारी और स्थानीय नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। होली गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. द्विवेदी ने कहा कि होली प्यार और उमंग का त्योहार है। यह आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। उन्होंने भाजपा की जनहित योजनाओं की भी चर्चा की। हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिला महामंत्री संजय मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार के आने से हमारी संस्कृति को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि संगठन हर वर्ष ऐसा आयोजन करता है। कार्यक्रम में राम जानकी गुरुकुलम के संस्थापक बृजेश महाराज, व्यापार मंडल के महामंत्री अनिल जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर गणेश विश्वकर्मा, पंकज पांडेय, तुलसी राम, अशोक कुमार पाण्डेय, अनुज चौधरी, आचार्य अवधेश पाठक, दुर्गा प्रजापति, विन्ध्यराज गिरी, राधेश्याम चौधरी, गोपाल, सुभाष यादव, गणेश विश्वकर्मा, सुमित्रानंदन श्रीवास्तव, राम शुक्ल चौधरी, राम कृपाल चौधरी, कप्तान सिंह, मयाराम भारती, विजय मौर्या, अनिल जायसवाल, ओम प्रकाश छापड़िया, अभिषेक ओझा, केशरी नंदन त्रिपाठी, राम जानकी गुरुकुलम के संस्थापक बृजेश सहित लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बीआरसी जोगिया पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन



**सिद्धार्थनगर जोगिया।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता और शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिये बीआरसी जोगिया पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा एवं जनजागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया। मंगलवार को बीआरसी जोगिया पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सावित्री देवी, खण्ड शिक्षा अधिकारी जोगिया, खण्ड विकास अधिकारी जोगिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बुनियादी शिक्षा, शत प्रतिशत बच्चो की उपस्थिति, निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति तथा प्री प्राइमरी शिक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जनजागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बाल वाटिका प्राइमरी के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रतिभाग किए हुए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एआरपी, विकास क्षेत्र जोगिया के समस्त प्रभारी प्रधानाध्यापक और बच्चों के अभिभवक का विशेष योगदान रहा।

## मनोरमा नदी के किनारे मदारपुर में मिला जानवरों के शरीर का हिस्सा, जांच में पहुंची कलवारी पुलिस



**कुदरहा बस्ती।** कलवारी थाना क्षेत्र के मनोरमा नदी पर अकसड़ा के पास बने लुम्बनी-दुद्धी मार्ग पर बने पुल के पश्चिम दस बोरा जानवरों का अवशेष मिला। सूचना पर थानाध्यक्ष कलवारी जनार्दन प्रसाद अपनी टीम के साथ पंहुचे और जांच में जुट गये। पशु चिकित्सक डॉ राजेश वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा बोरो को खोलवा कर देख गया ज्यादातर अवशेष पड़वा के थे। कुछ संदिग्ध लगा जिसका सैंपल ले कर लैबोट्री जांच के लिए भेज दिया गया। सूचना पर पंहुचे प्रभारी सीओ कलवारी संजय सिंह ने घटना स्थल नगर थाने में होने के बावजूद कार्यवाही के लिए कलवारी पुलिस को कहा है। बाद में नगर थानेदार देवेंद्र सिंह भी पंहुच गये। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वे सबसे पहले पंहुचे थे। अवशेष मिलने की जगह को आस पास के लोगो ने नगर थाना क्षेत्र होना बताया उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उनके द्वारा विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। अवशेष यहां फेंका गया हो ऐसा नहीं लगता है देखने से बह कर आया है ऐसा प्रतीत हुआ।

# शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमवापुर नानकार में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया। शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष उमा अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।चल रहे शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र- छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करेंगे।

शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है और पढ़- लिखकर उच्च पद पर आसीन होंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। छात्र छात्राओं ने अपने हुनर व कला का प्रदर्शन करने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिलता है। और उन्होंने कहा कि शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव में देश के ऐतिहास के बारे में बताने से ज्ञान अर्जित होती है। इस शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सुमित्रा, नन्दनी, बसुंधरा, मुदास्सिर, दीपिमा साहनी, बबिता आदि छात्र छात्राओं ने अपने कला के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका सावित्री देवी व कार्यक्रम संचालन अनिल कुशवाहा ने किया,इस दौरान नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल, ग्राम प्रधान किसलावती,बीईओ संतोष कुमार शुक्ला, लालजी यादव, राधेश्याम वर्मा, अतिउल्लाह, प्रधानाध्यापिका सावित्री देवी, सौरभ निगम, सुरेन्द्र यादव, रामकुमार, संजीव राम, अब्दुल हक, शिव प्रसाद,एसएमसी अध्यक्ष सीमा व ग्रामीण लोग मौजूद रहें।

# शराब की दुकान के पास मिला राजमिस्त्री का शव

**अंबेडकरनगर।** अहिरौली इलाके में देसी शराब की दुकान के पास सोमवार की दोपहर एक राजमिस्त्री का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने परिवार के लोगों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। प्रतापपुर चमुर्खा गांव में देसी शराब की दुकान है। दुकान के पास में सोमवार की दोपहर एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान मरथुआ सरैया गांव (विनवानगर) निवासी राजमिस्त्री पवन कुमार (40) के रूप में की गई। परिजनों के अनुसार सोमवार की सुबह पवन का घर पर झगड़ा हो गया था। इसके बाद वह घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद शव मिलने की जानकारी मिली। पुलिस ने पवन कुमार के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की। हालांकि मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिवार में बड़ा बेटा अभिषेक (16) कक्षा 11 में पढ़ रहा है। छोटा बेटा प्रिंस (14), अनुराग (10) के साथ दो बेटियां शिवांगी (12) व रिया (4) वर्ष की हैं। पत्नी अनीता व बच्चे पवन की अचानक मौत से स्तब्ध और रो-रोकर बेहाल हैं। थाना प्रभारी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद भी मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** बसखारी पुलिस ने मसड़ा तिराहे से बलात्कार समेत आधा दर्जन धाराओं में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। बता दें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर महमूदपुर निवासी सती राम(21) पुत्र जगपाल प्रजापति को मुखबीर की सूचना पर मसड़ा बाजार तिराहे से बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी पर बलात्कार समेत आधा दर्जन धाराओं में मुकदमा बसखारी थाने मे दर्ज हैं। जो वांछित चल रहा था। पकड़े जाने पर उसने बताया कि वह बाहर भागने के फीराक में था। उक्त प्रकरण में बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पर आवश्यक विधि कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

## धारदार हथियार से ग्रामीण पर हमला एफआईआर दर्ज

**अंबेडकरनगर।** ग्रामीण को रविवार रात घर से बाहर बुलाकर एक युवक ने उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। परिजन उसे




लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां से उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दपुर रेफर कर दिया गया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी है। भतीजे की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। सम्मनपुर क्षेत्र के कहरा सुलेमपुर गांव निवासी इंद्रशेखर सिंह (51) मध्य प्रदेश में निजी संस्था में नौकरी करते हैं। होली में गांव आए थे। रविवार की रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। रात 12 बजे के करीब गांव निवासी अरुण सिंह उर्फ अनुराग उनके दरवाजे पर पहुंचा। इंद्रशेखर को आवाज देकर बाहर बुलाया। जैसे ही वह बाहर निकले अरुण ने चाकू से हमला कर दिया। गले पर चाकू लगने से वह जमीन पर गिर पड़े। चीखने की आवाज सुन अन्य परिजन आए तो हमलावर भाग निकला। परिजन घायल को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल से राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दपुर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश सिंह यादव ने बताया कि जानलेवा हमले की धारा में केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## पुलिस ने हत्या के मामले में तीन को किया गिरफ्तार



**लोटन सिद्धार्थनगर।** थाना मोहाना पुलिस ने एक हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मामला मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरगदवा टोला निबियहवा निवासी 55 बर्षीय सैगन यादव शनिवार रात करीब 8 बजे अपने घर से शौच के लिए गांव के बाहर गए थे। आरोपियों ने पहले से घात लगाकर उन्हें जान से मारने की नीयत से सड़क पर पटक दिया। जिससे सैगन यादव को गंभीर चोटे आई। स्वजनों ने मौके पर पहुंचकर सैगन यादव को उपचार के लिए सीएचसी बर्डपुर ले गये जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। रविवार को इलाज के दौरान सैगन की मृत्यु हो गई।गिरफ्तार आरोपियों में रामानंद उर्फ रामा प्रजापति और रमेश कुमार प्रजापति पुत्र स्वर्गीय बेचन प्रसाद तथा मनीष कुमार पुत्र रामउजागिर शामिल हैं। सभी आरोपी निबिहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी हैं।थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को तिघरा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। मृतक के भाई ऐगन यादव की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, कांस्टेबल अभिषेक गुप्ता, मनीष सिंह, नितिन पाठक शामिल रहे।

## छोटी और महीन जाली के जाल से सागर को खंगाल ले रहे मछुआरे

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ विकास क्षेत्र में पड़ने वाले महसई सागर में मछुआरों द्वारा महीन यानी बारीक जाली वाले जाल से मछली पकड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे सागर में मौजूद सूक्ष्म जीव जन्तु व मछ्ली के छोटे बच्चे, अंडे सब जाल में फस कर बाहर आ जातें हैं। जिससे कुछ ही देर में सब मर जाते हैं और सागरो से धीरे धीरे देशी मछलियों का आस्तित्व खत्म हो जा रहा है। मंगलवार को शोहरतगढ़ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर मदरहना जनूबी के टोला पडरहवा निवासी अमीरुल्लाह के साथ ग्रामीणों ने शिकायत पत्र दिया कि हमारे ग्राम पंचायत में स्थिति महसई सागर मिन्टू पुत्र मो0 यासीन के नाम से मछ्ली मारने के लिए पट्टा है।जबकि पट्टा धारक को मछ्ली मारने के लिए विभाग द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया था। और मछ्ली मारने के लिए बड़े जाल का ही उपयोग करनें का निर्देश दिया गया था।जबकि मछुआरों द्वारा एकदम बारीक जाली का प्रयोग करके पूरे सागर को खंगाल जा रहा हैं, जिससे जल में रहने वाले तमाम छोटे-बड़े जीव जन्तु के साथ मछ्ली के छोटे-छोटे बच्चे अंडे सब जाल में छनकर बाहर आ जातें हैं और सब कुछ ही मिनट में मर कर नष्ट हो जाते हैं। जिससे देशी प्रजाति की तमाम मछलियां विलुप्त होती जा रही है। पानीं में मौजूद तमाम जीव जन्तु एक दूसरे के पूरक होते हैं जिससे मछलियों का विकास होता है साथ ही इस पोषक तत्व से परिपूर्ण पानीं के सिंचाई से किसानों के खेत उपजाऊ होते हैं। ग्रामीणों ने छोटे और महीन जाली वाले जाल का विरोध करतें हुए पट्टा धारक के विरुद्ध कार्रवाई करनें के साथ सरकारी सागर व तालाबों में छोटे व महीन जाली के जाल का उपयोग ना करनें की मांग किये है। समाधान दिवस पर ग्रामीण अमीरुल्लाह, क्षेत्र पंचायत सदस्य सर्वजीत यादव, राम अधीन, पप्पू शुक्ला, राम तिलक, हीरा, साकिर अली, शमसुल्लाह, मो. अली, रामकेश यादव उपस्थित रहे।

## बिजली की चिनगारी से गेहूं के खेत में लगी आग

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बघेली में बिजली के पोल से चिनगारियां निकले के बाद बबुन्नर उपाध्याय व राजेंद्र मिश्रा का लगभग दोनों लोगो का मिला कर दस मंडी गेहूं जल गया। जिससे हजारों रुपये का नुक़सान हो गया। घटना सोमवार एक बजे की है। किसी व्यक्ति ने जलते गेहूं देखकर शोर मचाया। शोर सुनने के बाद ग्रामीणो ने पानी व पेड़ के डाल से पीट कर बुझा दिया। अगर समय पर आग न बुझायी गयी होती तो बड़े पैमाने पर लोगों का नुक़सान हो जाता।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2025 तक संचालित किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक मे जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने उक्त जानकारी दी। बैठक में उन्होने कहा कि अभियान में नामित सभी विभाग आपसी समन्वय से चरणवार पूरी कार्यवाही सम्पन्न कराये। उन्होने बताया कि अभियान के दौरान आशा एवं आगनबाडी कार्यकत्री द्वारा जानकारी घर-घर पहुॅचायी जायेंगी।

# स्मैक कारोबारी 6.44 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार

## एसएसबी व पुलिस की सयुंक्त टीम ने बढ़नी कस्बा निवासी एक आरोपी को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार सुबह को स्मैक का धंधा करने वाले एक युवक को रेलवे क्रसिंग कल्लन डीहवा रोड के पास से 6.44 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

अग्रिम कार्यवाही के लिए पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मे मुकादमा दर्ज आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। एसएसबी 50वी वाहिनी बढ़नी प्रभारी सहायक कमांडेंट दीपक चंद व पुलिस चौकी प्रभारी बढ़नी अमला यादव के अगुवाई मे जवानो द्वारा सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह को बढ़नी रेलवे क्रसिंग कल्लन डीहवा रोड के पास से एक युवक की तलाशी लेने के दौरान 6.44 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त पूछताक्ष मे अपना नाम विनय कुमार अग्रवाल पुत्र बद्री प्रसाद अग्रवाल उम्र करीब 36 वर्ष निवासी वार्ड नं0 10 गोला बाजार न0पं0 बढनी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर बताया। अग्रिम कार्यवाही के लिए पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मे मुकादमा दर्ज आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। एसएसबी 50वी वाहिनी बढ़नी प्रभारी सहायक कमांडेंट दीपक चंद ने बताया की उक्त स्मैक कारोबारी इससे पूर्व भी दो बार स्मैक केस में जेल जा चुका हैं । बढ़नी और कृष्णा नगर नेपाल में इसकी सप्लाई करता है जिससे नौजवान युवा पीढी इसका शिकार हो रहे है लगातार एसएसबी और पुलिस के द्वारा स्मैक कारोबारियों विरुद्ध अभियान चलाकर जेल भेजा जा रहा है। उक्त बरामदगी मे एसएसबी सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, आरक्षी आनंद यादव ,अजीत भगत , कृष्णा मौर्य और चौकी प्रभारी बढ़नी अमला यादव, मुख्य आरक्षी विजय गुप्ता, आरक्षी मनीष चौधरी शामिल रहे।

# बीएलए की नियुक्ति ससमय कर लिया जाये: डीएम

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों एवं एसडीएम/ ईआरओ के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि बीएलए की नियुक्ति ससमय कर लिया जाय। बैठक में ईआरओ द्वारा की गई विधान सभावार बैठक के बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि नामावली पुनरीक्षण संबंधी अभिलेख यथा- बीएलओ की सूची, बूथ की सूची, मतदाता सूची फॉर्म-9, 10, 11, 11ए व 11बी आदि सूचना व अभिलेख समय से प्राप्त हो जाते है। मतदाता सूची को स्वस्थ बनाए जाने पर सभी दलों द्वारा अपनी सहमति और सहयोग दिए जाने की बात कही गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान तथा राजनैतिक पार्टी बीजेपी, कांग्रेस, एसपी, बीएसपी, अपना दल, सीपीआई, आप के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# रतन सेन महाविद्यालय में पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**बाँसी।** रतन सेन महाविद्यालय, बाँसी, सिद्धार्थनगर में दिनांक 18 मार्च 2025, दिन- मंगलवार को पाँच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत के साथ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट गाइड प्रार्थना, झण्डा गीत एवं स्काउट गाइड के नियमों की जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण सहायक लीडर ट्रेनर अमित कुमार शुक्ल एवं सहायक प्रशिक्षक विजय गौड़ के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुआ। शुभारम्भ के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सन्तोष कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड के महत्त्व को बताते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किये। रोवर्स प्रभारी द्वारा सभी का स्वागत अभिनंदन किया एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ किरन देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के सीनियर असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं रोवर्स लीडर डॉ. हंसराज कुशवाहा ने प्रशिक्षुओं को शिविर के दौरान प्रदान किये जाने वाले विविध जीवन कौशलों के विषय में बताया। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्षा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. किरन देवी ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में स्काउट एवं गाइड के द्वारा सेवा कार्य कैसे किया जाता है इसकी ट्रेनिंग इसमें दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अरविन्द कुमार मौर्य, डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डॉ. मनोज कुमार सोनकर, डॉ. मनीष कुमार भारती, डॉ. विकास कुमार सिंह, डॉ. विकास सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. रविरेश सिंह, मनोज मौर्य, सुरेश, सुजीत, ज्ञानमती एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिभागी के रूप में धीरज, विचित्र सेन, कन्हैया, संदीप, सना, शिवानी, आकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चोरी की गाड़ी का पुलिस कर रही लगातार चालान

**अम्बेडकरनगर।** सुनने में घटना हास्यास्पद जरूर लगेगी लेकिन स्थिति इस थाने की पुलिसिंग की कुछ ऐसी ही है। जो गाड़ी चोरी हुई है और मुकदमा थाना स्थानीय पर दर्ज है उसका चालान भी पुलिस द्वारा लगातार किया गया। ऐसा नहीं है कि पुलिस को इस प्रकरण की सूचना नहीं है लेकिन पुलिस इस पर काम नहीं करना चाह रही है। मामला अहिरौली थाना क्षेत्र का है जहां पर क्षेत्राधिकारी भीटी के आदेश पर 11.06.2023 को अपराध संख्या 133/2023 पर एक मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा लिखा गया लेकिन उक्त मोटरसाइकिल पुलिस द्वारा आज तक बरामद नही किया जा सका। अर्चंभित करने की बात यह रही कि मुकदमा दर्ज होने के तीन महीने बाद ही अहिरौली थाना क्षेत्र में गाड़ी का तिवारीपुर मोड़ पर ऑनलाइन चालान किया गया।पुलिस यहीं नहीं रुकी अतरोरा गांव के निकट 09.09.2024 को गाड़ी का चालान किया लेकिन पुलिस उक्त चोरी हुई गाड़ी नहीं पकड़ पाई। यह बात अलग है कि पुलिस अपने फर्द में हमेशा चेकिंग के दौरान ही चोरी हुई गाड़ी को बरामद करती है।

# एसपी ने थाना लोटन का किया वार्षिक निरीक्षण



## एसपी ने ग्राम प्रहरी को होली की दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डा०अभिषेक महाजन ने मंगलवार को थाना कोतवाली लोटन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क तथा थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और उन्हें थाना क्षेत्र मे कुल कितने गाव आते है जानकारी ली और थाने के विभिन्न अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर-का भी गहनता से निरीक्षण किया गया। एसपी द्वारा वाहन चोरी, लूट, नकबजनी,चोरी, महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध की घटनाओं की रोकथाम एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके से थानाक्षेत्र में करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थाना प्रभारी लोटन को अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करते हुए पूर्णनिष्ठा से निष्पक्ष रूप से कार्यवाही कराते हुये बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने हेतु कहा गया तथा थाना स्थानीय के ग्राम प्रहरीगण के कर्तव्यों से अवगत कराते हुए हर छोटी व बड़ी सूचना को अपने बीट पुलिस अधिकारी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाने पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीओ सदर अरुण कान्त सिंह,थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ,चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह,उप निरीक्षक उमेश चन्द यादव,उप निरीक्षक गुलाब शाही,उप निरीक्षक संजीत कुमार सिंह,उप निरीक्षक दिवाकर यादव,उप निरीक्षक राजा राम यादव, मुंसी अबरार अहमद, देव पाल दुबे, सौरभ सिंह जनार्दन यादव, बृजभान यादव, कांस्टेबल जयहिंद कुमार निषाद, सद्दाम हुसैन, बुद्धेश कुमार,संजय कुमार गौतम व ग्राम प्रहरीगण मौजूद रहे।

## ट्रम्प के इकतरफा फैसले

ट्रम्प इस बार जब से राष्ट्रपति बने है लगातार एक न एक फैसले लेकर अन्य देशों पर थोप रहे है। वह अमेरिका को महानतम इकानमी बनाना चाहते है। इसमें कोई बुराई नही है। पर अपने फैसलों का मनमाने ढंग से दूसरे देशों पर थोपते रहेगे तो इससे खुद अमेरिका को ही नुकसान होगा। इसकी आलोचना अमेरिकी सिनेट में भी हो रही है। सभी देशों के बातचीत कर समझौते का रास्ता निकालना ही लाभकारी होता है। उनके फैसलों से तो अमेरिका के मित्र राष्ट्र भी आहत हो रहे है।

स्टील और एलमुनियम पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ उन सभी देशों पर लागू होगा जो अमेरिका को स्टील और अल्मोनियम का निर्यात करते है। प्रभावित होने वाले देश कनाड़ा सहित अन्य देशों ने भी टैरिफ बढ़ाने की बात कही है। योरोपीय देशों ने जवाब में 28 मिलियन डालर मूल्य के अमेरिकी सामन पर टैअरिफ लगा दिया है। इसके अलावा ये देश उन बातों के लिये जोर लगा रहे है जिससे अमेरिका को नुकसान हो और वह इन देशों से चर्चा के लिये मेज पर आये। टैरिफ बढ़ाने के फ्सलें से अमेरिका में स्टील अल्युमीनियम सेक्टर की घरेलू मैन्युफैक्करिग इन्डट्रीज को कुछ फायदा हो सकता है। पर स्टील और अन्युमीनियम मंहगा होने से इनकार टिनकैम सोलर पैनल बनाने वालो को इसे नुकसान भी होगा। 2018 में पिछ्ले कार्यक्रम के दौरान वहां 2021 तक स्टील उत्पादन दो प्रतिशत बढ़ा पर इसी अवधि में अन्य सेक्टरों के उत्पादन में 3.48 मिलियन डालर के बराबर की कमी दर्ज की गई।

भारत अभी ट्रम्प के फैसलों को लेकर किसी हड़बड़ाहट मे नहीं है। दोनों देशों के बीच बातचीत का दौर चल रहा है। इस सम्बन्ध में अभी निर्णय आने में समय लगेगा। ट्रम्प खुद तो पूंजीपती है और मस्क जिसे अपना सलाहकार बनाया है वह भी पूंजीपती है। अपने लाभ के लिये पैतरे दिखायेगे। भारत भी अनुभवी परिपक्व खिलाड़ी है अपना भी हित देखगा। कूटनीति में देश हित ही है सर्वोपरि होता है। अभी फैसला आने में और समय लग सकता है। ट्रम्प के टैरिफ फ्सलों से अमेरिका के मन्दी में जाने की आशंका बन रही है। मन्दी से अमेरिका जो ग्लोबन इकानमी की सबसे बड़ी हंस्ती है अगर मन्दी आती है तो ग्लोबल इकानमी ग्रोथ सुस्त पड़ सकती है।

ट्रम्प ग्लोवल टैरिफ युद्ध छेड़ कर चाइना को घेरने की कोशिश में लगा है। उन्होंने कहा है पेइचिंग से जुड़े सभी मामलों की जांच होगी। चीन की लाजिस्टक व्यवस्था को निशाने पर ले रक्खा है। अमेरिका और चीन दोनो एक दूसरे के यहां निवेश सीमित करने की तैयारी में जुटे है।

अमेरिका चीन को अपने यहां प्रापर्टी खरीदने से रोकना चाहती है। अपने यहां पेइचिंग से जुड़े सभी मामलों के जांच की तैयारी में है। चीन की लाजिस्टिक्स व्यवस्था निशाने पर है। दोनो अपने यहां एक दूसरे के निवेश को सीमित करना चाहते है। दुनियां की बड़ी आर्थिक व्यवस्थायें और सैन्य ताकतें आपस में टकरा रही है। इससे भारत को लाभ भी मिल सकता है। मुश्किलें भी मिल सकती है। अमेरिका चीन पर संख्त रवैया सौदेबाजी के लिये बनाने में लगा है। इस सन्दर्भ में ट्रम्प और शी की मुलाकात हो सकती है। ट्रम्प का ध्यान मुख्यतः सुरक्षा पर है। चीन भी अपने देश में अमेरिका पर लगाम लगाना चाहता। ट्रम्प के राज्य रोहण के बाद अमेरिका और भारत के विदेश मंत्री एक दूसरे से बातचीत की क्वाड में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ती दिख रही है। क्वाड के संयुक्त बयान में क्षेत्रीय अखन्डता और स्वतन्त्र हिन्द प्रशान्त क्षेत्र की बात की गई। अमेरिका इसे लेकर पहले नैटो सदस्य देशों से बात करता रहा है। यह अमेरिकी दृष्टिकोड़ में नया बदलाव दिखता है जो हिन्द क्षेत्र के लिये मुफीद है।

## राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा, तो राष्ट्र सुरक्षित होगा


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फ़ीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत !जहां दुनियाँ की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, इतिहास गवाह है कि आज तक दुनियाँ में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में आदिगुरु शंकराचार्य से लेकर गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी ने अपनी युवावस्था में ही धर्म और समाज सुधार का बीड़ा उठाया था। पुनर्जागरण काल में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ विवेकानंद जैसे युवा विचारक ने धर्म और समाज सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया। इतिहास ने युवाओं की शक्ति का प्रभाव देखा है। उदाहरण के तौर पर भारत की आजादी में अनेक युवाओं ने अपना योगदान दिया और कई युवाओं ने बलिदान तक दिया। इसके परिणामस्वरूप हमारा देश ब्रिटिश सरकार को भागने में कामयाब हुआ। युवाओं ने इस प्रकार अनेक ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। इसलिए आज का युवा भी विजन 2047, विज़न 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है। नवाचार, नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता, विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करनेकीतात्कालिक ख़ास ज़रूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों शिक्षकों बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट हित की भावना सबसे पहले युवाओं में जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवापीढ़ी और उनकीउपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है।

साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो,भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनियाँ का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्वस्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है, यह एक जनसांख्यिकीय लाभांश बना सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यतः जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है। साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीयसंस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से वह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा। देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**विश्व व्यापार संगठन के लगातार मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में यह बात स्पष्ट होती रही है कि अमेरिका की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है। लेकिन ऐसे समय में जब चीन को छोड़कर शेष विश्व समेत विकासशील देश अपने बाजारों में चीनी उत्पादों की भरमार के कारण न केवल औद्योगिक विकास के मामले में नुकसान उठा रहे हैं, बल्कि मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण के नाम पर जन स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कानून बनाने की अपनी स्वतंत्रता या संप्रभुता भी खो चुके हैं और विश्व व्यापार संगठन उनके लिए विश्व बाजारों तक पहुंच का एकमात्र साधन बचा है।**

# पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ, क्या यह बच पाएगा?

**डा. अश्विनी महाजन**

1990 के दशक में वैश्वीकरण के प्रतीक के रूप में डब्ल्यूटीओ का जन्म हुआ। कहा गया कि दुनिया एक गांव की तरह है, इसलिए न केवल वस्तुओं और सेवाओं बल्कि पूंजी का भी निर्बाध मुक्त प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि सभी देशों के लोगों को सबसे सस्ती वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह भी कहा गया कि पूंजी का मुक्त प्रवाह और पर्याप्त उपलब्धता विकासशील देशों में भी विकास की संभावनाओं को बेहतर बनाएगी। डब्ल्यूटीओ की खासियत यह थी कि इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संचालन को नियम-आधारित बनाया गया। यानी अगर कोई देश डब्ल्यूटीओ के समझौतों के मुताबिक व्यवहार नहीं कर रहा है, यानी डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ विदेशों से आने वाले सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगा रहा है या बाधाएं या अवरोध लगा रहा है, तो उस देश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि, शुरू से ही विकासशील देश डब्ल्यूटीओ के कथित लाभों को लेकर आशंकित थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि वे टैरिफ और अन्य प्रकार की बाधाओं के माध्यम से अपने उद्योगों और कृषि को विदेशी देशों से अत्यधिक सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों से होने वाली प्रतिस्पर्धा से ठीक से बचा नहीं पाएंगे।

इतना ही नहीं, ट्रिप्स, ट्रिम्स, सेवाओं और कृषि, खासकर स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि और किसानों की सुरक्षा और उनके उद्योगों की सुरक्षा से जुड़े समझौतों से होने वाले दुष्प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाना अब संभव नहीं होगा। डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डब्ल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही जो फैसले लिए हैं, उनसे डब्ल्यूटीओ के पतन की गति और तेज हो गई है। पूरी दुनिया में डब्ल्यूटीओ के भविष्य को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग डब्ल्यूटीओ को मानव कल्याण, विकास और सुचारू विश्व व्यापार का प्रतीक मानते थे, वे अब इस बात पर बहस कर रहे हैं कि डब्ल्यूटीओ कितनी जल्दी खत्म हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्व व्यापार संगठन अब पंगु हो चुका है। विश्व व्यापार संगठन के पंगु होने की प्रक्रिया डब्ल्यूटीओ के दोहा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शुरू हुए दोहा विकास दौर से शुरू हो गई थी। दोहा सम्मेलन में




विकासशील देशों ने यह मुद्दा उठाया कि चूंकि विकसित देश आर्थिक रूप से मजबूत हैं, इसलिए असमान व्यापार के कारण विकासशील देशों में विकास प्रक्रिया बाधित होती है। इसलिए विकासशील देशों के विकास को गति देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ में दोहा विकास दौर की वार्ता शुरू हो गई। विकसित देशों की इसमें कोई रुचि नहीं थी और उनकी उदासीनता के कारण दोहा विकास दौर बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गया। भारत समेत विकासशील देश डब्ल्यूटीओ में जो कुछ हो रहा था, उससे स्पष्ट रूप से निराश थे।

यही नहीं कि विकसित देश विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति उदासीन थे, अमेरिका को यह लगने लगा था कि उसे डब्ल्यूटीओ से वह सब मिल गया है जो वह चाहता था। उनके कॉरपोरेट अब पहले से कहीं अधिक रॉयल्टी और तकनीकी शुल्क प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि डब्ल्यूटीओ की स्थापना के बाद बौद्धिक संपदा व्यवस्था ने ज्यादातर अमेरिका की कंपनियों को तरजीह दी, जिनके पास अधिकांश पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार थे। अमेरिकी कंपनियों को विकासशील देशों में निवेश करने के भरपूर अवसर मिले और अमेरिकी कृषि उत्पादों को विकासशील देशों में अभूतपूर्व बाजार पहुंच मिलनी शुरू हो गई। लेकिन 2001 में चीन के डब्ल्यूटीओ में प्रवेश और उसके आर्थिक उत्थान के बाद, चीनी माल ने अमेरिकी बाजारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और अमेरिका को चीन के साथ विदेशी व्यापार में भारी व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने यह अब यह शिकायत करना शुरू कर दिया कि डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली के कारण वह अन्य सदस्य देशों के साथ कई विवादों में हार रहा है। अतीत में, अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई अन्य संगठनों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को वित्तीय योगदान देता था। लेकिन, जब से डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने, अमेरिका में यह धारणा बनने लगी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से इन संस्थाओं को वित्तपोषित करना अमेरिका के हित में नहीं है। अपनी रणनीति के तहत अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बाधा डाली। इसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटान प्रणाली ही लगभग पंगु हो गई। यह सर्वविदित है कि विवाद निपटान प्रक्रिया विश्व व्यापार संगठन की नियम-आधारित प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके कारण अब सदस्य देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान नहीं रह गया है। यह कहा जा सकता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की उदासीनता के कारण विश्व व्यापार संगठन कमजोर होता जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन के लगातार मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में यह बात स्पष्ट होती रही है कि अमेरिका की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है। लेकिन ऐसे समय में जब चीन को छोड़कर शेष विश्व समेत विकासशील देश अपने बाजारों में चीनी उत्पादों की भरमार के कारण न केवल औद्योगिक विकास के मामले में नुकसान उठा रहे हैं, बल्कि मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण के नाम पर जन स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कानून बनाने की अपनी स्वतंत्रता या संप्रभुता भी खो चुके हैं और विश्व व्यापार संगठन उनके लिए विश्व बाजारों तक पहुंच का एकमात्र साधन बचा है, ऐसे में वे विश्व व्यापार संगठन के सम्मेलनों में इसे प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापस आने के बाद अब विश्व व्यापार संगठन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक मुक्त व्यापार व्यवस्था पर सीधा हमला करना शुरू कर दिया है। वही अमेरिका, जो विश्व व्यापार संगठन की बातचीत और गठन में सबसे आगे था, और दुनिया भर में मुक्त व्यापार का सबसे बड़ा पैरोकार था, अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहा है, और तर्क देते हुए कि चूंकि दुनिया के अन्य देश उच्च टैरिफ लगाते हैं।

# रोजी-रोटी की तलाश में संघर्षरत चेहरे

**ममता भी हैं, जो अपने परिवार के भरण पोषण के लिए कपड़े की फेरी लगाती हैं। उनके पति एक कपड़ा मिल में कर्मचारी के रूप में काम करते हैं। ममता बताती हैं कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पांच वर्ष पूर्व उन्होंने खुद का रोज़गार शुरू करने का निर्णय लिया। हालांकि उनके पति ने उनका साथ दिया लेकिन पुरानी विचारधारा वाले उनके सास ससुर ने इसका काफी विरोध किया। लेकिन धीरे धीरे जब आमदनी होने से परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी होने लगी तो उन्होंने ममता का विरोध करने की जगह उनका हौसला बढ़ाने लगे। हवा महल से करीब 11 किमी दूर दुर्गापुर की रहने वाली ममता स्वयं सहायता समूह से भी जुड़ी हुई हैं।**


विमला देवी

राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित हवा महल, अपनी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इसे देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते रहते हैं, जिसकी वजह से यह पूरा इलाका हमेशा गुलज़ार रहता है। पर्यटकों की वजह से यहां की व्यापारिक गतिविधियां भी खूब रहती हैं। जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों को रोज़गार हासिल होता है। लेकिन कुछ महिलाएं और पुरुष ऐसे भी हैं जो अपनी आजीविका के लिए यहां रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाते हैं, संघर्ष करते हैं और अपनी मेहनत के बलबूते पर परिवार के लिए दो वक़्त की रोटी की व्यवस्था करते हैं। अस्थाई दुकान होने की वजह से इन्हें प्रतिदिन कई प्रकार की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता रहता है। इसके बावजूद यह अपनी मेहनत और संघर्ष से रोज़ एक नई कहानी लिखते हैं।

इन्हीं में एक 60 वर्षीय मदीना बानो भी हैं, जिनकी आंखों में संघर्ष की झलक और आत्मनिर्भरता की चमक साफ देखी जा सकती है। उनके दो बेटे और बहुएं हैं, लेकिन वे उनका ख्याल नहीं रखते हैं। बुढ़ापे में जब इंसान को अपने परिवार के सहारे की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब मदीना बानो को अपने ही परिवार से उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। पति की मौत के बाद मदीना बनो किसी पर निर्भर रहने से बेहतर खुद ही रोज़ी रोटी कमाने निकल पड़ी। वह रोज़ाना हवा महल के पास एक कोने में बैठकर मिट्टी के खिलौने बेचती हैं। रंग-बिरंगे खिलौने न केवल बच्चों का मन मोहते हैं, बल्कि उनकी जीविका का एकमात्र साधन भी हैं।



दिनभर तपती धूप में बैठकर वे राहगीरों को अपनी दुकान की ओर आकर्षित करने का प्रयास करती हैं। कभी-कभी बिक्री अच्छी होती है, तो दिन आराम से कटता है, लेकिन कई बार उन्हें खाली हाथ भी घर लौटना पड़ता है। बावजूद इसके, वे उम्मीद का दामन कभी नहीं छोड़ती हैं। सांगानेरी गेट की रहने वाली मदीना बनो बताती हैं कि वह होलसेल दुकानों से इन खिलौनों को खरीदती हैं। एक खिलौने पर उन्हें 20 रुपए तक मिल जाते हैं। इस तरह प्रतिदिन उन्हें 200 रुपए तक मिल जाते हैं। लेकिन प्रचंड गर्मी के दिनों में उन्हें एक दिन में 50 रूपए भी नहीं मिल पाते हैं। इसके बावजूद वह हिम्मत नहीं हारती हैं।

संघर्ष की इस कहानी में 41 वर्षीय ममता भी हैं, जो अपने परिवार के भरण पोषण के लिए कपड़े की फेरी लगाती हैं। उनके पति एक कपड़ा मिल में कर्मचारी के रूप में काम करते हैं। ममता बताती हैं कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पांच वर्ष पूर्व उन्होंने खुद का रोज़गार शुरू करने का निर्णय लिया। हालांकि उनके पति ने उनका साथ दिया लेकिन पुरानी विचारधारा वाले उनके सास ससुर ने इसका काफी विरोध किया। लेकिन धीरे धीरे जब आमदनी होने से परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी होने लगी तो उन्होंने ममता का विरोध करने की जगह उनका हौसला बढ़ाने लगे। हवा महल से करीब 11 किमी दूर दुर्गापुर की रहने वाली ममता स्वयं सहायता समूह से भी जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद उन्हें आजीविका के लिए रोज़ संघर्ष करनी पड़ती है।

वहीं उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रहने वाले 38 वर्षीय प्रकाश, पिछले कई वर्षों से हवा महल के सामने चने और नमकीन बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। उनके दो बच्चे अभी स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। घर की आमदनी और बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए उनकी पत्नी मुन्नी आसपास के घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। इस तरह दोनों मिलकर परिवार की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। प्रकाश का जीवन आसान नहीं है। अस्थाई दुकान होने के कारण हमेशा उनकी रोजी-रोटी पर संकट मंडराता रहता है। उनके लिए हर दिन एक नई चुनौती के रूप में आता है, लेकिन वह हर मुश्किल का सामना करते हुए अपने परिवार के लिए संघर्षरत करते हैं।


हालांकि रोजगार की जद्दोजहद से अलग 75 वर्षीय कमला देवी, हवा महल के पास ही एक प्याऊ चलाती हैं। जहां वह लोगों को सेवाभाव से पानी पिलाती हैं। उनकी झुर्रियों से भरा चेहरा अनुभव और सेवा की भावना से ओतप्रोत होता है। गर्मी के दिनों में जब हवा महल घूमने आये लोग प्यास से बेहाल होते हैं, तब उनकी प्याऊ एक वरदान साबित होती है। कमला देवी बिना किसी स्वार्थ के राहगीरों को शुद्ध और ठंडा पानी पिलाती हैं। इसके बदले में वह कभी पैसे की मांग नहीं करती हैं। लेकिन जब कोई उन्हें पैसा देता है तो वह मना भी नहीं करती हैं।

वह मानती हैं कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उनका यह निस्वार्थ भाव हर किसी को प्रेरित करता है। हालांकि उनकी अपनी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, फिर भी वे दूसरों की मदद करने से पीछे नहीं हटतीं हैं। वह सुबह आठ बजे से शाम सात बजे तक लोगों को शीतल जल पिलाने का काम करती हैं। वह बताती हैं कि उनका केवल एक बेटा है जो घर पर गौशाला चलाता है, जिसका दूध बेचकर घर का राशन आ जाता है। इसके अतिरिक्त उन्हें वृद्धा पेंशन भी मिलती है। जिससे मां बेटे का गुज़ारा चल जाता है। इसीलिए वह पानी पिलाने का पैसा नहीं मांगती हैं।

हवा महल के पास पर्यटक अपनी यादों को संजोने के लिए तस्वीरें खिंचवाते हैं, वहीं दूसरी ओर मदीना बानो, ममता और प्रकाश जैसे कई ऐसे लोग हैं, जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की जद्दोजहद में लगे रहते हैं। उनकी दुनिया पर्यटकों की चमक-दमक से दूर एक अलग ही हकीकत बयां करती है। इनका जीवन अस्थिरता से भरा हुआ है। जहां इनकी मुश्किलें कभी खत्म नहीं होती हैं। वे सर्दी, गर्मी और बरसात में भी अपने व्यवसाय को चलाने की कोशिश करते हैं। अस्थाई दुकान होने की वजह से कई बार उन्हें आर्थिक रूप से बहुत नुकसान भी उठाना पड़ता है। इन तमाम मुश्किलों के बावजूद, इन लोगों के चेहरे पर एक अलग ही चमक होती है। यह चमक संघर्ष की है, मेहनत की है और कभी हार न मानने की भावना की है।

# तुष्टिकरणवादियों के संरक्षण में फिर से पत्थर बम का हो रहा प्रयोग

**फाइनल मैच जीतने के तुरंत बाद स्थानीय लोग इंदौर जिले के महू कस्बे में भी जीत से उत्साहित होकर विजय जुलूस निकालने लगे। इधर रमजान का महीना भी चला हुआ है। जिसे पवित्र मानकर हर मुस्लिम को मानवता का प्रदर्शन करना चाहिए था किंतु न जाने किसके उकसावे में शांतिदूतों की भीड़ ने न केवल पत्थरबाजी की अपितु तलवारबाजी व पेट्रोल बम से आगजनी भी की। इंदौर के महू में हुई इस हिंसा में विजय जुलूस में शामिल कई लोग घायल हुए।**


डॉ उमेश प्रताप वत्स

12 वर्षों के बाद भारत एक बार फिर से क्रिकेट चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर विश्वविजेता बना है। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत विश्व का एकमात्र ऐसा देश है जो इस ट्राफी में तीन बार विजयी रहा। भारत तीन बार टूर्नामेंट जीतने वाली सबसे सफल टीम है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दो बार और दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान ने एक-एक बार इसे जीता है। टूर्नामेंट के हर संस्करण में अब तक सात राष्ट्रीय टीमें खेल चुकी हैं। जब जीत इतनी बड़ी हो तो उत्सव भी बड़े स्तर पर ही मनाया जाना था, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक अटक से कटक तक मनाया भी गया। मणिपुरी हो या तमिल, पंजाबी हो या बंगाली सभी ओर ढोल-बाजे, नाच-गाना, होली-दिवाली मनाई जा रही थी। वैसे ही उज्जैन आदि स्थानों पर भी मनाया जाना स्वाभाविक था।

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद एक तरफ पूरे देश में लोगों ने जमकर उत्सव मनाया तो वहीं कुछ शहरों में लाठीचार्ज और पत्थरबाजी भी देखने को मिली। हंगामें की घटनाएं मध्य प्रदेश के महू, महाराष्ट्र के नागपुर और तेलंगाना में हैदराबाद के करीमनगर से सामने आई। उल्लेखनीय है कि भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से करारी शिकस्त देकर चैम्पियन ट्रॉफी अपने नाम कर ली जिस कारण पूरा देश जीत के इस उत्सव में डूब गया तो वहीं देश के कुछ शहरों में इस दौरान शांतिदूतों द्वारा पत्थरबाजी व पेट्रोल बम फेंकने की घटनायें भी सामने आई। मध्य प्रदेश के महू में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ पर जमकर पथराव व तलवारबाजी की गई। वहीं कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना में हैदराबाद के करीमनगर और महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने भीड़ पर जमकर लाठियां भांजी।



ज्ञातव्य सूत्रों के अनुसार फाइनल मैच जीतने के तुरंत बाद स्थानीय लोग इंदौर जिले के महू कस्बे में भी जीत से उत्साहित होकर विजय जुलूस निकालने लगे। इधर रमजान का महीना भी चला हुआ है। जिसे पवित्र मानकर हर मुस्लिम को मानवता का प्रदर्शन करना चाहिए था किंतु न जाने किसके उकसावे में शांतिदूतों की भीड़ ने न केवल पत्थरबाजी की अपितु तलवारबाजी व पेट्रोल बम से आगजनी भी की। इंदौर के महू में हुई इस हिंसा में विजय जुलूस में शामिल कई लोग घायल हुए। सभी घायल हॉस्पिटल में मेडिकल के लिए पहुंचे। घायलों ने बताया कि जामा मस्जिद के बाहर जब जुलूस पहुंचा तो शांतिदूतों के द्वारा उन्हें भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाने से रोका गया, इसके बाद विवाद शुरू हो गया और विवाद पत्थरबाजी में बदल गया। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत पर मध्यप्रदेश के महू में हुए जीत का उत्सव मानने वाले लोगों पर हमले ने देश के लोगों को अचंभित और आक्रोशित कर दिया है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने इस हमले को जिहादी हमला बताते हुए कहा कि भारत की जीत पर चार तरह के लोग खफा है उसमें न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, कांग्रेस पार्टी और जिहादी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत की जीत पर मध्यप्रदेश के महू में मस्जिद मार्ग व कुछ अन्य स्थानों से जा रहे विजय जुलूस पर जिहादियों द्वारा पत्थर, डंडों व पेट्रोल बम से किए हमले में आधा दर्जन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया तथा अनेक क्रिकेट प्रेमी लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाक परस्त मानसिकता से ग्रसित इन भारत विरोधी लोगों को क्या भारत में रहने का अधिकार होना चाहिए? स्वदेश की जीत पर यदि ये खुश नहीं हो सकते तो उन्हें अपनी मस्जिद , मदरसों व घरों में बदं रहना चाहिए। किंतु क्या भारत का खाने और पाक को गाने वाले अब हमें अपने देश की जीत का जश्न भी नहीं मनाने देंगे? उन्होंने कहा कि इस मानसिकता के समलू नाश की आवश्यकता है।

यद्यपि रमजान का महीना चल रहा है। इस दौरान भारत की फाइनल मैच में जीत का अवसर कोई योजनाबद्ध नहीं अपितु स्वाभाविक रूप से आया है और जीत पर देश के लोगों द्वारा उत्सव मनाना भी स्वाभाविक था। फिर आम क्रिकेट प्रेमी लोग यदि उत्सव में मस्त होकर भारत माता की जय के जयघोष लगा रहे हैं, वंदेमातरम् बोल रहे हैं तो इसमें गलत क्या है, यदि सभी धर्मो के लोग इसे देश की साझी जीत मनाकर जयघोष लगाते तो झगड़े के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था, किंतु विचारणीय यह है कि हर बार की तरह किसी भी विवाद के बाद मुँह पर कपड़ा बाँधे पत्थरबाज लोग अचानक कहां से प्रकट हो जाते हैं। कहां से इनके पास तलवारें, धारदार हथियार और पेट्रोल बम एकदम आ जाते हैं। यह सारी तैयारी ही इस बात की ओर संकेत करती है कि हिंदुओं के किसी भी कार्यक्रम में पत्थरबाजी आदि किसी विवाद के कारण नहीं अपितु पूर्व तैयारी के साथ योजनाबद्ध ढंग से की जाती है। मुस्लिम समुदाय सदैव राजनीति के हाथों की कठपुतली बनता आया है। वोटों के लिए तुष्टीकरण करने वाले तुष्टिकरणवादियों के उकसाने पर तथाकथित शांतिदूत अशांति करने के लिए तैश में आ जाते हैं और फिर कोई पुलिस की गोली का शिकार होता है तो कितने ही जेलों में सालोंसाल सड़ते रहते हैं। और तुष्टिकरणवादियों को इनकी लाशों पर राजनीति करने का अवसर मिल जाता है।

इसी तरह संभल में शुक्रवार अर्थात् जुम्मे के दिन हिंदुओं के पावन पर्व होली की तिथि पडने पर उत्तरप्रदेश पुलिस के सीओ अनुज चौधरी ने भाईचारा कायम रखने के लिए एक बैठक बुलाई। शांति समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में अनुज चौधरी ने कहा था, जिस प्रकार से मुस्लिम ईद का इंतज़ार करते हैं, उसी तरह हिंदू होली की प्रतीक्षा करते हैं। होली का दिन साल में एक बार आता है, जबकि जुम्मे की नमाज साल में 52 बार आती है। यदि किसी को लगता है होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले। उन्होंने कहा कि अगर कोई घर से निकलता है तो दिल बड़ा होना चाहिए अर्थात् कोई छुट-पुट रंग का छींटा लग भी जाये तो उसे बात का बतंगड़ न बनाया जाये। उन्होंने कहा, यदि आप अपने धर्म का सम्मान करते हो तो दूसरे को भी कीड़ा-मकोड़ा मत समझो उसका भी सम्मान करो, जब आदमी ये सम्मान की बात सोच लेगा तो उसके अंदर कोई गुस्सा, नफरत नहीं रहेगी, जब लगेगा कि अल्लाह भी वही है, भगवान भी वही है तो सब शांति से निपट जायेगा।

# अधिवक्ता ने पुलिस कर्मियों पर लगाये जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप

अवधनामा संवाददाता

- बार एसोशियेशन ने लामबंद होकर जिला प्रशासन को भेजा ज्ञापन
- पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज कराने की उठायी मांग

**ललितपुर।** विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ता राहुल गौतम के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उनके व उनके साथी के साथ मारपीट, अभद्रता करने को लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बन्ध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोशियेशन के बैनर तले जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपते हुये पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। जिला प्रशासन को सौंपे गये ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि गांधीनगर नई बस्ती निवासी अधिवक्ता राहुल गौतम अपने साथी अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह के साथ 13 मार्च को शाम करीब 5.10 बजे जितेन्द्र के भतीजे धर्मेंद्र पुत्र पवन का फोन आया। धर्मेंद्र ने उसे गोविन्द सागर बांध चौकी में तैनात आरक्षी द्वारा बुलाये जाने की बात कहते हुये यह बताया कि उसे पुलिस फर्जी मामले में फंसाने का प्रयास कर रही है। धर्मेंद्र के फोन पर वह जितेन्द्र सिंह के साथ बांध चौकी पहुंचे, जहां मौजूद आरक्षी को उन्होंने अपना परिचय दिया और त्यौहार के दिन धर्मेंद्र को चौकी में बैठाने का कारण पूछा। आरोप है कि चौकी में उक्त आरक्षी व उसके साथ मौजूद एक अनाधिकृत व्यक्ति जो कि नशे की हालत में था भड़क गया और गालियां देते हुये घसीट दिया और गालियां देते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर अमानवीय क्रूरता शुरू कर दी। जब उसने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारपीट की गयी। आरोप है कि आरक्षी ने बायरलेस से पुलिस बुलायी और उसके साथ दोबारा मारपीट शुरू कर दी। गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जितेन्द्र सिंह की जेब में रखे हुये 4200 रुपये व मोबाइल फोन छीन लिया। यह भी आरोप है कि उक्त पुलिस कर्मी उन्हें चार पहिया वाहन में लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने भी उनसे अभद्रता करते हुये गालियां दीं और घसीटते हुये लॉपअप में डाल दिया गया। मामले की सूचना तत्काल चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल वैभव कुमार को फोन पर दी गयी। तब उन्होंने विक्रम सिंह ठाकुर के साथ थाने पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक को विधिक अधिकारों की जानकारी दी, जिसके बाद अधिवक्ता को छोड़ा गया। अधिवक्ताओं ने पांच सूत्रीय मांगों को दोहराते हुये मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पुलिस जीप व एक्सयूव्ही में जोरदार भिड़न्त

**ललितपुर।** वारण्टी को लेकर मुख्यालय आ रही पुलिस जीप हाईवे-44 पर अंधी रफ्तार से भाग रही एक्सयूव्ही कार से जा टकराई। इस भीषण हादसे में नाराहट थानेदार समेत छह लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा में भर्ती कराया गया, जहां से तीन की हालत गम्भीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि थाना नाराहट में तैनात प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार वारण्टी गौना निवासी अनीस खान को लेकर सरकारी कार टाटा सूमो संख्या यू.पी.94 जी 0289 से लेकर मुख्यालय स्थित न्यायालय की ओर आ रहे थे। इस समय सरकारी कार में सवार हेड कांस्टेबिल योगेश कुमार, कां. मुश्ताक, हेड कांस्टेबिल कमलचंद्र के अलावा वारण्टी अनीस खान सवार थे। बताया गया है कि जैसे ही सरकारी जीप हाई-वे संख्या 44 पर स्थित कट से करीब 100 मीटर दूर चली ही थी कि तभी सागर की ओर जा रही एक्सयूव्ही कार संख्या एम.पी.13 जेड.जे. 9582 ने सरकारी कार को जोरदार टक्कर मार दी।

# हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की कॉपियों का मूल्याकंन शुचिता से करें : डीआईओएस

अवधनामा संवाददाता

- परीक्षकों को जीआईसी सभागार में बैठक कर दिये गये निर्देश

**ललितपुर।** बोर्ड परीक्षा 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु प्रधान परीक्षकों एवं परीक्षकों का प्रशिक्षण राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में मुख्य नियंत्रक जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में उप प्रधान परीक्षकों एवं परीक्षकों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि छात्रों की कॉपी पर दिए गए उत्तरों में स्टेप मार्किंग करते हुए छात्रों को अंक प्रदान किए जाएं। प्रशिक्षण में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से प्राप्त मूल्यांकन से संबंधित अन्य जानकारी भी प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में क्रमशः 20 टोली एवं 38 टोली कार्य करेंगी। यह टोलियां हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की लगभग 1,15,000 कॉपियों का मूल्यांकन करेंगी। हाई स्कूल में 37 उप प्रधान परीक्षक और 354 परीक्षक लगभग 76,000 कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। वहीं इंटरमीडिएट में 12 उप प्रधान परीक्षक एवं 107 परीक्षक लगभग 37,000 कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन में ऑब्जर्वर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट जिलाधिकारी द्वारा नामित हैं। मूल्यांकन 19 मार्च से आरंभ होकर 2 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगा। मूल्यांकन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दो पालियां में किया जाएगा। पहली पाली में परीक्षको को आधी कॉपियां आवंटित की जाएगी जिसका समय सुबह 10 से 01 बजे तक रहेगा और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 के मध्य शेष आदि कॉपियों का आवंटन मूल्यांकन हेतु उप प्रधान परीक्षक द्वारा परीक्षक को किया जाएगा। उप प्रधान परीक्षक प्रत्येक दिन अपनी टोली में परीक्षको की दो कॉपियों का निरीक्षण करेगा और प्रथम दिवस में पांच आदर्श उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परीक्षकों को अवगत कराएंगे। हाई स्कूल में एक परीक्षक एक दिन में अधिकतम 50 कंपनियों का मूल्यांकन करेगा, तो इंटरमीडिएट में एक परीक्षक एक दिन में अधिकतम 45 कॉपियों का मूल्यांकन करेगा। उप नियंत्रक द्वारा बोर्ड से प्राप्त निर्देशों के क्रम में निर्देशित किया गया कि मूल्यांकन के दौरान उप प्रधान, परीक्षकों एवं परीक्षकों द्वारा मोबाइल का उपयोग पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। मूल्यांकन की गोपनीयता भंग करने पर विधि अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्य नियंत्रक द्वारा भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा में सुचिता को बनाए रखें एवं छात्र हित में कॉपियां का मूल्यांकन नियम अनुसार करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के अवसर पर उप नियंत्रक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज धर्मेंद्र कुमार, सह उप नियंत्रक अरुण बाबू शर्मा, पत्राचार प्रभारी अमित शुक्ला, कमलेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उप प्रधान परीक्षक एवं परीक्षक उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क कला साधना शिविर 06 अप्रैल से

**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कला प्रतिभाओं को दक्षता प्रदान करने एवं कला बारीकियां सिखाकर एक अच्छे कलाकार तैयार करने हेतु आगामी 06 अप्रैल से 04 मई 2025 तक नि:शुल्क कला साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के आयोजक प्रसिद्ध कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि इस शिविर में भारतीय चित्रकला के आधारभूत सिद्धान्त, एब्स्ट्रेक्ट डिजायन, स्टडी ऑफ हेड, मानव आकृति का विभिन्न आकृतियों में विकास, कैलीग्राफी, डिजायन, टोन्स, दृष्टिक्रम के सिद्धान्त, दृश्य चित्रण, पिक्चर कम्पोजीशन, बुन्देली चित्रकला के विभिन्न आयाम आदि विषयों पर चर्चा एवं अभ्यास कराया जायेगा। बिरथरे ने बताया कि इस शिविर में चित्र रचना का अभ्यास जल रंग द्वारा किया जाता है। इस शिविर में भारतीय चित्रकला के विभिन्न शैलियों के साथ साथ बुन्देली लोककला के चित्रांकन को विशेष आधार बनाया जायेगा। यह शिविर सायं 4 बजे से 5.30 बजे तक प्रतिदिन चलेगा। इस शिविर में वही प्रतिभाग करें, जो कला के प्रति गहरी रुचि रखते हो। नवीन प्रतिभागियों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

# महिला सुरक्षा सम्मान को समर्पित जागते रहो भारत यात्रा आगे बढ़ी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** महिला सुरक्षा सम्मान को समर्पित जागते रहो भारत यात्रा ललितपुर पहुंची। जनपद आगमन पर कनक जन कल्याण समिति अध्यक्ष जयेश बादल ने कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का स्वागत किया। तत्पश्चात गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। प्रेसवार्ता में जागते रहो भारत यात्रा के संयोजक राजेंद्र कुमार ने यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी 21वीं सदी की सभ्य दुनिया के सभ्य लोग हैं, लेकिन समाज की आधी आबादी (महिला वर्ग) आज भी भेदभाव और सुरक्षा का सामना करने के लिए अभिशप्त है। महिला अपराध और दुष्कर्म की आए दिन होने वाली घटनाओं में भारतीय जनमानस को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसलिए जिला स्तर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, मनोवैज्ञानिक, पुलिस अधिकारी और न्याय अधिकारियों की समन्वय समिति गठित कर तिमाही बैठक सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा और सम्मान के लिए जागते रहो भारत यात्रा माउन्ट आबू से आठ मार्च को शुरू की गई है। देश के बीस राज्यों में बारह हजार किलोमीटर का सफर तयकर सात जून को इस अभियान का प्रथम चरण का दिल्ली में समापन होगा। यात्रा के दौरान विभिन्न गतिविधियां शामिल की गई हैं जिनमें पचास शहरों में स्थानीय समाज के साथ पदयात्रा, पचास स्थानों पर सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं की भागीदारी से कार्यशाला, सम्मेलन आयोजन, मार्ग के जिला मुख्यालयों पर जिला कलैक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन, नुक्कड़ नाटक, जागरुकता सामग्री वितरण, यात्रा मार्ग पर मीडिया से संवाद, स्थानीय समविचार नागरिक समूह को अभियान चलाने के लिए तैयार करना। महिला सुरक्षा से संबंधित पोस्टर सभी पत्रकारों को वितरित किए गए। संचालन कर रहे जयेश बादल ने बताया कि जागते रहो भारत यात्रा महिला सुरक्षा और सम्मान के लिए है। इस अवसर पर अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## पीडीए के तिलस्म को तोड़ने के लिए भाजपा के सहयोगी दलों ने संभाली कमान

**सुल्तानपुर।** पी डी से का तिलिस्म तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ संजय निषाद के संयोजन में संवैधानिक अधिकार यात्रा निकाली जा रही है। मायावती के बाद सोशल इंजीनियरिंग के सहारे एक बार फिर 2027 फतह करने में भाजपा जुट गई है।भाजपा का मेगा प्लान है कि उपचुनाव में पासी वर्सेस पासी, निषाद वर्सेस निषाद का फॉर्मूला सफलता की गारंटी बन गया था।

सुल्तानपुर के लोकसभा चुनाव में निषाद समाज से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुवाल निषाद की ताकत को खत्म करने की बड़ी तैयारी में निषाद पार्टी जुट गई है। निषाद मतदाताओं पर एकाधिकार जताकर सपा से भाजपा में मंत्री संजय निषाद आए थे।लोकसभा चुनाव में निषाद समाज ने संजय निषाद को दरकिनार कर अखिलेश यादव के पीडीए फार्मूले पर मोहर लगाई थी। पिछड़े व अति दलित जातियों के गठजोड़ से अवध जोन में भाजपा को करारी शिकस्त मिली थी। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के बाद स्थानीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय के संयोजन में संवैधानिक अधिकार यात्रा निकाली गई।

# माननीय सभापति ने की आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में माननीय सभापति श्री अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में दैवीय आपदा प्रबंधन जाँच समिति की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा से पूर्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने माननीय सभापति व समिति के अन्य सदस्यों श्री उमेश द्विवेदी, श्री अंगद सिंह, श्री रामसूरत राजभर व श्री जास्मीन अंसारी जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक प्रारम्भ करते हुए बैठक में सबसे पहले राजस्व विभाग की समीक्षा हुई। राजस्व विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने समस्त विवरण प्रस्तुत किया। माननीय सभापति में डूबने व सर्पदंश से मृत्यु के आँकड़ों की विस्तृत जानकारी ली और ऐसे प्रकरणों में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को तत्काल नियमानुसार सहायता उपलब्ध करायी जाये। शीत लहर व आंधी तूफ़ान में प्रभावितों की सहायता की जाये। बाढ़ के मामले में लोगों को त्वरित सहायता पहुँचायी जाये। उन्होंने आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में दी जाने वाली सहायता व जन हानि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को पात्रता के अनुसार लाभान्वित कराया जाये। सभापति ने लोगों को आपदा के जोखिम न्यूनीकरण के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मॉकड्रिल के बारे में समिति को अवगत कराया। माननीय विधायक सवायजपुर श्री माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने सार्वजनिक स्थानों पर बाढ़ या अन्य दैवीय आपदा से सम्बंधित पेंटिंग करने की बात समिति के समक्ष रखी। सभापति ने माननीय विधायक से सहमति जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता के लिए युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र व स्वयं सहायता समूहों की सहायता ली जाये। जिलाधिकारी ने जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में समिति को बताया। सभापति ने कहा कि आपदा जागरूकता के मास्टर ट्रेनरों की सूची सम्बंधित तहसीलों व माननीय जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जाये। माननीय विधायक सवायजपुर ने जनपद को बाढ़ के मामले में संवेदनशील श्रेणी से अति संवेदनशील श्रेणी में परिवर्तित कराने का आग्रह किया। माननीय सभापति ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान माननीय सभापति ने स्थिति सुधरते ही तत्काल विद्युत आपूर्ति निर्बाध करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने नगर क्षेत्र में की पैदल गश्त



**उन्नाव।** रमजान माह एवं ईद के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह एवं श्रीमती सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर मय भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत मुख्य बाजार एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र मे पैदल गश्त की गई तथा संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने गौशाला का किया निरीक्षण



**उन्नाव।** विकास खंड नवाबगंज स्थित गौसंरक्षण केंद्र मखदूमपुर का सोमवार को गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने निरीक्षण किया। केंद्र पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने स्वागत किया। इस दौरान ग्राम प्रधान भोला और कुसुम्भी के प्रधान मनोज कुमार पांडेय भी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष ने गौशाला में चल रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने केंद्र में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। साथ ही इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह और ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश मौर्य सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### एक्सप्रेस-वे पर पलटी अनियंत्रित बस

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अचानक टायर फटने से तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सर्विस रोड पर जा पहुंची और पलट गई। हादसा होते ही बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस और यूपीडा कर्मियों ने यात्रियों को बाहर निकालकर घायलों का इलाज कराया। राजस्थान प्रांत के भरतपुर निवासी चालक विजेंद्र निजी ट्रैवल एजेंसी की बस में करीब 80 यात्रियों को भरतपुर से लेकर मधुबनी बिहार जा रही थी तभी रास्ते में बीते रविवार को देररात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्थित ग्राम नसिरापुर के सामने तेज रफ्तार बस का एक टायर अचानक फट गया। टायर फटते ही बस अनियंत्रित होकर विपरीत लेन से होते हुए नीचे सर्विस रोड पर जाकर पलट गई। जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा रेस्क्यू टीम ने बस के शीशे तोड़कर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे चालक विजेंद्र और परिचालक राहुल के अलावा मनीष और जगदीश निवासी मधुबनी बिहार दो यात्री भी घायल हो गए। पुलिस ने घायल यात्रियों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने सभी यात्रियों को अन्य बस से बिहार प्रांत रवाना किया।

### व्यापार बन्धु की बैठक आहुत की गयी

**संभल।** जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक आहुत की गयी। जिसमें व्यापारिक बन्धुओं की समस्याओं को सुना गया और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सम्भल आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### बहू-बेटे से त्रस्त आशा संगिनी ने की एस पी से शिकायत

**सुल्तानपुर।** अपने बेटे तथा बहू से त्रस्त आशा संगिनी ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है।पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आशा संगिनी तथा बहू आशा कल्याण समिति की अध्यक्षा किरन शुक्ल ने बताया है कि वह स्वास्थ्य विभाग में संविदा की नौकरी करके अपना जीवन यापन करती है। उसके पति अपने घर पर पूरे भंजन शुक्ल मजरे बरासिन में रहते है और खेती बारी का कार्य करते है। वे प्रार्थिनी को कोई सहयोग नही करते है। सहयोग न करने के कारण वह अपनी ससुराल से मायके आकर स्व अर्जित भूमि पर अपना मकान बनाकर रह रही है।उसका का बड़ा लड़का प्रतीक शुक्ला व उसकी बहू माण्डवी शुक्ला उसको आये दिन गाली गुप्ता देती रहती है। बहू माडवी खुले आम धमकी देती है कि मैं जो चाहूँगी वही करूंगी, अगर मना करोगी तो अपनी जान देकर तुम्हे फंसा दूंगी।बेटा प्रतीक भी आये दिन जान से मार डालने की धमकी देता है।वह बेटा बहू की प्रताड़ना से पीड़ित होकर अपनी नौकरी नही कर पा रही है। प्रतीक व माडवी के कृत्य से पीड़ित होकर उसने उसे अपनी स्व अर्जित सम्पत्ति से बेदखल करने की सूचना जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर को दिनांक 07.09.2019 को दे दिया है। साथ ही उसने जनमोर्चा अखबार में बेदखली की सूचना प्रकाशित भी करवा दिया है। इसके बावजूद भी बेटा प्रतीक व बहू माण्डवी अपनी बेजा हरकत से बाज नही आ रहे है।उनके द्वारा आये दिन गाली गुप्ता देना व मार पीट की धमकी देना व बहू द्वारा जान देकर फर्जी फंसाने की धमकी देना लगातार किया जा रहा है।वे लोग उसको बेइज्जत करने पर उतारू रहते है। जिससे वह मानसिक प्रताड़ना झेलकर तंग आ चुकी है। पीड़िता किरन शुक्ला ने उसके बेटे प्रतीक व बहू माण्डवी को उसके स्व अर्जित मकान से निकालकर उसे अपने पैतृक निवास पूरे भंजन शुक्ल मजरे बरासिन थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर भेजवाने की गुहार लगाई है।

# समाज में नफरत फैलाने के लिए इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़कर जहर घोलने का काम कर रहे हैं

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** आज के समय में कुछ लोग समाज में नफरत फैलाने के लिए इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़कर जहर घोलने का काम कर रहे हैं। वे धार्मिकता और राष्ट्रवाद के नाम पर हिंसा और दंगे भड़काते हैं, लेकिन सच यह है कि ऐसे लोग न तो सच्चे धार्मिक होते हैं और न ही सच्चे राष्ट्रवादी। वे केवल अपने स्वार्थ और मतलब के लिए लोगों को आपस में लड़वाते हैं और समाज में अशांति फैलाते हैं।

इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब समाज में नफरत और हिंसा फैली है, तब-तब केवल विनाश हुआ है। चाहे वह 1947 का विभाजन हो, 1984 के दंगे हों या फिर 2002 के सांप्रदायिक दंगे, हर बार नफरत के बीज बोकर निर्दोष लोगों की जान ली गई। दंगों में हमेशा आम आदमी ही पिसता है, जबकि इन्हें भड़काने वाले लोग अपने स्वार्थ की रोटियां सेंकते हैं।

सच्चा धार्मिक इंसान वह है जो अपने धर्म की शिक्षाओं का पालन करते हुए प्रेम और शांति का संदेश फैलाए। इसी तरह, सच्चा राष्ट्रवादी वह है जो अपने देश के हर नागरिक को एक समान मानकर सबको साथ लेकर चले, न कि समाज में जहर घोलकर देश को कमजोर करे। जो लोग धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर नफरत फैलाते हैं, वे असल में देशद्रोही हैं, क्योंकि वे समाज की एकता को तोड़ने का काम करते हैं।

सभी धर्म इंसान को शांति और प्रेम की शिक्षा देते हैं, लेकिन लोगों को धर्मों की इन शिक्षाओं से कोई लेना देना नहीं है, आज धर्म तो स्वार्थ के रुप में उपयोग किया जा रहा है, न कि जीवन में लागू करने के लिए।

सनातन धर्म वसुधैव कुटुम्बकुम की शिक्षा देता है, कि सारी धरती एक परिवार।

तो यही बात पैगम्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहिवसल्लम ने कहीं कि सारी सृष्टि अल्लाह का परिवार है और अल्लाह को वह मनुष्य प्रिय है जो उसकी स्रष्टि से प्रेम करें।

ईसा मसीह ने भी प्रेम और क्षमा का संदेश दिया..

अपने शत्रुओं से प्रेम करो और जो तुम्हें सताते हैं, उनके लिए प्रार्थना करो।

**(बाइबल)**

कुरआन में साफ तौर पर कहा गया है कि अल्लाह ने हमें जीविका दी है, जिससे हमें सही तरीके से जीवन यापन करना चाहिए, न कि धरती में फसाद (उपद्रव) फैलाने वालों में शामिल होना चाहिए।

(खाओ और पिओ अल्लाह की जीविका से, और धरती में बिगाड़ फैलाने वालों में से मत बनो)

**कुरआन 2:60**

अपनी बुद्धि का उपयोग करें और भेंड़चाल चलने से बचें जीवन बहुत थोड़ा है।

हर इंसान अपने कर्मो के साथ रब के सामने हाजिर होगा, और हर एक को अपने हर कर्म का जवाब देना ही देना है, समझदार वह है जो इस सत्य को समझ लें।

इस तरह के साम्प्रदायिक दंगे हमारे लोक परलोक दोनों को खराब करते हैं और देश की उन्नति के लिए सबसे बड़ी बाधा हैं। हमें यह समझना होगा कि नफरत और हिंसा से कुछ भी हासिल नहीं होगा। जो लोग आज समाज में जहर फैला रहे हैं, वे हमारे सबसे बड़े दुश्मन हैं। हमें मिलकर उनके मंसूबों को नाकाम करना होगा और प्रेम, भाईचारे और शांति के संदेश को फैलाना होगा।आइए, नफरत मिटाएँ और शांति का संदेश फैलाएँ, क्योंकि समाज और देश का वास्तविक विकास केवल प्रेम और सद्भाव में ही संभव है।

## पीड़ितों से अच्छा कार्य व्यवहार रखे पुलिसः अनुपम



**सुलतानपुर।** जनपद के पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने कोतवाली नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री सिंह ने थाना परिसर, अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री सिंह ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, लंबित मामलों की समीक्षा कर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, छ्ष्ट्ञहृस् कार्यालय का भी निरीक्षण किया एवं आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने पुलिस कर्मियों को अनुशासन, सतर्कता एवं जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

## पेड़ पर लकड़ी काट रहे अधेड़ की गिरने से हुई मौत

**सुलतानपुर।** पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहे अधेड़ की गिरने से हुई मौत। बकरी के लिए गुलर की पत्ती काटने चढ़ा था अधेड़। नगर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर चौकी अंतर्गत स्थानीय मोहल्ले का मामला। मृतक अधेड़ नारायणपुर वार्ड का निवासी। लक्ष्मणपुर चौकी प्रभारी अशोक चौरसिया का कहना, डेड बॉडी भेजी गई पोस्टमार्टम के लिए।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति हिरासत में

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गाखेड़ा गांव निवासी राकेश की पत्नी लक्ष्मी (40) की रविवार दोपहर तेज पेट दर्द होने से हालत बिगड़ गई थी। परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां से इलाज देर रात मौत हो गई। अचलगंज निवासी मृतका की भाभी प्रेमवती ने बताया कि 15 साल पहले लक्ष्मी का विवाह हुआ था। पति राकेश शराब का लती है। आरोप लगाया कि रविवार सुबह राकेश शराब पीकर घर पहुंचा था। लक्ष्मी ने टोका तो दोनों में विवाद हो गया, इसके बाद उसने आठ माह की गर्भवती लक्ष्मी से मारपीट की और पेट पर लात मार दी, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के समय मृतका के तीन बच्चों में शोभित (11), प्रियांशु (9) और आदर्श (5) घर के बाहर खेल रहे थे।

# लागौन गांव में शराब की बिक्री व ठेका तत्काल बंद करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

- महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** जिले में शराब की बिक्री को बंद किये जाने की मांग लगभग आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों से मांग उठायी जा चुकी है। बावजूद इसके दुकानों को न तो गांव की घनी आबादी के बीच से हटाया गया और न ही शराब का सेवन कर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ कार्यवाहियां की गयीं। लिहाजा महिलाओं, बुजुर्गो और बच्चों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ऐसा ही एक नया मामला विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम लागौन से सामने आया है। इस गांव की दर्जनों महिलाओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भेजा है। नारेबाजी करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने लागौन गांव में शराब की बिक्री व ठेका को बंद किये जाने की मांग उठायी है।

ज्ञापन में डीएम को महिलाओं ने अवगत कराया कि लागौन गांव में अधिकांश लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। बताया कि गांव में शराब बिक्री केन्द्र/ठेका हो जाने के कारण गांव में काफी अराजकता एवं भुखमरी उत्पन्न हो गयी है, जिससे गांव में लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है। आरोप है कि गांव के छोटे-छोटे नाबालिग बच्चे भी शराब की लत के कारण काफी बिगड़ गये हैं और शराब का सेवन करने वालों से महिलाओं व बालिकाओं से छेडख़ानी की घटनाएं निरंतर बढने लगी हैं। इतना ही नहीं विरोध करने पर आये दिन विवाद की स्थिति और मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आयीं हैं। आरोप है कि यहां के अधिकांश लोग शराब पीने में रुपयों को बर्बाद कर रहे हैं और फसलों को बेचकर भी शराब का सेवन किया जा रहा है, जिससे बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय हो रहा है। इतना ही नहीं गांव में स्कूल जाने वाले रास्ते पर शराब का ठेका है, जिससे यहां जाने वाले बच्चों को परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री व ठेका को तत्काल बंद किये जाने की मांग उठाते हुये अन्यथा की स्थिति में आत्महत्या जैसे कदम उठाने के लिए विवश होने की बात कही। आगे बताया कि इस सम्बन्ध में विगत 10 मार्च को भी एक ज्ञापन दिया था, जिसमें जिलाधिकारी के तीन दिन के आदेश पर भी कार्यवाही नहीं हुयी। ज्ञापन देते समय देवेन्द्र कुमार जैन, यशपाल सिंह, पारसिंह, राकेश सिंह, अजय कुमार जैन, गुड्डी, ज्ञानबाई, बलराम सिंह, भागवती, खिलनबाई, सखी, ज्ञानबाई, लाड़कुंवर, कपूरी, ममता, देना, कलावती, उर्मिला, अमरवती, किरन, रामवती, बृजेश, नंदराम, बरमिया, विनोद कुमारी, सरोज, रीना, बबलेश, फूलाबाई के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## विवाहिता ने मायके में फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव।** एक विवाहिता ने मायके में फांसी के फंद्दे पर लटककर अपनी जान दे दी। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मुझइया निवासी केशनपाल पुत्र हेमनाथ द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उसकी 32 वर्षीय विवाहित बेटी गुड़िया के अरसे से कोई संतान नहीं हुई थी। इसी कारण वह तनावग्रस्त रहती थी। तनाव के चलते ही सोमवार को वह मजदूरी कर वापस घर लौटा तो पुत्री का शव घर में फांसी के फंद्दे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका का पति अरविंद निवासी ग्राम चांदू देवारी थाना कासिमपुर हरदोई मौजूदा समय लुधियाना में है। जिसे घटना की सूचना दे दी गई है।

# दैवीय आपदा से सम्बंधित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

सैफ अली जाफरी

**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह में माननीय सभापति श्री अवनीश कुमार सिंह व समिति के अन्य माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जाँच समिति की कार्यशाला का आयोजन किया गया। समिति के माननीय सभापति ने अन्य माननीय सदस्यों श्री उमेश द्विवेदी, श्री रामसूरत राजभर व श्री अंगद सिंह के साथ प्रेक्षागृह पहुंचकर आपदा प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। माननीय सभापति ने इस दौरान प्रतीकात्मक रूप से दो किसानों को फसल बीमा योजना योजना के भुगतान का स्वीकृति पत्र व दो किसानों को स्प्रे मशीन भेंट की। कार्यशाला का औपचारिक उदघाटन माननीय सभापति व अन्य माननीय सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला के दौरान माननीय सभापति श्री अवनीश कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि दैवीय आपदा प्रबंधन जाँच समिति का दौरा लोगों के लिए उपयोगी साबित हुआ है। लोगों को विभिन्न आपदा सहायता योजनाओं की जानकारी मिली है। उन्होंने विभिन्न ग्राम प्रधानों से आपदा से निपटने के तरीकों पर संवाद किया। उन्होंने दामिनी व सचेत ऐप के बारे में प्रधानों से पूछा। उन्होंने कहा कि दामिनी ऐप डाऊनलोड कर आकाशीय बिजली गिरने आदि की घटनाओं की जानकारी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन काफ़ी संवेदनशील है। जनप्रतिनिधि प्रशासन के साथ समन्वय कर अपने गाँव में संभावित आपदा के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कराये। आपदा के जोखिम न्यूनीकरण व पुनर्वास के बारे में जानें। दैवीय आपदा की वेबसाइट पर जाकर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।आपदा को रोकने के लिए जनप्रतिनिधि व अधिकारी आपस में बैठकर दीर्घकालिक योजना बना सकते हैं। सभी मिलकर अपने भविष्य की पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनायें। सरकार प्रभावित क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत के लिए सहायता देती है। समिति के माननीय सदस्य श्री उमेश द्विवेदी ने



कहा कि लोग आपदा के दौरान विभिन्न सरकारी सहायता योजनाओं के बारे में जानें। सर्पदंश से मृत्यु के मामले में पोस्टमार्टम अवश्य करवाया जाये ताकि सहायता राशि प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने बाढ़ से प्रभावित कृषि भूमि पर गाद हटाने के लिए सहायता दी जाती है। इस सहायता योजना के बारे में जानें और प्रभावित पात्र लोग आवेदन करें। सभी लोग आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों के साथ खड़े हों। समिति के माननीय सदस्य श्री अंगद सिंह ने कहा कि सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि दैवीय आपदा के दौरान प्रभावितों के साथ खड़े हों। उन्होंने प्रेक्षागृह से ही कंट्रोल रूम के नम्बर पर फोन मिलाया और बात की। नम्बर सक्रिय पाए जाने पर उन्होंने जिलाधिकारी व उनकी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी आपदा के मामले में सम्बंधित नंबरों पर फोन करें। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि दैवीय आपदा से ग्रामों के प्रधान, सचिव, लेखपाल, स्वास्थ्य व पशुपालन विभाग के लोगों के प्रशिक्षण से आपदा के प्रभावों को कम किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने विस्तार से आपदा प्रभावित लोगों को मिलने वाली सहायता के बारे में बताया। उन्होंने स्टेट हेल्पलाइन 1070 व जिला स्तर पर बनाये गए कंट्रोल रूम के नंबरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा के मामले में बाढ़/ राहत कंट्रोल रूम नम्बर 05852-299155, 299156, 299157 पर कॉल किया जा सकता है। मोबाइल नम्बर 9454416606 पर भी संपर्क किया जा सकता है। ग्राम सचिवालय पर आपदा के सम्बन्ध में जानकारी पर आधारित पेंटिंग करायी जाएगी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि हेलमेट पहनकर व अन्य सुरक्षात्मक उपाय अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। कोई भी शराब पीकर वाहन न चलाये। कार्यशाला में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने अपने विभागों के आपदा प्रबंधन में योगदान व योजनाओं की जानकारी दी। डॉ पंकज मिश्रा ने आपदा के दौरान प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव पूरे दमखम से लड़ेगा राष्ट्रीय लोकदल: जावेद




अवधनामा संवाददाता

■ जिलाध्यक्ष ने बैठक में समर्थकों के साथ तय की रणनीति

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय लोक दल जिलाध्यक्ष ने आगामी जिला पंचायत चुनावों के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाध्यक्ष ने समर्थकों के साथ मिलकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और दमदारी से चुनावी मैदान में उतरने का संकल्प लिया। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय लोक दल जिलाध्यक्ष जावेद हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि पार्टी का उद्देश्य जिला पंचायत चुनावों में एनडीए गठबंधन की स्थिति को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पकड़ को और भी सुदृढ़ करना है। उन्होनें कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जनता के बीच जाने, उनकी समस्याओं को समझने और समाधान प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होनें सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने और मतदाताओं से संपर्क साधने की योजना बनाई है। इस दौरान महिला जिलाध्यक्ष सोनम, इमरान खान, मनोज पाल, नौशाद खान, मौलाना महताब, जकील हुसैन, शिव कुमार, प्रेम चंद्र, राजीव कुमार, विश्राम सिंह, सलमान मंसूरी, पिंकी, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाइको की भिड़न्त में युवक की मौत, पांच घायल

**उन्नाव।** मांखी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात उन्नाव हरदोई मार्ग पर दो बाइकों की भिंडत में पांच युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन घायलों को सफीपुर अस्पताल भेज दिया गया। जहां डाक्टर ने तीनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि दो को गभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। सफीपुर कस्बा के जुगियाना मोहल्ला निवासी इजराइल पुत्र इस्माइल साथी राम शंकर पुत्र खुशी राम बांया तालाब उन्नाव से सफीपुर की ओर जा रहे थे इसी बीच माखी थाना क्षेत्र के लूटा पुर गांव निवासी पुनीत यादव 14 पुत्र सरवन यादव, शिवांश यादव पुत्र दिनेश यादव, अर्जुन यादव पुत्र रणधीर यादव तीनों एक ही बाइक से चेतान खेडा गांव की ओर जा रहे थे इसी बीच सामने से आ रही बाइक से भिंडत में पांच युवक घायल हो गए पुनीत यादव व शिवांश यादव को गभींर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने पुनीत यादव को मृत घोषित कर दिया मृतक माता पिता की इकलौती संतान थी इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी है।

# बुन्देलखंड अलग राज्य की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** बुन्देलखंड क्रातिं दल महोबा ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बुन्देलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि 01 जनवरी 1950 को नर्जर एक्ट के तहत बुन्देलखंड का नाम बदलकर विंध्य प्रदेश किया गया था, अब बुन्देलों ने एक बार फिर बुन्देलखंड अलग राज्य की अलख जगाई है। अतिरिक्त एसडीएम को सौपें गए ज्ञापन में बताया कि देश की आजादी के बाद अनेक राज्यों का गठन हुआ, लेकिन एतिहासिक सांस्क्रतिक और भौगोलिक दृष्टि से समृद्ध बुन्देलखंड की हमेशा उपेक्षा की गई। विकास के अभाव में युवाओं के पलायन रोजगार की कमी और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग के काराण लगातार पिछ्ड़ता जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि बुन्देलखंड प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न होने के बावजूद गरीबी पलायन बेरोजगारी और जलसंकट से जूझ रहा है।

अलग अलग राज्य बनने से सहां के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगारी और बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। ज्ञापन में बताया कि अलग बुन्देलखंड राज्य के निर्माण के बिना बुन्देलखंड का विकास नही हो सकता। ज्ञापन देने वालों में चरखारी महाराज की पुत्री राजकुमारी, ज्यंति सिंह, बबली सिंह, राम प्रकास सिंह सतेंद्र सिंह शामिल रहे।

# नव्य भव्य रंगों मे सुशोभित होगी भगवान परशुराम शोभायात्रा : राजकुमार शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति एवं संपूर्ण विप्र समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन आलम सराय स्थित डी के रिसोर्ट में किया गया जिसका शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा, अधिशासी अधिकारी डॉ मणिभूषण तिवारी एवं अजय कुमार शर्मा ने किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि वंदना मिश्रा ने शिक्षा पर बल देते हुए,संपूर्ण ब्राह्मण समाज से अपने कर्तव्यों पर चिंतन करने का आह्वान किया।



विशिष्ट अतिथि डॉ मणिभूषण तिवारी ने कहा कि आज हमें संगठनात्मक एवं रचनात्मक तरीके से एकजुट होकर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए जिससे संपूर्ण मानव जाति का कल्याण हो सके। कार्यक्रम अध्यक्ष उमेश चंद शर्मा एडवोकेट ने विप्र समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने हेतु ऐसे मिलन समारोह को आवश्यक बताया, साथ ही कहा कि ब्राह्मण समाज की शक्ति से न केवल कुछ परिवार मजबूत होते हैं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र सशक्त होता है। मंडल अध्यक्ष संजीव सारस्वत ने ब्राहमण बंधुओं से राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने की गुहार लगाई। भगवान परशुराम शोभायात्रा के प्रभारी राजकुमार शर्मा ने गत वर्षो की शोभायात्रा का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए, सदन में उपस्थित सभी ब्राह्मण बंधुओ से आगामी शोभायात्रा के लिए व्यवस्थाएं सुनियोजित करने का निवेदन किया जबकि प्रबंधक प्रभाकर शुक्ला ने व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की बात रखी।राहुल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि ब्राह्मण समाज के पिछड़ने का कारण आपसी बैरभाव है, गरीब ब्राह्मणों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पाता क्योंकि उसे जाति के आधार पर ही धनी मान लिया जाता है। इसलिए आरक्षण का आधार जातीय न होकर आर्थिक होना चाहिए। समाजसेवी निशिकांत तिवारी, अशोक त्रिवेदी ,गणेश शर्मा एवं के0 के0 मिश्रा ने सम्भल परिक्रमा को मासिक रूप से नियोजित करने के लिए राजकुमार शर्मा एवं उनकी सक्रिय टीम की प्रशंसा की।इस अवसर पर हरिओम शर्मा, विजय शर्मा, सुमंत शुक्ला, गंगन शर्मा, भीष्म शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा ,शशिकांत शर्मा,ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, विशाल पाठक ,विनीत शर्मा, विशाल शर्मा, संजय सांख्यधर, योगेश शर्मा, डॉ मणिकांत शर्मा, पूनम शुक्ला, निधि शर्मा, पारुल शर्मा, संजय शर्मा, शिवांश पाठक, राजुल शर्मा, अनुराग शुक्ला, श्रीकांत श्रोत्रिय, प्रदीप शर्मा, शंकर शर्मा, शोभित शास्त्री, महेंद्र स्वामी, नवीन प्रकाश शर्मा, सुभाष त्यागी,मुकेश शर्मा, सुशील शर्मा, नरेंद्र स्वामी, अंकित त्यागी, प्रमोद शर्मा, अमन पूठिया, त्रिभुवन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## बुन्देलखंड अलग राज्य की मांग को लेकर एसडीएम कों सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** बुन्देलखंड क्रातिं दल महोबा ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बुन्देलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि 01 जनवरी 1950 को नर्जर एक्ट के तहत बुन्देलखंड का नाम बदलकर विंध्य प्रदेश किया गया था, अब बुन्देलों ने एक बार फिर बुन्देलखंड अलग राज्य की अलख जगाई है। अतिरिक्त एसडीएम को सौपें गए ज्ञापन में बताया कि देश की आजादी के बाद अनेक राज्यों का गठन हुआ, लेकिन एतिहासिक सांस्क्रतिक और भौगोलिक दृष्टि से समृद्ध बुन्देलखंड की हमेशा उपेक्षा की गई। विकास के अभाव में युवाओं के पलायन रोजगार की कमी और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग के कारण लगातार पिछड़ता जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि बुन्देलखंड प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न होने के बावजूद गरीबी पलायन बेरोजगारी और जलसंकट से जूझ रहा है। अलग अलग राज्य बनने से सहां के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगारी और बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई की पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए हैं।

### जंगल में आग लगने से मची अफरा तफरी, वन कर्मियों ने बुझाई आग

**महोबा।** अजनर गांव के मेला मुहाल के पास बने शमसान घाट से सटे जंगल में कूड़ा करकट से निकली आंग की चिंगारी से अचानक आग लग गई, आग लगते ही अफरा तफरी मंच गई। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जंगल में जगह जगह पड़े कूड़े से निकली आग की चिंगारी ने पहले घास फूस को जलाया इसके बाद आग तेजी से फैल गई। तमाम छोटे छोटे पेड़ो में आग लग जाने से आग चारों तरफ फैलने लगी, जिससे ग्रामीण बुरी तरह सहम गए। ग्रामीणों ने भी वन कर्मियों की आग बुझाने में मदद की। आग एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। देखते ही देखते चारों तरफ धुंआ और आग नजर आने लगी, जिसके चलते ग्रामीण भी आग बुझाने में जुट गए। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिससे आग बस्ती तक नही पहुंच सकी इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### दंपति सहित पुत्रों से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सदरपुर निवासी प्रेमलता पत्नी वीर सहाय द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि सोमवार को 08 बजे अपने पति के साथ घर की ओर जा रही थी। तभी गांव के ही गोरेलाल, बारेलाल, बंटू, कमल और वीरू आदि ने रास्ते में घेर कर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो व धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पुत्रों सुशील, श्याम, गगन तथा रामू को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसके पुत्र श्यामू को मरणासन कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चाचर जुलूस में हुड़दंग के आरोप में 10 नामजद व 30 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** गंजमुरादाबाद कस्बे में होली के चाचर जुलूस में शामिल कुछ अराजक तत्व कपड़े उतारकर नंगे हो गए थे और अश्लील हरकतें करने लगे थे। बदसुलूकी करने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को शान्त किया था। तब जुलूस में शामिल अराजकतत्वों ने पुलिस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया था। कोतवाली बांगरमऊ पुलिस ने 10 नामजद और 30 अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है। जिससे फाग जुलूस में शामिल होरिहारों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार होली के दिन शनिवार की दोपहर कस्बा गंज मुरादाबाद के मोहल्ला गढी से परंपरागत रूप से करीब 12 बजे चाचर जुलूस निकाला गया था। डीजे और ढोल ताशा की धुन पर नाचते गाते होरियारों की भीड आगे बढ रही थी। लगभग 4 बजे मोहल्ला जोगियाना पहुंचकर जुलूस में शामिल कुछ अराजकतत्व कपड़े उतारकर अश्लील हरकतें करने लगे थे। पुलिस ने अराजकतत्वों को अश्लील हरकत करने से मना किया तो होरिहार पुलिस से बदसलूकी करने लगे थे। तब पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को शांत कराया था। पुलिसिया कार्यवाही से कुछ लोग घायल भी हो गए थे। इसपर जुलूस में शामिल होरिहार उग्र होकर पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने लगे थे। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद व उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे थे। सोमवार को कोतवाली बांगरमऊ पुलिस ने कस्बे के हरिओम, माधव, सुशील, जगदंबा, संजय, रोहित, हर्ष, गिरेंद्र, मोहित व राहुल सहित कुल 10 लोगों को नामजद करते हुए अन्य 30 अज्ञात होरिहारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट की जानकारी मिलते ही फाग जुलूस में शामिल होरिहारों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का व्यापारियों ने किया स्वागत

**उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी का स्वागत आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने आवास पहुंचकर किया। अमित मिश्रा ने अनुराग अवस्थी का मुँह मीठा कराकर व राम दरबार भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा को मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया। व्यापार संगठन के महामंत्री विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार शर्मा, हरिओम दीक्षित, शरद श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, विदित मिश्रा, नवल किशोर मिश्रा,अनुज दीक्षित सहित सैकड़ो व्यापारी लोगो ने स्वागत किया।



## 'नागपुर में कुरआन जलाने की अफवाह झूठी'

# एआइपीएमएम ने की सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत हमेशा से धार्मिक सहिष्णुता, सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए अफवाहें फैलाकर समाज में नफरत और तनाव पैदा करने की कोशिश करते हैं। नागपुर में कुरआन जलाने की खबर भी इसी तरह की एक झूठी अफवाह थी, जिसे दुर्भावनापूर्ण तरीके से फैलाया गया।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) इस घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है और यह स्पष्ट करता है कि कुरआन जलाने की खबरें पूरी तरह से झूठी और आधारहीन हैं। विश्वसनीय जांच और रिपोर्टों से यह साबित हो चुका है कि 17 मार्च 2025 को नागपुर के महाल क्षेत्र में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान केवल औरंगजेब का पुतला जलाया गया था, न कि कुरआन।सोशल मीडिया पर फैलाई गई इन अफवाहों के कारण दो समुदायों के बीच झड़पें हुई, पथराव हुआ और पुलिस बल को भी निशाना बनाया गया। शासन और स्थानीय प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि कुरआन जलाने की कोई घटना नहीं हुई है। महाराष्ट्र प्रशासन ने आम जनता से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। नागपुर के पुलिस महानिदेशक और पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के इस अनावश्यक और भड़काऊ कृत्य की कड़ी निंदा करता है, जो समाज में सौहार्द और शांति को बिगाड़ने की कोशिश है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ संगठन धर्म और इतिहास का सहारा लेकर समाज में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीऊ ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष और बहुसांस्कृतिक राष्ट्र है, जहां सभी धर्मों, पंथों, भाषाओं और संस्कृतियों को समान रूप से सम्मान दिया जाता है। किसी भी धार्मिक ग्रंथ का अपमान करना या उसे जलाने की मानसिकता रखना भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब के खिलाफ है और इससे समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता है। उन्होंने कहा ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ यह दोहराता है कि हमारा उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और समरसता बनाए रखना है। किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक हिंसा और नफरत को बढ़ावा देना हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है।

संगठन ने कहा अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिससे समाज में वैमनस्यता फैलाने वालों को न्याय के दायरे में लाया जाए। दंगा भड़काने वाले संगठनों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो। यदि कोई संगठन लगातार भड़काऊ गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना जरूरी है। उन्होंने कहा कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम समाज को निशाना बनाकर भड़काऊ बयानबाजी कर रहे हैं, सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

## चोरी की बोलेरो सहित दो चोर बिलग्राम पुलिस ने किए गिरफ्तार

**हरदोई।** जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र के पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से चोरी की गई बोलेरो के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को चोरी की बोलेरो गाड़ी सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 12 मार्च को मायाराम पुत्र कान्तिराम निवासी कैम्प-1 दुर्गागंज प्लांट, पटेल इन्फ्रास्टक्चर थाना बिलग्राम द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गई कि अज्ञात चोर द्वारा पटेल इन्फ्रास्टक्चर लिमिटेड कम्पनी की एक महिन्द्रा बोलेरो कैम्पस एरिया कालोनी से चोरी कर लिया गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।

थाना बिलग्राम के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव,अतिरिक्त निरीक्षक हकीम सिंह,उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह और पुलिस बल द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आए लखन सैनी पुत्र उदय नारायण सैनी और अनुज कुमार पुत्र कृपाल सिंह निवासीगण ग्राम गडाथा थाना रेओना जनपद कानपुर नगर को चोरी की गयी महिन्द्रा बुलेरो (UP 32 NJ 0097) सहित गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया है जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

# माँ पीतांबरा के दिव्य रंग में रंगकर भक्तिमय हुआ कन्नौज



■ 1108 कुण्डीय मृत्युंजय महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा में गूंजे जयकारे

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** कन्नौज की पावन धरा पर 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर 18 मार्च 2025 को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दिव्य आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का महासंगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में भक्तगण कलश धारण कर नगर भ्रमण पर निकले, जिससे संपूर्ण कन्नौज भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास में डूब गया। बुधवार की सुबह 09 बजे यज्ञ स्थल बोर्डिंग ग्राउंड, कन्नौज से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के आगे-आगे माँ पीतांबरा की भव्य प्रतिमा रथ पर विराजमान थी। जिसे भक्तजन श्रद्धा और भक्ति से नमन कर रहे थे। यात्रा का नेतृत्व यज्ञाधीश संत रामदास महाराज कर रहे थे, जिनके साथ हजारों भक्त ÷जय माँ पीतांबरा÷ और ÷हर हर महादेव÷ के जयकारे लगाते चल रहे थे। पूरे नगर में माँ पीतांबरा की भक्ति की गूंज सुनाई दे रही थी। कलश यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह बने स्वागत द्वार और रंग-बिरंगे पुष्पों से सजी सड़कों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इत्र नगरी कन्नौज इस दिव्य आयोजन में माँ पीतांबरा के रंग में रंगी नजर आई। भक्तों ने घरों और प्रतिष्ठानों के सामने दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर माँ का अभिनंदन किया।

### आध्यात्मिक वातावरण में यज्ञाचार्यों के गूंजे वेद मंत्र

**कन्नौज।** कलश यात्रा के दौरान यज्ञाचार्य आचार्य विष्णु जी, आचार्य करुणाशंकर जी, आचार्य कौशल जी, आचार्य पवन जी, आचार्य अनूप जी, आचार्य प्रफुल्ल जी, आचार्य नमन जी द्वारा वेदमंत्रों के उच्चारण से वातावरण और अधिक पवित्र हो उठा। मंत्रोच्चारण से गूंजते नगर में भक्तों ने माँ पीतांबरा के स्वरूप का ध्यान किया और माँ की कृपा प्राप्त करने के लिए नतमस्तक हुए।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी ऐतिहासिक भीड़, नगर हुआ भक्तिरस से सराबोर

**कन्नौज।** कलश यात्रा में हजारों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश धारण किए और पूरे नगर में भ्रमण किया। हर कोई इस यात्रा का भागीदार बनने को उत्साहित नजर आया। महायज्ञ की भव्यता को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और नगर के प्रत्येक कोने में माँ पीतांबरा की भक्ति की धारा प्रवाहित होती रही। कलश यात्रा के समापन के बाद यज्ञ स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस महायज्ञ में संपूर्ण जिले के अलावा, पड़ोसी जिलों से भी हजारों भक्तगण शामिल हुए।

### संत रामदास महाराज का संदेश 20 मार्च से महायज्ञ में हों सम्मिलित

**कन्नौज।** कलश यात्रा के पूर्ण होने पर यज्ञाधीश संत रामदास महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए 20 मार्च 2025 से प्रारंभ हो रहे 1108 कुण्डीय मृत्युंजय महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ विश्व शांति, मानव कल्याण और धर्म रक्षा के लिए किया जा रहा है, जिसमें सभी भक्तगण अपनी आहुति देकर माँ पीतांबरा की कृपा प्राप्त करें। इस भव्य आयोजन ने कन्नौज को आध्यात्मिक शक्ति से भर दिया और संपूर्ण नगर माँ पीतांबरा के दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा। सभी भक्तों ने इस आयोजन को कन्नौज के इतिहास का सबसे भव्य धार्मिक उत्सव बताया और कहा कि माँ की कृपा से यह यज्ञ नगर को सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगा।

## लखनऊ के लिए राहत की खबर, मयंक यादव ने शुरू की गेंदबाजी

**लखनऊ।** आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए राहत की खबर आई है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बंगलुरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है। मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, लेकिन माना जा रहा है कि मयंक शुरुआती चरण का हिस्सा नहीं होंगे। मयंक 2023 सीजन में चोट के कारण बाहर रहे थे, लेकिन उन्होंने पिछले सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू मैच में ही तीन विकेट झटके थे। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए जिससे लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।

# पंजाब किंग्स के खिलाड़ी पहुंचे चंडीगढ़, पीसीए में पांच अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से होगा मैच



**चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की तरफ से मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम व धर्मशाला क्रिकेट मैदान को अपना होम ग्राउंड बनाया गया है। जिसके तहत मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में 4 मैच व धर्मशाला में 3 मैच खेले जाएंगे।

पीसीए क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के पहले मुकाबले का आगाज पांच अप्रैल को होगा। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच होगा। इसके लिए खिलाड़ियों का सिटी ब्यूटीफुल में पहुंचना शुरू हो गया है। पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की तरफ से मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम व धर्मशाला क्रिकेट मैदान को अपना होम ग्राउंड बनाया गया है। जिसके तहत मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में 4 मैच व धर्मशाला में 3 मैच खेले जाएंगे।

पंजाब किंग्स की टीम पिछले दिनों धर्मशाला में अपना शिविर लगाने के बाद चंडीगढ़ पहुंच गई है। इनमें टीम में कुछ विदेशी खिलाड़ी भी जुड़ चुके है,बाकि के विदेशी खिलाड़ी एक दो दिन में शहर पहुंच जाएंगे। शहर पहुंचने वाले पंजाब किंग्स की टीम से कप्तान श्रेयर अय्यर के साथ अर्शदीप सिंह, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, हरप्रीत बराड़, मार्कस स्टोइनिस शामिल हैं। वहीं टीम के खिलाड़ियों ने सोमवार को पीसीए क्रिकेट स्टेडियम पहुंचकर अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

# महिला खिताब हटाने पर अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने स्पष्ट किया रुख, बोले- नहीं छीन सकते अधिकार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने साफ कर दिया है कि उसका महिलाओं के खिताब (महिला ग्रैंडमास्टर आदि) हटाने का कोई इरादा नहीं है। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की का कहना है कि ऐसा करना महिलाओं से उनके अधिकार छीनना और महिला प्रतिभाओं के साथ अन्याय होगा।

सुतोवस्की ने कहा, पिछले वर्षों में शीर्ष पर मौजूद महिला शतरंज खिलाड़ियों की रेटिंग में काफी गिरावट आई है, इसलिए उन्हें महिलाओं की इवेंट की जरूरत है, जिसमें खेल कर वह अपने में सुधार कर सकें। महिला शतरंज में पुरस्कार राशि बढ़ाए जाने के बावजूद महिला शतरंज लगभग 15 वर्ष पीछे है। पहले हमें 15 से 17 वर्ष की आयु में 2500 की रेटिंग वाली महिला खिलाड़ी मिल जाती थीं, लेकिन आज हमारे पास 17 से 18 वर्ष की आयु में 2400 की रेटिंग वाली दो खिलाड़ी मौजूद हैं।

**खिताब**

**ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का कहना है कि महिलाओं के खिताब हटाने से महिला शतरंज खत्म हो जाएगी। जूडिथ पुरुषों के साथ खेलती थीं।**

**पोल्गर की मांग का वैशाली ने किया समर्थन**

दिग्गज खिलाड़ी हंगरी की जूडिथ पोल्गर आवाज उठा रही हैं कि महिला शतरंज के खिताबों को खत्म कर देना चाहिए। उनका समर्थन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने भी किया। उन्होंने कहा, महिला खिताब हटाने से महिलाओं को ग्रैंडमास्टर हासिल करने की ज्यादा प्रेरणा मिलेगी।



**ऐसे तो महिला शतरंज खत्म हो जाएगा**

ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का कहना है कि महिलाओं के खिताब हटाने से महिला शतरंज खत्म हो जाएगी। जूडिथ पुरुषों के साथ खेलती थीं। लेकिन उनकी बहन सुसान ने महिलाओं के साथ खेलना नहीं छोड़ा। वैशाली को जितने भी पुरस्कार मिले हैं, उनमें महिला शतरंज के खिताबों का योगदान है।

## सिंधू का सामना मालविका से, पुरुष एकल में लक्ष्य देंगे प्रणय को चुनौती, फॉर्म हासिल करने पर नजरें

**नई दिल्ली।** सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी।

स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 2,50,000 डॉलर इनामी राशि के स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं, लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं।

सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य ऑल इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। सिंधू, किदांबी श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना और पुरुष युगल में सात्विक-चिराग खिताब जीत चुके हैं।

लक्ष्य और प्रणय की पेरिस ओलंपिक के बाद एक-दूसरे से पहली भिड़ंत होगी। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा, जबकि प्रियांशु राजावत स्विट्जरलैंड के कुएंजी से खेलेंगे। महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा और गायत्री गोपीचंद की भी मजबूत चुनौती रहेगी।

# भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिताः आईटीबीपी के घुड़सवार राकेश कुमार अव्वल, ITBP भानु में आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के घुड़सवारों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में विजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए।

43वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता और घुड़सवार पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आईटीबीपी भानू में सोमवार को जांबाज घुड़सवारों ने दम दिखाया। इसमें पुलिस हॉर्स प्रतियोगिता में आईटीबीपी के अश्व अंबर के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, दूसरा स्थान दिल्ली पुलिस के अश्व तिलक के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल संदीप खटाना और तीसरा स्थान बीएसएफ के अश्व जसन के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल ध्रुव सिंह को मिला।

मेडल रिले प्रतियोगिता में सशस्त्र सीमा बल की टीम-बी के अश्व अप्पू के साथ घुड़सवार सुरेंद्र सिंह, अश्व रेवा के साथ घुड़सवार अमन पाठक और अश्व चैंपियन के साथ घुड़सवार यशपाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, दूसरा स्थान बीएसएसफ की टीम-ए के अश्व बिल्लू के साथ घुड़सवार कांस्टेबल दिनेश कुमार, अश्व समर प्लेस के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल तेज प्रसाद जोशी और अश्व प्रेम के साथ घुड़सवार कांस्टेबल आकाश कुमार ने प्राप्त किया।



तीसरा स्थान चंडीगढ़ पुलिस की टीम-ए के अश्व किरण के साथ घुड़सवार प्रवीण, अश्व सम्राट के साथ घुड़सवार अमित कुमार और अश्व जूलिएट के साथ घुड़सवार चंद्र शेखर आजाद ने किया।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के घुड़सवारों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में विजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस मौके पर आईटीबीपी के महानिरीक्षक पीएमजी अशोक नेगी ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे देश के घुड़सवारी के खेल के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और सुरक्षा बलों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देगी।

## मालदीव से छुट्टियां मनाकर स्वदेश लौटे रोहित



**मुंबई।** रोहित आईपीएल 2025 में खेलते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च से होगी जिसमें मुंबई इंडियंस अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इससे पहले हिटमैन के टीम से जुड़ने की संभावना है।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 से पहले मालदीव से छुट्टियां मनाकर स्वदेश लौट आए हैं। रोहित चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद ब्रेक पर गए थे और परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे थे। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है और रोहित मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। रोहित आईपीएल शुरू होने से पहले स्वदेश लौटे, लेकिन एयरपोर्ट पर परिवार की फोटो लेने पर भड़क गए।

दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज रोहित आईपीएल 2025 में खेलते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च से होगी जिसमें मुंबई इंडियंस अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इससे पहले हिटमैन के टीम से जुड़ने की संभावना है। रोहित आईपीएल में बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे क्योंकि अब वह टीम के कप्तान नहीं हैं।

# किंगडम का दमदार थीम टीजर आउट

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म किंगडम की थीम टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें विजय का दमदार लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।



विजय देवरकोंडा की नई फिल्म ÷किंगडम÷ ने इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। फिल्म का थीम टीजर रिलीज होने के बाद से फैंस बहुत उत्साहित हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का टीजर थीम भी जारी किया, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने बनाया है। यह 1 मिनट 30 सेकंड का साउंडट्रैक विजय को एक शानदार और नायक की भूमिका में दिखाता है। यह संगीत फैंस को पसंद आएगा और फिल्म देखने की उनकी उत्सुकता बढ़ाएगा।

यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसे ÷जर्सी÷ फेम डायरेक्टर गौतम तिन्नानुरी ने बनाया है। विजय इसमें मुख्य किरदार निभा रहे हैं, लेकिन बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। फिल्म किंगडम को सितारा एंटरटेनमेंट, श्रीकारा स्टूडियो और फॉर्च्यून फॉर सिनेमा के बैनर तले रिलीज किया जा रहा है। इसके प्रोड्यूसर नागा वामसी और साई सौजन्या हैं।

किंगडम का टीजर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था, जिसमें विजय एक दमदार एक्शन हीरो के रूप में नजर आए। पहले वह रोमांटिक किरदारों के लिए जाने जाते थे, लेकिन अब उन्होंने एक मजबूत और साहसी किरदार निभाया है। टीजर युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

नयूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टीजर को और खास बनाने के लिए जूनियर एनटीआर, सूर्या और रणबीर कपूर ने अपनी आवाज दी है। जूनियर एनटीआर ने तेलुगु, सूर्या ने तमिल और रणबीर कपूर ने हिंदी टीजर में कहानी बताई है। इससे फिल्म सभी भाषाओं के दर्शकों के लिए खास बन गई है। पहले यह फिल्म 28 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 30 मई को सिनेमाघरों में आएगी।

# टाइगर जिंदा है लेकर किक तक, कब-कब बॉक्स ऑफिस के सिकंदर बने खान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर की वजह से चर्चा में हैं। यह फिल्म ईद पर रिलीज होने जा रही है। फिर पर लगातार हो रही बात के बीच आइए उनकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों के बारे में जान लेते हैं।

सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से रहता है। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के टीजर ने फैंस के उत्साह को और बढ़ा दिया है। फिल्म के तीन गाने अब तक आए हैं, जो काफी ज्यादा लोकप्रिय हो चुके हैं। माना जा रहा है कि यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाल मचा सकती है। सलमान की लगातार हो रही चर्चा के बीच आइए जानते हैं कि उनकी किन पांच फिल्मों ने सबसे ज्यादा कमाई की है।

**टाइगर जिंदा है**

**वापसी**

**सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से रहता है।**

टाइगर जिंदा है सलमान की ब्लॉकबस्टर फिल्म है। इस फिल्म ने 2017 में रिलीज होकर टिकट खिड़की पर बंपर कमाई की। यह फिल्म एक था टाइगर का सीक्वल थी। इसमें सलमान ने रॉ एजेंट टाइगर का किरदार दोबारा निभाया था। कैटरीना कैफ के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म के दमदार एक्शन सीन्स से फिल्म को खूब लोकप्रियता हासिल हुई। फिल्म भारत में 339.16 करोड़ रुपये कमाने में कामयाब रही थी।



सलमान खान की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बजरंगी भाईजान भी है। साल 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 320.34 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस कमाई की वजह से फिल्म को ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया था। कबीर खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान ने एक साधारण और नेकदिल इंसान का किरदार निभाया था। फिल्म में वह एक मासूम बच्ची को उसके परिवार से मिलाने की कोशिश करते हैं। फिल्म की भावनात्मक कहानी, सलमान की शानदार एक्टिंग और इसके सामाजिक संदेश ने इसे दर्शकों के साथ समीक्षकों का भी प्यार दिलाया था।

सुल्तान ने साल 2016 में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। रिलीज होने के बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ने भारत में 300.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। सलमान ने इसमें एक पहलवान की भूमिका निभाई थी, जो अपने करियर और निजी जीवन में उतार-चढ़ाव से गुजरता है। अनुष्का शर्मा के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था।

यह फिल्म टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त थी। यह साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान और कटरीना की जोड़ी एक बार फिर नजर आई थी। साथ ही, इसमें इमरान हाशमी ने विलेन की भूमिका निभाई थी। हालांकि, यह अपनी पिछली फिल्मों जितनी कमाई नहीं कर पाई।

फिर भी सलमान के एक्शन अवतार ने फैंस को थिएटर तक खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 285.52 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# ममता कुलकर्णी इस्माल कुबूल कर लेतीं तो विरोधी कुछ कर पाते, बोलीं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

प्रयागराज में चले महाकुंभ में पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया। उन्होंने पहले अपना पिंडदान किया। फिर विधि-विधान से पट्टाभिषेक प्रक्रिया पूरी हुई तब उन्हें पद पर नियुक्त किया गया। इस पर जमकर विवाद हुआ। मामला इतना बढ़ा कि ममता ने इस्तीफा तक दे दिया। हालांकि, उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया। पूर्व अभिनेत्री को महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर हुए विरोध पर हाल ही में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया दी है।

ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया। उनका नाम भी बदला गया, अब वे यमाई ममता नंद गिरी हैं। हालांकि, उन्हें यह पद दिए जाने का काफी विरोध हुआ और सवाल उठाए गए। अब महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने अभिनेत्री की आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लिया है। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट पर उन्होंने कहा कि इस मामले को बेवजह तूल दिया गया।



लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा, जब उन्होंने खुद को 23 साल तक मेनस्ट्रीम सोसाइटी से दूर रखा था, तब वह ढाई से तीन साल तक मेरे संपर्क में थीं। वह मुझे अपनी परंपराओं के बारे में सब कुछ बता रही थीं। उन्हें जूना अखाड़े के स्वामी ने दीक्षा भी दी थी। जब वह कुंभ में आईं तो हमने बात की। अगले दिन शुक्रवार था। उन्होंने कहा, इससे अच्छा क्या होगा के एक अर्धनारीश्वर मेरा पट्टाभिषेक करें और मुझे महामंडलेश्वर बनाएं। और मैं सनातन धर्म में अपने जीवन को पूर्ण रूप से समर्पित करना चाहती हूं। उनका विचार अच्छा था।

उन्होंने ममता पर चल रहे मामलों और अबू सलेम के साथ कथित तौर पर जुड़े उनके नाम पर भी बात की।

उन्होंने कहा, हम सब कुछ जानते थे, लेकिन उनके सभी मामले अब खत्म हो गए। तो हमें उनका तिरस्कार क्यों करना चाहिए, जो सनातन धर्म की शरण में आया है? यही ममता जी इस्लाम कुबूल करतीं या हज मदीना कर आतीं तो क्या ये सनातनी जो बोल रहे हैं, वो कुछ कर पाते। धर्म में आना चाहो और विवाद हो जाए तो वो गलत बात है ना?

लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने आगे कहा कि उन्होंने ममता का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। ममता ने दबाव में आकर अपना इस्तीफा दे दिया। उन्हें लगा के मेरे गुरु को इतनी परेशानी हो रही है, इस विवाद का कारण तो मैं इस्तेफा दे दूं, लेकिन हमने वह स्वीकार नहीं किया।

# गोविंदा सभी से असुरक्षित रहते थे और हर सीन बदल देते, खिलाड़ी नंबर 1 के इस एक्टर ने किया खुलासा



अभिनेता आदि ईरानी ने कई फिल्मों में अहम किरदार अदा किए हैं। शाहरुख खान की बाजीगर में विक्की मल्होत्रा का किरदार अदा कर उन्होंने खूब लोकप्रियता बटोरी। इसके अलावा वे गोविंदा और रवीना टंडन की फिल्म अनाड़ी नंबर 1 में भी खलनायक टाइगर तड़ीपार के रोल में दिखे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्याद नहीं चली थी। हालांकि, गोविंदा का किरदार फैंस को पसंद आया। हाल ही में आदि ने गोविंदा को लेकर कहा है कि वे शूटिंग के दौरान सीन को बदल दिया करते थे।

आदि ईरानी का कहना है कि उनका और गोविंदा का करियर लगभग साथ में शुरू हुआ। आदि ने यूट्यूब चैनल फिल्मीयात्रा को दिए इंटरव्यू में कहा, हम लोग सब संघर्ष के दौर के दोस्त हैं। मेरा जो स्ट्रगल का टाइम है, उसी समय गोविंदा भी स्ट्रगल कर रहे थे। हम एक-दूसरे को अच्छे से जानते थे। मैं जिस डांस स्टूडियो में डांस सीखने के लिए जाता था, वहां पर गोविंदा कई बार आए थे और वह डांस दिखाते थे।

आदि ने आगे कहा, उस समय मैं उन पर हंसता था। मैं और मेरे दोस्त उनके डांस का मजाक बनाते थे। मैं बोलता था कि क्या डांस कर रहे हैं, ये कोई डांस है क्या? हमें अंदाजा नहीं था कि एक दिन उनका डांस स्टाइल इतना मशहूर हो जाएगा और वह इसके लिए जाने जाएंगे। हम बेवकूफ थे, जो उनका मजाक उड़ाते थे।

आदि ईरानी ने कहा, गोविंदा एक नेचुरल एक्टर हैं। वे अपने तरीके से डांस करते हैं। इसी तरह शूटिंग के दौरान वे सीन को पढ़ते थे और फिर सब कुछ बदल देते थे, न केवल अपनी भूमिका बल्कि सीन में उनके आस-पास के लोगों के अभिनय का तरीका भी। वे सीन को इस तरह से बदलने की कोशिश करते थे कि फ्रेम में वे दूसरों से अलग दिखें। आदि ईरानी ने कहा कि उन्हें सीन बदलने और दोबारा लिखने के गोविंदा के तरीके से कोई एतराज भी नहीं।

उनसे जब पूछा गया कि क्या उनकी वजह से गोविंदा को कभी असुरक्षित फील हुआ? इस पर एक्टर ने कहा, गोविंदा सेट पर सभी से असुरक्षित थे। आदि ने आगे कहा, उन्हें यकीन नहीं था कि मैं फिल्म में टाइगर तड़ीपार की भूमिका निभा सकता हूं और उन्होंने मेरे साथ दो अन्य खलनायकों को जोड़ने का सुझाव दिया, लेकिन जब उन्होंने किरदार के लिए मेरा लुक देखा, तो उन्हें विश्वास हो गया कि मैं इसे निभा सकता हूं।

## मस्क की स्टारलिंक को पांच साल का सैटेलाइट स्पेक्ट्रम मिलेगा

**आवंटन**

**सूत्र के मुताबिक, ट्राई सिर्फ पांच साल के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की मांग को मान सकता है, ताकि यह समझा जा सके कि इस समय सीमा में यह क्षेत्र कैसे आगे बढ़ता है।**

**नई दिल्ली।** एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने बताया, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) फिलहाल सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की समय सीमा और मूल्य निर्धारण को लेकर सरकार को अपनी सिफारिशें भेजने की तैयारी में है। इसके अलावा, दूरसंचार नियामक चाहता है कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को प्रशासनिक तरीके से आवंटित किया जाए, यानी नीलामी के बजाय सीधे आवंटन हो। दूरसंचार नियामक ट्राई केंद्र सरकार से



सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम को सिर्फ पांच साल के लिए आवंटित करने की सिफारिश कर सकता है। इसका मकसद बाजार की शुरुआती प्रतिक्रिया को समझना है। यह एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के बड़ा झटका हो सकता है, जो 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की मांग कर रही है।

एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने बताया, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) फिलहाल सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की समय सीमा और मूल्य निर्धारण को लेकर सरकार को अपनी सिफारिशें भेजने की तैयारी में है। इसके अलावा, दूरसंचार नियामक चाहता है कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को प्रशासनिक तरीके से आवंटित किया जाए, यानी नीलामी के बजाय सीधे आवंटन हो।

सूत्र के मुताबिक, ट्राई सिर्फ पांच साल के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की मांग को मान सकता है, ताकि यह समझा जा सके कि इस समय सीमा में यह क्षेत्र कैसे आगे बढ़ता है। इससे बाजार के स्थिर होने की स्थिति को भी समझने में मदद मिलेगी, इसलिए पांच साल से ज्यादा का समय देने का कोई मतलब नहीं है।

लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जुड़े दूरसंचार उद्योग के एक सूत्र ने बताया, पांच साल की छोटी अवधि के लिए आवंटन सरकार को यह मौका देगी कि वह बाजार के विकास के साथ स्पेक्ट्रम की कीमतों को संशोधित कर सके।

सरकारी सूत्र ने कहा, ट्राई को लाइसेंस की समय सीमा और प्रति मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण पर अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने में करीब एक महीने लग सकता है। इसके बाद इसे दूरसंचार मंत्रालय को भेजा जाएगा। सरकारी अधिकारी ने कहा, सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की कीमत पारंपरिक दूरसंचार लाइसेंसों की तुलना में काफी कम होगी, जो 20 साल के लिए नीलामी के जरिये दिए जाते हैं। केपीएमजी का अनुमान है कि भारत का सैटेलाइट संचार क्षेत्र 2028 तक 10 गुना से अधिक बढ़कर 25 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को यह चिंता सता रही है कि स्टारलिंक के भारत आने से जियो के ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर घट सकते हैं। भविष्य में डाटा और वॉयस उपभोक्ताओं पर भी असर पड़ सकता है। जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 19 अरब डॉलर खर्च किए हैं।

हालिया साझेदारी से पहले जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी को लेकर कई महीनों तक असफल लॉबिंग की, ताकि स्टारलिंक को इसे प्रशासनिक रूप से आवंटित न किया जाए, जैसा मस्क चाहते थे।

## चुराचांदपुर में हमार जनजाति के नेता पर हमला, तनाव...कर्फ्यू कुछ जगहों पर पत्थरबाजी भी

**इंफाल।** पुलिस के मुताबिक हमार इनपुई के महासचिव रिचर्ड हमार पर रविवार शाम जेनहांग लामका में वीके मोंटेसरी परिसर के अंदर लोगों के एक समूह ने हमला किया। सूत्रों का दावा है कि रिचर्ड हमार अपनी गाड़ी चला रहे थे, जो एक दोपहिया सवार से टकराते बची।

मणिपुर के चुराचांदपुर जिला मुख्यालय में अज्ञात बदमाशों ने हमार जनजाति के नेता पर हमला कर दिया। इसके बाद तनाव बढ़ने पर पूरे जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को शहर में बंद कराने की कोशिशें की और कुछ इलाकों में पत्थरबाजी करने की खबरें भी आई।

पुलिस के मुताबिक हमार इनपुई के महासचिव रिचर्ड हमार पर रविवार शाम जेनहांग लामका में वीके मोंटेसरी परिसर के अंदर लोगों के एक समूह ने हमला किया। सूत्रों का दावा है कि रिचर्ड हमार अपनी गाड़ी चला रहे थे, जो एक दोपहिया सवार से टकराते बची।

## दुनिया का संतुलन बदला; हमें एक अलग व्यवस्था की जरूरत

**समृद्ध**

**अपने संबोधन में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, तुलसी गबार्ड ने भारत की समृद्ध संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना की।**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग 2025 एक बार फिर वैश्विक नीति, कूटनीति और भू-राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं और विचारकों को एक मंच पर लेकर आया। इस वर्ष, बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन, संप्रभुता की रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निष्पक्षता की बहस केंद्र में रही। वैश्विक राजनीति के दिग्गज इस मौके पर क्या-क्या बोले आइए जानते हैं। नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग 2025 एक बार फिर वैश्विक नीति, कूटनीति और भू-राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं और विचारकों को एक मंच पर लेकर आया। इस वर्ष, बदलते



वैश्विक शक्ति संतुलन, संप्रभुता की रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निष्पक्षता की बहस केंद्र में रही। अपने संबोधन में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, तुलसी गबार्ड ने भारत की समृद्ध संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना की। उन्होंने 'अलोहा' और 'नमस्ते' जैसे शब्दों के आध्यात्मिक और गहरे अर्थ को समझाते हुए कहा कि ये केवल अभिवादन नहीं, बल्कि सम्मान और एकता का प्रतीक हैं। दूसरी ओर, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कार्यक्रम के दौरान पश्चिमी देशों की नीतियों पर सवाल खड़े किए।

अपने मुख्य भाषण में, अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, तुलसी गबार्ड ने कहा, ... बहुत समय हो गया है, लेकिन इस देश के समृद्ध इतिहास और जीवंत लोकतंत्र को जानना हमेशा एक अद्भुत और गर्मजोशी भरा अनुभव होता है, जो वास्तव में हमारे दोनों देशों के बीच लंबे समय से मौजूद विशेष बंधन की नींव है। अलोहा और नमस्ते जैसे शब्द आम धारणा के विपरीत केवल अभिवादन नहीं हैं। वास्तव में इन दोनों के बहुत गहरे, आध्यात्मिक, शक्तिशाली अर्थ हैं, जो मेरे लिए, मेरे जीवन के मूल और हृदय में रहे हैं और मुझे आशा है कि ये रायसीना में सार्थक संवाद और बातचीत को प्रेरित करेंगे। जब हम एक-दूसरे को अलोहा और नमस्ते के साथ अभिवादन करते हैं, तो इसका वास्तव में मतलब यह होता है कि मैं आपके पास आ रहा हूं और सम्मान के साथ आपका अभिवादन कर रहा हूं। गबार्ड ने आगे कहा, ये शब्द हमारे प्रत्येक हृदय में मौजूद शाश्वत दिव्य आत्मा की पहचान है। यह एक संकेत है कि हम सभी जुड़े हुए हैं, कि हम सभी ईश्वर की संतान हैं, चाहे हमारी जाति या धर्म, जातीयता, राजनीति, हमारी पृष्ठभूमि, हम कहां से आते हैं, कुछ भी हो।

## नासा-इसरो का नया उपग्रह निसार, किसानों के लिए वरदान

**नई दिल्ली।** यह मिशन रोपाई से लेकर कटाई तक फसलों की वृद्धि पर नजर रखेगा, जिससे सही समय पर बुवाई, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के बारे में जानकारी मिलेगी। सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक की मदद से निसार उपग्रह फसलों की विशेषताओं, पौधों में मौजूद नमी की मात्रा और उनकी मिट्टी की स्थिति की पहचान करेगा।

इस साल लॉन्च होने वाले नासा और इसरो का नया पृथ्वी उपग्रह नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) से प्राप्त डेटा न केवल भारत बल्कि दुनियाभर के किसानों के लिए उपयोगी होगा। इससे प्राप्त आंकड़ों का उपयोग फसलों की वृद्धि को ट्रैक करने, पौधों के स्वास्थ्य पर नजर रखने और मिट्टी की नमी की निगरानी के लिए किया जाएगा। यह जानकारी इसरो विज्ञान टीम के हवाले से एक रिपोर्ट में दी गई है। यह मिशन रोपाई से लेकर कटाई तक फसलों की वृद्धि पर नजर रखेगा, जिससे सही समय पर बुवाई, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के बारे में जानकारी मिलेगी। सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक की मदद से निसार उपग्रह फसलों की विशेषताओं, पौधों में मौजूद नमी की मात्रा और उनकी मिट्टी की स्थिति की पहचान करेगा। यह छोटे खेतों से लेकर बड़े कृषि क्षेत्रों तक व्यापक रूप से डेटा प्रदान करेगा जिससे कृषि भूमि का समग्र विश्लेषण संभव होगा। इसके अलावा यह उपग्रह हर मौसम में काम करेगा, जिसकी वजह से यह किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। निसार उपग्रह हर 12 दिनों में दो बार पृथ्वी की लगभग पूरी भूमि की तस्वीर लेगा। यह 10 मीटर तक के छोटे भूखंडों की निगरानी करने में सक्षम होगा। यह नीति निर्माताओं और कृषि अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद करेगा, जैसे कि धान की रोपाई का समय, पौधों की ऊंचाई और खेतों की नमी का स्तर।

## लोकतांत्रिक देश को पुलिस स्टेट की तरह काम नहीं करना चाहिए, बेल खारिज होने के बढ़ते मामलों पर कोर्ट



**नई दिल्ली।** न्यायालय ने कहा कि दो दशक पहले छोटे मामलों में जमानत याचिकाएं शायद ही कभी उच्च न्यायालयों तक पहुंचती थीं, शीर्ष न्यायालय तक तो बात ही छोड़िए। न्यायमूर्ति ओका ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। अदालत ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने जांच पूरी होने के बावजूद निचली अदालतों की ओर से ''जो मामले गंभीर नहीं हैं'' उनमें भी जमानत याचिकाएं खारिज किए जाने पर निराशा जाहिर की है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने सोमवार को कहा कि एक लोकतांत्रिक देश को पुलिस राज्य की तरह काम नहीं करना चाहिए। जहां कानून प्रवर्तन एजेंसियां बिना किसी वास्तविक आवश्यकता के व्यक्तियों को हिरासत में लेने के लिए मनमानी शक्तियों का प्रयोग करती हैं। न्यायालय ने कहा कि दो दशक पहले छोटे मामलों में जमानत याचिकाएं शायद ही कभी उच्च न्यायालयों तक पहुंचती थीं, शीर्ष न्यायालय तक तो बात ही छोड़िए। न्यायमूर्ति ओका ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ÷यह चौंकाने वाला है कि सर्वोच्च न्यायालय उन मामलों में जमानत याचिकाओं पर फैसला सुना रहा है, जिनका निपटारा ट्रायल कोर्ट के स्तर पर किया जाना चाहिए। व्यवस्था पर अनावश्यक रूप से बोझ डाला जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे को उठाया है। इसने बार-बार ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट से जमानत देने में ज्यादा उदार रुख अपनाने का आग्रह किया है, खास तौर पर छोटे-मोटे उल्लंघनों वाले मामलों में।सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी निचली अदालतों की ओर से जमानत देने से इनकार करने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी, जिसे उसने ÷बौद्धिक बेईमानी÷ कहा था। अदालत ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के महत्व पर बल देने वाले कई निर्देश दिए थे।

मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने एक आरोपी को जमानत दे दी जो धोखाधड़ी के एक मामले में दो साल से अधिक समय से हिरासत में था। जांच पूरी हो जाने और आरोपपत्र दायर हो जाने के बावजूद, आरोपी की जमानत याचिका ट्रायल कोर्ट और गुजरात उच्च न्यायालय दोनों ने खारिज कर दी थी।

न्यायमूर्ति ओका ने कहा, ÷यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मजिस्ट्रेट की ओर से सुनवाई योग्य मामलों में जमानत के मामले सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लाए जा रहे हैं। हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि लोगों को उस समय जमानत नहीं मिल रही है, जब उन्हें मिलनी चाहिए।÷

## लालू प्रसाद यादव की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी समन जारी कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने का निर्देश दिया है। नौकरी के बदले जमीन के मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अब ईडी ने इस मामले में पूछताछ के लिए लालू प्रसाद को समन जारी किया है। ईडी ने लालू यादव को 19 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। 76 वर्षीय लालू प्रसाद यादव को पटना में ईडी कार्यालय में पेश होना होगा। ईडी ने लालू यादव के परिवार के कई अन्य सदस्यों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। जिनमें उनके दोनों बेटे तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, समन के बावजूद लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्य ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। ईडी ने बीते साल लालू यादव और उनके परिजनों के खिलाफ दिल्ली की अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव की पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव का नाम भी बतौर आरोपी शामिल है। इससे पहले बीते महीने दिल्ली की एक अदालत ने भी राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को नौकरी के बदले जमीन मामले में समन जारी किया था। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी समन जारी कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने का निर्देश दिया है। ईडी द्वारा धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामले में जो जांच की जा रही है, उसमें लालू प्रसाद यादव और उनके दोनों बेटों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। लालू प्रसाद यादव पर नौकरी के बदले लोगों से जमीन लेने या उनके परिवार को कम दाम पर बेचने के लिए दबाव बनाने का आरोप है। यह घोटाला उस समय हुआ, जब साल 2004-2009 तक लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे। सीबीआई ने चार्जशीट में आरोप लगाया है कि रेलमंत्री रहते हुए लालू यादव ने नियमों को ताक पर रखते हुए भर्तियां की थीं।

## ट्रंप ने मिशेल बोमन को फेडरल रिजर्व का शीर्ष नियामक नामित किया, अब चाहिए होगी सीनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को फेडरल रिजर्व के वित्तीय नियामक कार्यों की देखरेख के लिए मिशेल बोमन को नामित किया है। इस कदम से बड़े बैंकों के लिए नियम ढीले होने की संभावना बढ़ी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को फेडरल रिजर्व के वित्तीय नियामक कार्यों की देखरेख के लिए मिशेल बोमन को नामित किया है। इस कदम से बड़े बैंकों के लिए नियम ढीले होने की संभावना बढ़ी है। बोमन को 2018 में ट्रंप ने फेड के गवर्निंग बोर्ड में सेवा देने के लिए नियुक्त किया था। वह माइकल बार की जगह फेड के पर्यवेक्षण विभाग के उपाध्यक्ष के रूप में काम करेंगी। पिछले महीने बार ने कानूनी लड़ाई से बचने के लिए पद छोड़ दिया था। ट्रंप की ओर से नौकरी से निकालने की धमकी दी गई थी। हालांकि, बार सात सदस्यीय फेड बोर्ड में बने रहे, जिससे ट्रंप को मौजूदा गवर्नर में से किसी एक को उपाध्यक्ष चुनने के लिए मजबूर होना पड़ा। बोमन नामांकन का बैंकिंग उद्योग के लॉबिंग समूहों ने स्वागत किया है। जिनमें अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन और इंडिपेंडेंट



कम्युनिटी बैंकर्स ऑफ अमेरिका शामिल थे। उपाध्यक्ष के रूप में, बोमन सबसे शक्तिशाली संघीय बैंक नियामक होंगे और बैंक नियमों में सुधार के लिए फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और करेंसी नियंत्रक कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इस पद के लिए सीनेट की मंजूरी की आवश्यकता है, हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें आसानी से मंजूरी मिल जाएगी। बोमन ने जेपी मॉर्गन चेस और बैंक ऑफ अमेरिका जैसे बड़े बैंकों पर नियमों को कड़ा करने के लिए बर के 2023 के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। उनका तर्क था कि विशेष रूप से संभावित घाटे की भरपाई के लिए अधिक पूंजी आरक्षित रखने की आवश्यकता थी। प्रस्तावित नियम का वित्तीय क्षेत्र में भारी विरोध देखा गया। कुछ गैर-लाभकारी संगठनों ने भी चिंता व्यक्त की कि इससे बंधक ऋण की मात्रा सीमित हो सकती है।

फेड में शामिल होने से पहले, बोमन 2017-2018 में कैनस में स्टेट बैंक कमिश्नर थीं। उससे पहले एक स्थानीय बैंक में भी उन्होंने उपाध्यक्ष के रूप में सेवा दी थी। उन्होंने वाशिंगटन में एक कैनसस रिपब्लिकन सीनेटर बॉब डोल और संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी व होमलैंड सुरक्षा विभाग के लिए भी काम किया है।

## डेनमार्क जा रहा विमान स्विस आल्प्स में हादसे का हुआ शिकार, दुर्घटना में तीन लोगों के मौत की आशंका

**जिनेवा।** दक्षिण-पूर्वी स्विट्जरलैंड के आल्प्स में एक विमान हादसे का शिकार हो गया है, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। मामले में ग्राउब्यूएनडेन कैंटन (राज्य) की पुलिस ने एक बयान में कहा कि एक्स्ट्रा ईए-400 प्रोपेलर विमान ने सोमवार शाम 5:20 बजे समेदान एयरफील्ड से उड़ान भरी थी। यूरोपीय देश डेनमार्क जा रहा एक छोटा विमान दक्षिण-पूर्वी स्विट्जरलैंड के आल्प्स में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। मामले में ग्राउब्यूएनडेन कैंटन (राज्य) की पुलिस ने एक बयान में कहा गया कि एक्स्ट्रा ईए-400 प्रोपेलर विमान ने सोमवार शाम 5:20 बजे समेदान एयरफील्ड से उड़ान भरी थी। जानकारी के मुताबिक, ये विमान 13 मार्च को डेनमार्क से आया था और कोपेनहेगन के पास रोस्किल्डे वापस जा रहा था।

## सुनीता विलियम्स को लेकर धरती के लिए रवाना हुआ स्पेसएक्स का कैप्सूल



**वॉशिंगटन।** सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आज सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का ये सफर 17 घंटे का होने वाला है। भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3¬27 बजे धरती पर लौटेंगे।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर स्पेसएक्स का कैप्सूल धरती के लिए रवाना हो गया है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3¬27 बजे धरती पर लौटेंगे। सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आज सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का ये सफर 17 घंटे का होने वाला है। वे फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके। दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। मिशन प्रबंधक 18 मार्च की शाम के लिए पूर्वानुमानित अनुकूल परिस्थितियों के आधार पर क्रू-9 की पहले वापसी के अवसर को लक्षित करने में जुट गए हैं। ड्रैगन क्राफ्ट पहले ही चार अंतरिक्ष यात्रियों को छोड़कर सुनीता और बुच को लेने आईएसएस पर पहुंच चुका है। इस बीच, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने उनके स्थान पर पहुंचे चारों नए अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन से संबंधित जानकारियां साझा कीं और कई प्रमुख बातें सिखाईं।

दोनों यात्री नौ माह पूर्व एक सप्ताह के लिए आईएसएस गए थे लेकिन उनका स्टारलाइनर यान खराब हो गया और वे वहीं फंसकर रह गए। अब उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल किया जा रहा है। नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आएंगे। नासा से जुड़े स्टीव स्टिच ने कहा कि बुच और सुनीता ने शानदार काम किया है और हम उन्हें वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। नासा के सेवानिवृत्त अंतरिक्ष यात्री कैडी कोलमैन ने बताया है कि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए कोई विशेष ओवरटाइम वेतन नहीं है। ऐसे में अंतरिक्ष यात्री संघीय कर्मचारी हैं, और इस स्थिति में अंतरिक्ष में उनके समय को पृथ्वी पर किसी भी नियमित कार्य यात्रा की तरह ही माना जाता है। अंतरिक्ष यात्री अपना नियमित वेतन पाते रहते हैं। नासा उनके भोजन व आईएसएस पर रहने के खर्च उठाता है। उन्हें प्रतिदिन 4 डॉलर (347 रुपये) दैनिक भत्ता मिलता है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अतिरिक्त मुआवजे के रूप में 1,148 डॉलर (लगभग 1 लाख रुपये) मिलने की संभावना है। हालांकि कोलमैन ने इसे सिर्फ एक अनुमान बताया।

नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया है। मस्क द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में सुनीता ने कहा, हम जल्द ही वापस आ रहे हैं, इसलिए मेरे बिना वे योजनाएं न बनाएं। हम जल्द ही वापस आ जाएंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडन परिवार के वयस्क बच्चों के लिए सीक्रेट सर्विस सुरक्षा समाप्त की

**नई दिल्ली।**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडन के वयस्क बच्चों को दी गई सीक्रेट सर्विस सुरक्षा तत्काल समाप्त कर दिया है। आइए इस खबर के बारे में विस्तार से जानें। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडन के वयस्क बच्चों को दी गई सीक्रेट सर्विस सुरक्षा तत्काल समाप्त कर दिया है। ट्रंप ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पूर्व राष्ट्रपति ने जनवरी में पद छोड़ने से ठीक पहले अपने बच्चों के लिए सीक्रेट सर्विस सुरक्षा को जुलाई तक बढ़ा दिया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई कि इस हफ्ते दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान हंटर बाइडन की सुरक्षा के लिए 18 एजेंट तैनात किए गए थे। उन्होंने कहा कि एशले बिडेन की सुरक्षा के लिए 13 एजेंट तैनात किए गए हैं और उन्हें भी सुरक्षा प्राप्त लोगों की सूची से हटा दिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या घटाने की पहल, संसद ने न्यायपालिका समिति के पास भेजा संशोधन



**माले।** मालदीव की संसद ने न्यायपालिका अधिनियम में किए गए संशोधन को आगे की जांच के लिए न्यायपालिका समिति को भेज दिया है। इस संशोधन में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या सात से घटाकर पांच करने का प्रस्ताव था। यह निर्णय राष्ट्रपति मुइज्जू द्वारा विधेयक को पुनर्विचार के लिए वापस भेजे जाने के बाद लिया गया। मालदीव की संसद ने न्यायपालिका अधिनियम में किए गए संशोधन को आगे की जांच के लिए न्यायपालिका समिति को भेज दिया है। इस संशोधन में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या सात से घटाकर पांच करने का प्रस्ताव था। यह निर्णय राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू द्वारा विधेयक को पुनर्विचार के लिए वापस भेजे जाने के बाद लिया गया। राष्ट्रपति मुइज्जू ने 11 मार्च को विधेयक को औपचारिक रूप से सांसदों को वापस भेजा था। उनका कहना था कि इस विधेयक में कुछ ऐसे पहलू थे जिन्हें सुधारने की आवश्यकता थी और इसलिए इसे पुनः जांच के लिए न्यायपालिका समिति को भेजा गया। इससे पहले, 26 फरवरी को संसद ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या घटाकर पांच करने के लिए संशोधन पारित किया था। साथ ही उसी दिन तीन शीर्ष न्यायाधीशों को निलंबित भी कर दिया था।

इससे राजनीतिक विवाद भी खड़ा हुआ था, क्योंकि विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाया था कि वह अपने बहुमत का गलत इस्तेमाल कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हुस्नू सूद ने इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय निकायों, जैसे संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ को सौंपा था। उन्होंने कहा था कि सरकार के द्वारा उठाए जा रहे कदम न्यायिक स्वतंत्रता के खिलाफ हैं और इन कदमों को वापस लिया जाना चाहिए।

इसके बाद राष्ट्रपति मुइज्जू के द्वारा विधेयक को वापस भेजे जाने के बाद, संसद में बहस हुई, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने विधेयक के समर्थन में तर्क दिए और इसके उद्देश्य को न्यायिक सुधारों से जोड़ा। वहीं, विपक्षी सांसदों ने अपनी आपत्तियां दोहराईं और इस विधेयक के विरोध में अपनी चिंताओं को साझा किया। अंत में, विधेयक को न्यायपालिका समिति को भेजने का प्रस्ताव 50 मतों से पारित हो गया।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने यह निर्णय अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के कानूनी मूल्यांकन के बाद लिया था, जिसमें कहा गया था कि संशोधन में न्यायिक क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए तंत्र की आवश्यकता है, लेकिन प्रस्तावित बदलाव में यह साफ नहीं किया गया था कि यह मूल्यांकन कैसे किया जाएगा। अब न्यायपालिका समिति इस मुद्दे पर विस्तृत समीक्षा करेगी।

## न्यूयॉर्क में अनु, अंजुला, वेंडी व सीमा मोदी को सम्मान; महिला सशक्तिकरण को मिला नया मुकाम

**वाशिंगटन।** सम्मानित महिलाओं में से अनु आयंगर, जो 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख हैं, उन्हें उनके पेशेवर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंजुला अचारिया, जो 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की सीईओ और संस्थापक हैं, को भी उनके काम के लिए सराहा गया। अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया। इन महिलाओं को उनके विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

बता दें कि समारोह में सम्मानित होने वाली महिलाओं में अनु आयंगर, अंजुला अचारिया, वेंडी डायमंड और सीमा मोदी शामिल थीं। इन महिलाओं ने सामाजिक,



आर्थिक, वित्तीय और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और दोनों देशों में महिलाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है।

सम्मानित महिलाओं में से अनु आयंगर, जो 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख हैं, उन्हें उनके पेशेवर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंजुला अचारिया, जो 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की सीईओ और संस्थापक हैं, को भी उनके काम के लिए सराहा गया। वेंडी डायमंड, जो 'एलडीपी वेंचर्स' की सीईओ और संस्थापक हैं, और 'विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन' की संस्थापक भी सम्मानित होने वालों में शामिल थीं। इसके अलावा, सीमा मोदी, जो सीएनबीसी की पत्रकार और प्रस्तोता हैं, को भी इस सम्मान से नवाजा गया। यह पहल महिलाओं के नेतृत्व, नवाचार और प्रभाव के विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मतदाता सूची को त्रुटि रहित तैयार करें : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीयधाज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी । जिला निवार्चन अधिकारी ने कहा कि राजनैतिक दल निर्वाचनों एवं पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को त्रुटि रहित तैयार कराये जाने हेतु विधानसभा वारध्बूथ वार बीएलए की तैनाती कर सूची उपलब्ध करा दें। मतदाता सूची की तैयारी अथवा निर्वाचन से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर राजनैतिक दलों द्वारा उठाये जाने वाले बिन्दु पर विचार विमर्श हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में समस्त अर्ह नागरिकों के नाम सम्मिलित किये जाने के साथ साथ युवा एवं पात्र समस्त महिला मतदाताओं को सम्मिलित किये जाने हेतु प्रयास किये जाये जिससे जेण्डर रेशियो,ईपी रेशियो आदि में सुधार परिलक्षित हो तथा समस्त पात्र दिव्यांग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कर ईआरओ नेट पर टैग किये जाने संबंधी कार्यो में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित विलोपित एवं संशोधन के सम्बन्ध में प्रयुक्त फार्मो के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि नये नाम सम्मिलित किये जाने हेतु फार्म- 6, नाम विलोपित किये जाने हेतु फार्म-7,अन्य स्थान पर नाम स्थानांतरित किये जाने,संशोधित किये जाने डुप्लीकेट पहचान पत्र बनवाने एवं दिव्यांग के चिन्हीकरण हेतु फार्म-8 का प्रयोग किया जाए। ऑनलाइन फार्म भरने हेतु एनवीएसपी वोटर पोर्टल,वीएचए एप का प्रयोग किया जाने के सम्बन्ध में चर्चा हुयी। प्रत्येक वर्ष 01 जनवरी के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर की अर्हता के आधार पर निरन्तर पुनरीक्षण का कार्य गतिमान रहता है। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी वित्त एवं रा0 राम अक्षयवर चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चर्तर्वेदी सहित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# एग्रोफारेस्ट्री योजनान्तर्गत तैयार होंगे वनीय एवं फलदार पौध

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ सीमा सिंह राणा ने बताया है कि लगभग 10 वर्षो से बंद पड़े राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र परमानंदपुर केराकत में एग्रो फॉरेस्ट्री योजना के तहत वन्य पौध एवं फलदार पौधों उत्पादन के लिए हाईटेक नर्सरी की स्थापना की गई है। खाली पड़े प्रक्षेत्र पर लगातार अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिला उद्यान अधिकारी ने प्रयास करके एक हाईटेक नर्सरी की स्थापना करने में सफलता प्राप्त की है। जिसमें एक यूनिट हाईटेक नर्सरी निर्माण 500 वर्गमीटर में ड्रिप ईरीगेशन के साथ मल्चिंग, एक यूनिट पालीहाउस का निर्माण 500 वर्गमीटर में ड्रिप ईरीगेशन के साथ मल्चिंग तथा एक यूनिट शेडनेट हाउस निर्माण 1000 वर्गमीटर में ड्रिप ईरीगेशन के साथ मल्चिंग कुल 3 एकड़ में ड्रिप ईरीगेशन के साथ मल्चिंग स्थापना की गयी है। शीघ्र ही उत्पादन कार्य प्रारंभ किया जाएगा और कृषकों को सरकारी दर पर वनीय एवं फलदार पौध जैसे चंदन, सागौन, यूकेलिप्टस, बॉस, महोगनी, अनार, आंवला, बेल, एपल बेर, अमरूद, पापुलर, नीबू, चीकू, अंजीर, सीताफल, सहतूत, इत्यादि पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे जिला मुख्यालय से काफी दूरी होने के कारण कृषकों को योजनाओं के लाभ मिलने में भी सुविधा होगी। जिससे निश्चित रूप से उन्हें आर्थिक लाभ होगा।

एग्रोफारेस्ट्री से होने वाले लाभ के बारे में बताया है कि प्राकृतिक कार्बन भंडारण और मृदा संरक्षणके माध्यम से जलवाय परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाना। टिकाऊ उत्पादों और बाजार पहुंच को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थ व्यवस्थाओं को समर्थन देना। एकल फसलों पर निर्भरता कम करके उच्च उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

## दो अभियुक्त अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है । जिनमें थाना मरका व बदौसा पुलिस द्वारा 01-01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना मरका पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम भभुवा से एक शातिर अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए थाना मरका में मु0अ0सं0- 37/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त पर हत्या सहित आधा दर्जन मामलें दर्ज है। इसी क्रम में थाना बदौसा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम उतरवां से एक अभियुक्त को अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए मु0अ0सं0- 25/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# बाँदा बदल रहा है, प्रकाश का प्रकाश पूरे बाँदा सदर को चमका रहा है

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** इन दिनों प्रदेश की भाजपा सरकार ने बाँदा के विकास को प्रमुखता दी है , जहां एक ओर नगर के लगभग आधा दर्जन चौराहों की कायाकल्प होने से बाँदा महानगर बनने की राह पर चल पडा है वहीं शहर के कई मार्गो का चौडीकरण कराकर आवागमन को सरल बनानेक का प्रयास हो रहा है , हालाकि इससे रेहडी और पटरी दुकानदारों को थोडी असुविधा हुयी परंतु सदर विधायक और नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा रेहडी और सडक पर दुकान लगाये दुकानदारों के लिये एक वेडिंग जोन मे स्थान देकर उनके व्यवसाय को बढाने का काम किया है , वेडिंग जोन शहर के प्रमुख संटमोचन के सामने जहीर क्लब मे स्थान दिया गया है जिससे सब्जी विक्रेताओ , फल विक्रेताओं सहित लगभग एक सैकडा छोटे बडे व्यापारियों को एक निश्चित स्थान दिया गया है। कचहरी चौराहे से लेकर मवई बाईपास , कालू कुआं से लेकर आरटीओ आफिस तक (बबेरू बाईपास) , कचहरी चौराहे से केन नदी पुल तक मार्गो का चौडीकरण करवाकर उसपर फुटपाथ बनवाने की योजनायें प्रगति पर है वहीं शहर मे फैले विद्युत के तारों को भी भूमि के अंदर करवाकर अंडरग्रांउड केबिल डलवाने का काम भी तेजी से चल रहा है जिससे अब तारों का मकडजाल भी समाप्त हो जायेगा। आवास विकास बी ब्लाक और इंदिरा नगर के नगर पालिका के वार्ड मेंम्बर राम मिलन ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक से लेकर मवई बाईपास तक मार्ग का चौडीकरण और सुंदरी करण प्रस्तावित है जिस पर तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है , ये भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार से ही सम्भव हो सका है , वहीं सदर विधायक के प्रतिनिधी रजत सेठ ने बताया कि चौराहों के सुंदरीकरण के साथ साथ मार्गो का सौंदर्यीकरण भी प्रगती पर है।

# एसडीएम को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मार्टिनगंज में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पांडेय, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद पांडेय व तहसील अध्यक्ष मार्टिनगंज संदीप यादव ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी मार्टिनगंज रामानुज शुक्ला से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, व एसोसिएशन की स्मारिका आइडियल इंडिया भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद पांडेय ने कहा कि आज के परिवेश में उपजिलाधिकारी मार्टिनगंज जैसा कुशल व्यक्तित्व एवं मृदभाषी अधिकारी मिलना बहुत ही मुश्किल है, जिनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुनना तथा त्वरित निस्तारण करना एवं एसोसिएशन के पत्रकारों एवं आम जनता को सम्मान देना बहुत ही सराहनीय है। जिसके क्रम में आज उपजिलाधिकारी महोदय का सम्मान किया गया। आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा बराबर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से शुरू होंगे नए पाठ्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**भारतीय ज्ञान परंपरा, इंटीग्रेटेड एमसीए और एमएससी फूड टेक्नोलॉजी से जुड़े पाठ्यक्रमों की होगी पढ़ाई**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कुलपति सभागार में विद्या परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने समेत अन्य निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय परिसर में ऐसे पाठ्यक्रमों को शुरू करने की तैयारी है जिससे विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार मिल सके और उन्हें पढ़ने के लिए बाहर न जाना पड़े।

एमसीए के चार वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम को परिसर में प्रारंभ करने के लिए विचार किया गया। इस पाठ्यक्रम में 12 वीं के बाद विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। वैश्विक सॉफ्टवेयर उद्योग को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में विशेष कौशल को विकसित करने के लिए इस पाठ्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इसके साथी फूड टेक्नोलॉजी विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर सहमति दी।

भारतीय ज्ञान विज्ञान को विद्यार्थियों से परिचित कराने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक वर्षीय वैदिक ज्योतिष डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एक वर्षीय वैदिक कर्मकांड डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं एक वर्षीय वैदिक वास्तु शास्त्र डिप्लोमा पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय परिसर में संचालन करने हेतु अध्ययन परिषद ने सहमति दी है। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय और उनसे संबद्ध महाविद्यालय में स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने हेतु अध्ययन परिषद के संयोजकों द्वारा स्वयं पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई।इसके साथ ही शोध निदेशक बनाए जाने हेतु गठित समिति की संस्तुतियों पर विभिन्न विषयों के 84 शोध निर्देशक बनाए जाने पर सहमति दी गई। बैठक का संचालन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मानस पांडे, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.राजेश सिंह, प्रो.सौरभ पाल,प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. श्रीश कुमार सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, उप कुलसचिव बबीता सिंह समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी गठित



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) की जनपदीय एवं मंडलीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रेक्षक प्रदेशीय महामंत्री राजीव यादव रहे। सर्वसम्मति से सुशील कुमार को जिला अध्यक्ष, विनय कुमार को जिला मंत्री, डॉ. केशव राम वर्मा को कोषाध्यक्ष, बैजनाथ कन्नौजिया को संगठन मंत्री और मोहम्मद अहमद खां को जिला प्रवक्ताध्मीडिया प्रभारी चुना गया। इसके अलावा, शारदा यादव, अरुण सिंह पटेल, राजीव सिंह, संजीत यादव, अमीर खुसरो, संजय पाल, अमित कुमार सिंह, रामानंद पाठक और रामसकल यादव उपाध्यक्ष पद पर चयनित हुए। संयुक्त मंत्री पद पर फैज अहमद, अजय यादव, अनुरुद्ध मौर्य, रूपेश कुमार विश्वकर्मा और रामबिहारी यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। सुभाष यादव और जावेद अहमद अंसारी को जिला संरक्षक बनाया गया। मंडलीय कार्यकारिणी में राजा राम जी को मंडल अध्यक्ष तथा राम जनम दुबे को मंडल मंत्री चुना गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेशीय मंत्री बिरजू सरोज ने किया।

## भानु प्रताप ने चौधरी नौनिहाल क्लब बी को हराया

**प्रयागराज।** कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में भानु प्रताप सिंह क्लब ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बी को 77 रन से हराया।

केपी कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 230 रन (प्रमोद यादव 58, सचिन तिवारी 50, विभव कुशवाहा 41, हर्षित नारायण तिवारी 2/22, अभिनव तिवारी 2/35, आदर्श पांडेय 2/44) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बी की टीम 34.2 ओवर में 153 रन (मोहम्मद हबीबुर फैजान 58, आदर्श पांडेय 21, शुभम गुप्ता 3/29, सुयश सिद्धार्थ सिंह 3/33, विभव कुशवाहा 2/40) पर सिमट गई। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व राहुल सिंह अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे। मैच के दौरान दोनों टीमों ने एक-दूसरे के विरुद्ध खिलाड़ियों को लेकर प्रोटेस्ट दर्ज कराया जिसका फैसला एसीए की प्रोटेस्ट कमेटी शीघ्र लेगी।

# संगठन की मजबूती और 2027 के लिए कमर कस लें कार्यकर्ता : संजय गुप्ता

अवधनामा संवाददाता



**पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने किया नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष का स्वागत अभिनन्दन**

**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताकर उनको जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और कार्यकर्ताओं के सहयोग व मेहनत से ही ये संभव होगा। मंगलवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हुए स्वागत समारोह में विभिन्न मोर्चा व प्रकोष्ठ तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता कमर कस लें। संगठन के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जो भी दिशा निर्देश अभियान चलाए जाएं पार्टी कार्यकर्ता पूरी लगन व मेहनत के साथ उसे सफल बनाएं।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत बलिदान से सींची हुई पार्टी है और कार्यकर्ता निर्माण पार्टी का सिद्धांत है। भाजपा प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ संगठन हित में कार्य करें। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर संगठन के शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। महिला मोर्चा की तरफ से भी महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान मुरारीलाल अग्रवाल, रणजीत सिंह, शैलेश पांडेय, मनोज कुशवाहा, प्रमोद मोदी, देवेश सिंह, पप्पू पांडेय, चंद्रा अहलूवालिया, गिरिजेश मिश्रा, राजेश गोंड, राघवेंद्र कुशवाहा, रवींद्र गांधी, राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, संजय सिंह, शोभिता श्रीवास्तव, रीता सिंह, आभा सिंह, स्मृति श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंडर-19 एलीट कैंप के लिए रुद्रांश का चयन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के तत्वावधान में 2 से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले एलीट कैंप के लिए प्रयागराज के रुद्रांश सिंह का चयन ?मध्य प्रदेश की ओर से किया गया है। अंडर-19 आयु वर्ग में आयोजित यह कैंप देश के चार शहरों, सूरत व नाडियाड (गुजरात), गुआहाटी एवं पांडिचुरी में लगेगा। रुद्रांश का चयन नाडियाड के लिए किया गया है। रुद्रांश के कोच विवेक सिंह ने बताया कि यह अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने किया है। इसमें विभिन्न फिटनेस परीक्षणों से गुजरना होगा। रुद्रांश ने वर्तमान सत्र में मध्य प्रदेश की ओर से कूच बिहार ट्रॉफी में 8 पारियों में तीन शतक एवं एक अर्धशतक के साथ 611 रन बनाए हैं जिसमें उत्तराखंड के विरुद्ध दोहरा शतक (229 रन) भी शामिल हैं।

# शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** थाना बक्शा पुलिस टीम द्वारा सनबीम विद्यालय के शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बक्शा विक्रम लक्ष्मण सिंह मय हमराही कर्मचारीगण के दिनांक 08.03.25 को सनबीम विद्यालय के शिक्षक के साथ तीन अज्ञात अभियुक्तो द्वारा मारपीट की गयी थी, जिसमें शिक्षक को गम्भीर चोटे आयी थी। घटना के सम्बन्ध में थान हाजा पर मु0अ0सं0 67/2025 धारा 191(2), 191(3), 61(2), 109,110 बी.एन.एस पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष बक्शा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवेचना के क्रम में घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त 1. प्रतीक सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी चुरावनपुर,सन्तोष यादव पुत्र स्व. फौजदार यादव नि0 बनगांव भूमिहार थाना बदलापुर ,शिवम सिंह पुत्र पप्पू सिंह उर्फ़ अरुण सिंह निवासी कोल्हनामऊ, थाना बक्शा, को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को समय 11.50 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकडी का दो बेंत व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## श्रीराम कथा में सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

**बांदा।** श्री नाथ विहार चिल्ला रोड बांदा में श्री रामकथा के दूसरे दिन कथा व्यास राजन महाराज ने भगवान शिव-पार्वती के विवाह का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान शिव-पार्वती की झांकी भी दिखाई गई। कथा में राजन महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुई। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन चौंक गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह,नीरज शुक्ला,भाजपा नेता अजीत गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह आशीष कमलेश अमित उपेंद्र गुप्ता, श्री रेखा गुप्ता, प्रीति गुप्ता,मोना गुप्ता, सुनील श्रीचंद गुप्ता पुरूषोत्तम गुप्ता अशोक गुप्ता दयाराम निषाद, दिनेश निरंजन, राजेश सिंह राज शिवम सिंह अजय ओमर, पुष्पेन्द्र सिंह अजय गुप्ता अंकित गुप्ता सूरज, अंशु आदि लोग मौजूद रहे।

# 10 मूल्यांकन केन्द्रों पर 12 लाख कापियों का मूल्यांकन आज से

अवधनामा संवाददाता

**करीब सात हजार परीक्षक 15 दिन में कापियों का करेंगे मूल्यांकन**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रयागराज जिले के 10 मूल्यांकन केंद्रों पर 19 मार्च बुधवार को सुबह 10 बजे से शुरू होने जा रहा है। इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी है। इन सभी मूल्यांकन केंद्रों पर करीब सात हजार परीक्षक 15 दिन में 12 लाख कापियों का मूल्यांकन करेंगे। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि वह सभी मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश मंगलवार को मूल्यांकन केंद्रों के प्रभारियों और परीक्षकों को देंगे।

डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि जिले के 10 मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन शुरू होगा जिसमें जीआईसी, केपी इण्टर कालेज, सीएवी इण्टर कालेज, जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज, क्रास्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज, केसर विद्यापीठ इण्टर कालेज,भारत स्काउट गाइड इण्टर कालेज, अग्रसेन इण्टर कालेज, कुलभाष्कर आश्रम इण्टर कालेज और एंग्लो बंगाली इण्टरमीडिएट कालेज है । उन्होंने बताया कि मूल्यांकन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। अगर 15 दिन में सभी कापियों का मूल्यांकन न पूरा हुआ तो मूल्यांकन का समय सुबह-शाम बढ़ा दिया जाएगा। डीआईओएस ने बताया कि बाहरी व्यक्तियों का मूल्यांकन केंद्रों पर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।अगर मूल्यांकन केंद्रों पर कोई बाहरी व्यक्ति मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और एफआईआर करके जेल भेज दिया जाएगा। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक सहित अन्य लोगों के मोबाइल लें जाने पर सख्त प्रतिबंध है, अगर किसी परीक्षक या कर्मचारी सहित अन्य के पास मोबाइल फोन मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मामले की जानकारी शासन को दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षक जिन कापियों का मूल्यांकन करेंगे उनकी रैण्डम चेकिंग होगी जिससे कि मूल्यांकन के दौरान कोई गड़बड़ी न होने पाएं। डीआईओएस पीएन सिंह ने सभी मूल्यांकन केंद्रों के प्रभारियों को मूल्यांकन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं - बिजली, पानी, टायलेट सहित अन्य की व्यवस्था का निर्देश दिया है जिससे परीक्षकों को परेशानी न होने पाएं। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे वायस रिकार्डिंग सहित हो जिससे कि मूल्यांकन कक्ष में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाएं और पूरे मूल्यांकन की रिकार्डिंग होगी। डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण पर्यवेक्षक, मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ अधिकारी किसी भी समय कर सकते है।

## गांव में IGRS पर शिकायत करने वाले बुजुर्ग महिला और पुरुष को मिला न्याय

**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत मैनपुर गांव निवासीनी सरिता यादव पत्नी दुर्ग विजय 65 वर्ष ने कुछ दिन पहलेप्र्हतेपर शिकायत दर्ज कराई थी। कि मेरे पांच बेटे हैं सब की शादी हो गई है मैं अकेले खाती बनाती हूं मेरे पति काफी बुजुर्ग हैं। और मैं अपने से खाना बनाती हूं एवं अपने कपड़े अपने से धोती हूं मैं काफी वृद्धि हूं मेरे बहु बेटे मेरी सेवा नहीं करते हैं और कहते हैं मैं अपनी प्रॉपर्टी मेरे नाम करवाओ तब सेवा सत्कार करूंगा मैंने आजप्र्ळैपर शिकायत किया और आज बरदह थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने मेरे घर पर आकर मेरे बहू और बेटों को समझाया बुझाया और कहा कि अपने सास ससुर की सेवा करो मरने के बाद तो जमीन ज्यादा तुम्हारी होगी नहीं तो कानूनी कार्रवाई कर दूंगा सभी मेरे पोते और पोती बहू बेटों ने कहा कि सर हम लोग अपने दादी दादा की सेवा करूंगा और इनको कोई दिक्कत नहीं होने दूंगा लिखित रूप से दिया यह जानकारी थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह वह मैनपुर निवासिनी सरिता यादव ने दिया।

# भाजपा ने महिलाओं का सर गर्व से ऊंचा किया : निर्मला पासवान

**आशीष केसरवानी ने चांदी का मुकुट पहनाकर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान का किया स्वागत-अभिनंदन**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा गंगा पार जिले की कार्यकर्ता परिचय बैठक का आयोजन भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में जो जिम्मेदारी दी है उसे सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता के बल पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जहां महिलाओं का सम्मान है। भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं का सर गर्व से ऊंचा किया है। कार्यकर्ता होने के नाते कार्यकर्ताओं का सम्मान बनाए रखेंगे और उनका सर झुकने नहीं देंगे और जिस प्रकार से नेतृत्व ने हम पर भरोसा किया है उसे भरोसे को हम सब मिलकर पूरा करेंगे और आने वाले विधानसभा एवं जिला पंचायत के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराकर शीर्ष नेतृत्व को विजय का तोहफा हम सब मिलकर देंगे।

इस अवसर सभी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मला पासवान को जिला अध्यक्ष बनने की बधाई देते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी ने संचालन किया और चांदी का मुकुट पहनाकर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, चेयरमैन अमरनाथ यादव, ब्लॉक प्रमुख सुशांत मिश्रा जितेंद्र पटेल अनिरुद्ध पटेल डब्बू यादव शशांक एवं जिले एवं मंडल के के सभी पदाधिकारी एवं पूर्व के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।


## जनपद में आयोजित उक्त परीक्षा का निरीक्षण किया

**आजमगढ़।** अटल आवासीय विद्यालय, गम्भीरवन, आजमगढ़ में सत्र- 2025-26 में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा-2025 का आयोजन आज आजमगढ़ मण्डल के तीनों जनपदों के एक-एक परीक्षा केन्द्र पर सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा जनपद आजमगढ़ में आयोजित उक्त परीक्षा का निरीक्षण किया गया। कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों और दण्डाधिकारियों के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात था । तीनों जनपदों के परीक्षा केन्द्रों पूर कक्षा 6 के लिये कुल 706 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 668 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 38 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कक्षा-9 के लिये कुल 465 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 422 आभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने महिला दिवस समारोह का सफलतापूर्वक समापन किया

**बैंगलोरः** महिलाओं को सशक्त बनाने और ऑटोमोटिव उद्योगमें उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने हाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में दो शानदार कार्यक्रम आयोजित किए। बिदादी में टीकेएम केविनिर्माण संयंत्र में 12 और 16 मार्च को आयोजित समारोह में 700 से अधिकमहिला कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। यह एक समावेशी औरप्रेरक कार्य वातावरण बनाने के प्रति कंपनी के समर्पण का प्रदर्शन करता है। इन कार्यक्रमों में टीकेएम ने प्रतिभा निखारने के साथ अपनी महिला कर्मचारियोंके बीच कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित कियागया। 12 मार्च को एक विशेष सत्र में विभिन्न शिफ्टों से 250 से अधिक महिलाटीम के सदस्यों के साथ-साथ वरिष्ठ व अग्रणी लोगों ने भाग लिया और उन्हें÷कार्य-जीवन संतुलन÷ के विषय पर सार्थक चर्चा में शामिल किया गया। कंपनीके अंदर की कई प्रमुख वरिष्ठ व अग्रणी महिलाओं ने अपने बहुमूल्य अनुभव केसाथ अंतर्दृष्टि साझा की, युवा प्रतिभाओं को उनकी व्यक्तिगत औरव्यावसायिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए मार्गदर्शनकिया। इंटरैक्टिव क्विज़ और आकर्षक गतिविधियों ने एक ऊर्जावान माहौलबनाया और प्रतिभागियों के बीच सौहार्द को बढ़ावा दिया। इसके अलावा, 16 मार्च को महिला दिवस समारोह ने और भी अधिक ऊंचाईहासिल की। टीकेएम के विनिर्माण शिफ्टों से 450 से अधिक महिलाकर्मचारियों ने एक बड़े कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें कर्नाटक राज्य महिलाआयोग की सचिव और बाल संरक्षण निदेशालय की निदेशक श्रीमती आर. लता(आईएएस) मुख्य अतिथि थीं। श्रीमती आर. लता ने भारतीय स्टेट बैंक में करियरशुरू करके एक कुशल आईएएस अधिकारी बनने के अपने अनुभव मौजूद लोगोंके साथ साझा किए। उनके उत्साहवर्धक शब्दों ने कर्मचारियों को महत्वाकांक्षीकरियर पथ की कल्पना करने और पारंपरिक करियर रूढ़ियों को तोड़ने के लिएप्रेरित किया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए मुख्य अतिथि, श्रीमती आर. लता(आईएएस), सचिव, कर्नाटक राज्य महिला आयोग और निदेशक, बालसंरक्षण निदेशालय ने कहा, महिलाओं को सशक्त बनाना केवल अवसरों केबारे में नहीं है, यह आत्मविश्वास पैदा करने और उन्हें महत्वाकांक्षी लक्ष्यनिर्धारित करने के लिए प्रेरित करने के बारे में है।

## वैश्विक नेटवर्क से जुड़ेगा भारतीय समुद्र क्षेत्र, भारत और सिंगापुर में होगा शिपिंग कॉरिडोर समझौता




**सिंगापुर।** भारत का समुद्री क्षेत्र जल्द ही वैश्विक नेटवर्क से जुड़ेगा। इसके लिए सिंगापुर और भारत के बीच ग्रीन एंड डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (जीडीएससी) शुरू करने की तैयारी है। दोनों देश इसे लेकर जल्द ही समझौते (एलओआई) पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की अगले सप्ताह होने वाली सिंगापुर यात्रा के दौरान यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

भारत का समुद्री क्षेत्र जल्द ही वैश्विक नेटवर्क से जुड़ेगा। इसके लिए सिंगापुर और भारत के बीच ग्रीन एंड डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (जीडीएससी) शुरू करने की तैयारी है। दोनों देश इसे लेकर जल्द ही समझौते (एलओआई) पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की अगले सप्ताह होने वाली सिंगापुर यात्रा के दौरान यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सोनोवाल 24 से 28 मार्च तक एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सिंगापुर मैरीटाइम वीक (एसएमडब्ल्यू) में भाग लेंगे। सिंगापुर के मैरीटाइम और पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) के मुख्य कार्यकारी टेओ इंग दीह ने कहा हम शुरुआत के तौर पर भारत के साथ आशय पत्र जारी करने के बारे में सोच रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जिस पर हम अभी भी काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सिंगापुर मैरीटाइम वीक के दौरान ही एलओआई पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, मगर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

# कम तेल, लेकिन सही तेलः खाना पकाने और स्वस्थ जीवन का स्मार्ट तरीका

**लखनऊ।** खाद्य तेल की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए खपत में सावधानी बरतने की आवश्यकता है न कि तेल को हटाने पर आजकल अधिक से अधिक लोग और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके सावधानी से खपत के महत्व को पहचान रहे हैं जिससे खाद्य तेल के कम उपयोग के बारे में चर्चा बढ़ रही है। इसमें तेल के उपयोग को पूरी तरह से खत्म करने की जगह चुनिंदा विकल्प को चुनने पर ध्यान है- सही तेल का चुनाव करते हुए इसका कम मात्रा में उपयोग करना।

मारिको की मुख्य अनुसंधान एवं विकास अधिकारी डॉ. शिल्पा वोरा इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताती हैं कि खाद्य तेल का सोच-समझकर उपयोग और संतुलित पोषण लंबे समय तक स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करता है। सूचनात्मक पैकेजिंग के माध्यम से तेल के सेवन को बढ़ावा देने से लेकर, भोजन में तेल के अवशोषण को कम करने वाली स्ड्स्ह्रञ्च0 प्रौद्योगिकी जैसे अभूतपूर्व नवाचारों को प्रस्तुत करने तक, सफोला बहु-स्रोत खाद्य तेल लंबे समय से उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक



विकल्प के चुनाव में मदद के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य-केंद्रित नवाचारों के साथ साथ निरंतर विकास करते हुए, यह ब्रांड हेल्थ रेवोल्यूशन (स्वास्थ्य क्रांति) में सबसे आगे हैं। उत्पाद में सुधारों के अलावा, ब्रांड दैनिक जीवन में छोटे किन्तु प्रभावशाली बदलावों को प्रोत्साहित करता है, जिससे सही पोषण और फिटनेस की आदतों का हमारे दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संतुलित वसा के साथ स्मार्ट कुकिंग सभी वसा समान नहीं होती। हमारे आहार में मौजूद वसा के प्रकार को समझना और उनके प्रभाव को जानना आवश्यक है ताकि हम अपने लिए सही आहार का चुनाव कर सकें। स्वस्थ वसा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (एमयूएफए) और पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (पीयूएफए) का संतुलित अनुपात हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए फायदेमंद हैं। वहीं, ट्रांस फैट और अत्यधिक संतृप्त वसा के अधिक सेवन से हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है।

बहु-स्रोत खाद्य तेल विभिन्न प्रकार के तेलों को मिलाकर तैयार किया जाता है, जिससे आवश्यक फैटी एसिड का संतुलित प्रोफाइल मिलता है। इससे उपभोक्ताओं को वांछित फैटी एसिड के साथ विभिन्न तेलों के फायदों का उपहार मिलता है। स्मार्ट कुकिंग की तकनीकें जैसे तलना, ग्रिलिंग, स्टीमिंग और एयर-फ्राइंग के उपयोग से तेल की खपत को कम किया जा सकता है, जिससे खाने का स्वाद और टेक्सचर बना रहता है।

# इंडस टावर्स ने निर्बाध कनेक्टिविटी और सामाजिक प्रभाव के साथ महाकुंभ 2025 का किया समापन

**लखनऊ।** दुनिया की अग्रणी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स ने महाकुंभ 2025 में डिजिटल कनेक्टिविटी को निर्बाध और सशक्त बनाकर सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभाई। अपने असाधारण कार्यान्वयन के लिए राज्य और स्थानीय प्राधिकारियों से सराहना प्राप्त, इंडस टावर्स ने महाकुंभ 2025 को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने और समाज के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महाकुंभ 2025 के समापन तक 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने के साथ, इंडस टावर्स के मजबूत टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर ने निर्बाध डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे यह संभव हुआ-

तीर्थयात्रियों को अपने परिवारों से जुड़े रहने और महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिली। स्थानीय व्यवसायों को डिजिटल लेनदेन और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा मिली, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिला।

*ज़ सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को रियल-टाइम अपडेट साझा करने में सहायता मिली, जिससे महाकुंभ की पहुंच बढ़ी।

यात्रा और लॉजिस्टिक्स सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित हुईं, जिससे टिकट बुकिंग में कोई बाधा नहीं आई।

प्रमुख ब्रांडों और कियोस्क को डिजिटल इंटरैक्शन और लेनदेन की सुविधा प्राप्त हुई।

इंडस टावर्स के यूपीई सर्कल के सीईओ, नीरज सिंह ने कहा, महाकुंभ 2025 में अपने प्रयासों को पूरा करते हुए, हम अपने बुनियादी ढांचे के निवेश के दीर्घकालिक प्रभाव पर गर्व महसूस करते हैं। ये नए स्थापित टावर आने वाले वर्षों में प्रयागराज की नेटवर्क क्षमताओं को मजबूत करेंगे। इस वृहद कार्य को पूरा करने में हमें मेला प्रशासन, विशेष रूप से मेला अधिकारी श्री विजय किरण आनंद और जिला मजिस्ट्रेट श्री रविंद्र कुमार मंदर का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिए हम आभारी हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और दूरसंचार विभाग डॉट के सहयोग से, इंडस टावर्स ने 101 स्थायी दूरसंचार टावर स्थापित किए और उच्च घनत्व वाली कनेक्टिविटी मांगों को प्रबंधित करने के लिए 76 सेल ऑन व्हील्स सीओडब्ल्यू तैनात किए। इन प्रयासों ने लाखों तीर्थयात्रियों, अधिकारियों और आगंतुकों के लिए निर्बाध आवाज और डेटा सेवाओं को सुनिश्चित किया, जिससे पूरे आयोजन के दौरान कनेक्टिविटी में कोई बड़ी बाधा नहीं आई, जिससे महाकुंभ 2025 अब तक का सबसे डिजिटल रूप से सुलभ आयोजन बन गया।

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर के तहत सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए इंडस टावर्स ने दूरसंचार अवसंरचना में अपने योगदान के अलावा, अपने सीएसआर फ्लैगशिप कार्यक्रम प्रगति के माध्यम से सामुदायिक कल्याण को भी प्राथमिकता दी है। महाकुंभ में भाग लेने वाली महिलाओं के लिए स्वच्छता के महत्व को स्वीकार करते हुए, इंडस टावर्स ने प्रयागराज के मेडिकल सेंटरों पर 37 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें लगाई थीं।

## मुंबई हवाई अड्डे से फ्लाइट पकड़ने पर ज्यादा ढीली होगी जेब, यात्रियों से वसूला जाएगा

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरना अब महंगा होने जा रहा है। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास को लेकर एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) वसूल करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके मुताबिक घरेलू यात्रियों से 325 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 रुपये वसूले जाएंगे। मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरना अब महंगा होने जा रहा है। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास को लेकर एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) वसूल करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके मुताबिक घरेलू यात्रियों से 325 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 रुपये वसूले जाएंगे। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) की संचालक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने मंगलवार को कहा कि यात्री सुविधाओं में बदलाव के लिए यह फैसला लिया गया है। अभी प्रस्ताव को हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) को सौंपा गया है। वहीं हवाई अड्डा प्रबंधन ने कहा कि एक ओर यूडीएफ वसूला जाएगा तो दूसरी ओर एयरलाइन लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में लगभग 35 प्रतिशत की कमी की जाएगी। इस कटौती से मुंबई से हवाई किराये पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ताकि एयरलाइन्स कंपनियां लागत का बेहतर प्रबंधन कर सकें। मौजूदा समय में मुंबई हवाई अड्डे पर वर्तमान में प्रति यात्री लाभ (वाईपीपी) 285 रुपये है। प्रस्ताव में इसे बढ़ाकर 332 रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने बताया कि अगले पांच साल में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के निर्माण में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

## आकाश हेल्थकेयर ने की ANVKA फाउंडेशन के साथ मिलकर पिंक बोन्स की घोषणा



**गोरखपुर ।** भारत के वंचित बच्चों में हड्डियों की विकृति के संकट को दूर करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में आकाश हेल्थकेयर ने अन्वका फाउंडेशन के साथ साझेदारी में पिंक बोन्स डिफॉर्मिटी फ्री किड्स कॉम्यूनिटी शुरू किया है। इस कार्यक्रम के जरिये जन्मजात और आर्थोपेडिक समस्याओं से जूझ रहे 16 वर्ष तक के बच्चों को प्रारंभिक पहचान से लेकर सर्जरी के बाद पुनर्वास तक निःशुल्क चिकित्सा देखभाल करने की जिम्मेदारी निभाने का वादा किया है।आकाश हेल्थकेयर के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विक्रम खन्ना ने कहा कि ये स्थितियां विशेष रूप से वंचित समुदायों के बच्चों के बीच महत्वपूर्ण शारीरिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। बच्चों में हड्डियों की विकृति विभिन्न कारकों, जैसे चोट, संक्रमण या आनुवंशिक स्थितियों से उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा ये विकृतियां न केवल बच्चे के शारीरिक विकास में बाधा डालती है, बल्कि चलने, दौड़ने, खेलने या लिखने जैसी रोज़मर्रा की गतिविधियों को करने की उनकी क्षमता को भी प्रभावित करती है। इसका प्रभाव शारीरिक सीमाओं से परे होता है, जो उनके भावनात्मक स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हालांकि, जल्दी पता लगाने और समय पर इलाज से प्रभावित बच्चों के जीवन की गुणवत्ता और समग्र कल्याण में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है,÷।

हाल ही में शुरू की गई इस पहल ने एक 9 वर्षीय बच्चे जो कभी गंभीर रूप से विकृति यानी टेढ़े-मेढ़े पैरों के कारण व्हीलचेयर तक ही सीमित था, को चलने-फिरने में योग्य बनाया। इस पहल के बाद बच्चे के जीवन में यह एक परिवर्तनकारी क्षण था। बच्चे की पैरों पर खड़े होने की यात्रा पूरे भारत में हजारों बच्चों के लिए आशा का प्रतीक है। अपने माता-पिता और आकाश हेल्थकेयर के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. आशीष चौधरी के बगल में खड़ी होकर मुस्कुराते हुए बच्ची ने कहा ÷मुझे खुशी है कि मैं अब चलने में सक्षम हूं और कुछ महीनों के भीतर मैं अपने दोस्तों के साथ खेल पाऊंगी÷।

भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अनुसार, बच्चों में हड्डियों की विकृति, क्लबफुट जैसी जन्मजात स्थितियों से लेकर ऑस्टियोकॉन्ड्रोडिस्प्लासिया, स्कोलियोसिस और ऑस्टियोजेनेसिस इम्पर्फेक्टा जैसी पोस्ट-ट्रॉमेटिक विकृतियों तक भारत में हर 300 बच्चों में से 1 को प्रभावित करती है। सीमित जागरूकता, गरीबी और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 70 फीसदी मामलों का इलाज नहीं हो पाता है, जिससे अक्सर बच्चे आजीवन विकलांगता के शिकार हो जाते हैं। कुपोषण इस समस्या को और भी गंभीर बना देता है, क्योंकि निम्न आय वाले समुदायों में बाल चिकित्सा में होने वाले अस्थि विकारों में 35 फीसदी मामलों में विटामिन डी की कमी जिम्मेदार होती है। आकाश हेल्थकेयर की अभूतपूर्व हड्डी विकृति पहल के पीछे व्यक्तिगत दर्द की कहानी है जिसने डॉ. चौधरी को एक मरीज से एक अग्रणी में बदल दिया, जिसने अपने संघर्षों को दूसरों की मदद करने के मिशन में बदल दिया। क्लबफुट के साथ जन्मे इस बच्चे ने लगभग चलने की क्षमता खो दी थी, लेकिन वह अपने माता-पिता की पीड़ा को देखते हुए बड़ा हुआ, जो इसका इलाज खोजने के लिए बेताब थे, लेकिन उन्हें सिर्फ भ्रम और गलत सूचना ही मिली।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी और वेन स्टेट यूनिवर्सिटी की साझेदारी से वैश्विक विस्तार को मिलेगी नई उड़ान



**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अमेरिका की वेन स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता (एमओयू) किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य संयुक्त शोध और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक शिक्षा सहयोग को बढ़ाना है। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और छात्रों व शिक्षकों के लिए नई शैक्षणिक संभावनाएँ खोलने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी और वेन स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों के बीच इस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध सहयोग की साझा सोच को मजबूत करता है। वेन स्टेट यूनिवर्सिटी से डॉ. नबील चालहूब (डीन, मैकेनिकल इंजीनियरिंग) और डॉ. लीला मोहन रेड्डी (डीन, सिविल इंजीनियरिंग) ने भी आपसी शैक्षणिक विकास और नवाचार के अवसरों पर चर्चा की।यह कोलोब्रेशन दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों के शैक्षणिक अनुभव को बेहतर बनाने और संस्थानों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने के लिए किया गया है। संयुक्त शोध परियोजनाओं और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से, छात्र अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कौशल और ज्ञान प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें वैश्विक करियर के अवसर मिलेंगे।

# फ्लिपकार्ट होलसेल के बारे में

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट समूह का एक हिस्सा, फ्लिपकार्ट होलसेल, किराना स्टोर, छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) और थोक विक्रेताओं को एक सहज ओमनीचैनल अनुभव के साथ सशक्त बनाकर भारत में बी2बी खुदरा पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है। उन्नत तकनीक, गहन बाजार अंतर्दृष्टि और एक व्यापक आपूर्ति श्रृंखला का लाभ उठाकर, फ्लिपकार्ट होलसेल का लक्ष्य श्चद्दह्ड्डह्वद्गश्ठह्य को सुव्यवस्थित करना, लाभप्रदता बढ़ाना और अपने सदस्यों के लिए विकास के नए रास्ते खोलना है। हमारा ध्यान - कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं के लिए बेहतर दृश्यता, क्षेत्रीय चयन, %फीट ऑन स्ट्रीट% व्यवसाय की वृद्धि और क्रेडिट सेवाओं पर है जो हमारी वृद्धि के महत्वपूर्ण कारक हैं। देश भर में 26 स्टोर सहित एक मजबूत भौतिक और डिजिटल उपस्थिति के साथ, फ्लिपकार्ट होलसेल 1.2 मिलियन से अधिक किराना और एमएसएमई



सदस्यों को सहयोग प्रदान करता है, आपूर्ति श्रृंखला जटिलताओं को सरल बनाता है और मूल्य-संचालित उत्पादों की विविध रेंज तक पहुँच प्रदान करता है। प्लेटफ़ॉर्म का डेटा-संचालित दृष्टिकोण सदस्यों को स्टॉक चयन को अनुकूलित करने, लाभप्रदता और अवधारणा को बढ़ाने में मदद करता है। फ्लिपकार्ट होलसेल की लखनऊ में मौजूदगी उत्तर प्रदेश में फ्लिपकार्ट होलसेल के विकास के लिए लखनऊ एक प्रमुख बाजार है। यह यात्रा 19 अक्टूबर, 2011 को सुशांत गोल्फ सिटी, अंसल में लखनऊ स्टोर के शुभारंभ के साथ शुरू हुई, इसके बाद 23 जुलाई, 2018 को शिवानी पब्लिक स्कूल, कटिबगिया के पास लखनऊ फुलफिलमेंट सेंटर (स्न्नष्ट) का उद्घाटन हुआ। सबसे तेजी से बढ़ते टियर-2 शहरों में से एक के रूप में, लखनऊ छोटे व्यवसायों के लिए अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है। फ्लिपकार्ट होलसेल ने क्रॉस-डॉक और अतिरिक्त स्न्नष्ट के माध्यम से अपने पदचिह्न को और विस्तारित करने की योजना बनाई है, जिससे पूरे क्षेत्र में पहुँच और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार होगा। स्थानीय व्यापार मालिकों का समर्थन करने के लिए, फ्लिपकार्ट होलसेल छोटे और क्षेत्रीय उद्यमों के लिए ऋह्लद्ध बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई निःशुल्क ऋण सुविधाएँ प्रदान करता है। शहर में 700 से अधिक कर्मचारियों के कार्यबल के साथ, कंपनी न केवल वाणिज्य की सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि लॉजिस्टिक्स, संचालन और ग्राहक सहायता में रोजगार सृजन में भी योगदान दे रही है। इसके अलावा, फ्लिपकार्ट होलसेल अपनी पहुँच बढ़ाने और स्स्र्स्ब्ह्य और किराना के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के साथ सहयोग की संभावनाएँ तलाश रही है। फ्लिपकार्ट होलसेल के प्रमुख दिनकर का कथन, फ़्लिपकार्ट होलसेल में, हम टेक्नोलॉजी, आंकड़ों की अंतर्दृष्टि और आर्थिक सहायता द्वारा समर्थित एक सहज ऑम्निचैनल अनुभव के माध्यम से पूरे भारत में किराना और एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य छोटे व्यवसायों को बढ़ने, लाभप्रदता में सुधार करने और प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद करना है। लखनऊ हमारे लिए एक प्रमुख बाजार बना हुआ है, जहाँ हम अधिक ग्राहकों की सेवा करने, स्थानीय उद्यमियों का सहयोग करने और यहाँ के व्यापार के इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए अपने स्टोर का विस्तार और पुनर्निर्माण कर रहे हैं। चहुंमुखी चैनल (ओमनीचैनल) मॉडल के ज़रिए नवाचार करना

## भारत की जीवन बीमा कंपनियों ने फरवरी 25 में नए कारोबारी आंकड़े दर्ज किये; प्रीमियम कलेक्शन में 5.71 % की सालाना बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल ने फरवरी 2025 के लिए बीमा कारोबार के नए आंकड़े जारी किए हैं और इनमें शानदार वृद्धि देखने को मिली हैं। भारतीय जीवन बीमा कंपनियों ने इस साल फरवरी तक पिछले साल के मुकाबले 5.71त्न ज्यादा नए बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) हासिल किए हैं। यहदिखाता है कि बीमा क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है।

फरवरी 2025 में नए बिजनेस प्रीमियम 29985.58 करोड़र हे, जबकि इस साल फरवरी तक कुल कलेक?शन 335897.67 रूपए करोड़ पहुंच गया, जो पिछले साल के 317746.71 करोड़ रूपए से काफी ज्यादा है।

लोगों में बीमा सुरक्षा की मांग बढ़ने से जीवन बीमा क्षेत्र में अच्छी तरक्की हुई है। फरवरी 2025 में, बीमा कंपनियों ने1,941,272 नई पॉलिसी बेचीं, और यह पॉलिसी बेचने में मजबूत बढ़ोतरी दिखाती है। लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, इंडिविजुअल सिंगल प्रीमियम में पिछले साल के मुकाबले 8.30% की बढ़ोतरी हुई, जो फरवरी 2025 में 4,300.94 करोड़ रूपए तक पहुंच गया। इस साल फरवरी तक की कुल बढ़ोतरी काफी प्रभावशाली रही, और यह 13.36% थी। वहीं, इंडिविजुअल नॉन-सिंगल प्रीमियम 8,933.99 करोड़ रूपए रहा, और इस साल फरवरी तक की कुल कमाई पिछले साल के मुकाबले 12% ज्यादा रही। बीमा कंपनियों के अच्छा प्रदर्शन इसलिए है क्योंकि वो पहली बार बीमा खरीदने वालों को ज़रूरी जीवन बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इससे फरवरी 2025 में इंडीविजुअल प्रीमियम कलेक?शन में 0.89% की बढ़ोतरी हुई और इस साल फरवरी तक इसमें 12.43% की वृद्धि दर्ज की गई। ग्रुप पॉलिसी सेगमेंट में भी काफी लचीलापन देखने को मिला और फरवरी में मासिक कलेक?शन 15,130.54 करोड़ रूपए पहुंच गया। इस कैटेगरी में भी नई पॉलिसी बेचने में सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। यह इस कैटेगरी में लगातार जारी गतिविधि को दर्शाता है। भारत में जीवन बीमा कंपनियां बीमा को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए बहुत मेहनत कर रही हैं, खासकर उन इलाकों में जहां पहले बीमा की सुविधा नहीं थी। इसके लिए, जीवन बीमा कंपनियों ने 984631 से ज्यादा नए जीवन बीमा एजेंट बनाए हैं, और कुल एजेंट्स की संख्या में 6.27% की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही, बीमा कंपनियां डिजिटल तरीके से भी काम कर रही हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बीमा की पहुंच हो सके। इससे वित्त वर्ष 2025 और उसके बाद भी नए बिजनेस प्रीमियम में अच्छी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

## भारत में रेलवे किराया पड़ोसी देशों से कम, राज्यसभा में बोले अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत में रेल किराया पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से कहीं कम है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान की तुलना में अब तक रेल हादसों में 90 प्रतिशत की कमी आई है। रेल मंत्री ने आगे क्या कहा, आइए जानें। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत में रेल किराया पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से कहीं कम है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान की तुलना में अब तक रेल हादसों में 90 प्रतिशत की कमी आई है। महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने को लेकर विपक्ष के शोरगुल के बीच मंत्री ने कहा कि रेलवे ने स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और त्योहारों के मौसम में कई विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सुरक्षा पर ध्यान दिए जाने के कारण, लालू प्रसाद के मंत्रालय संभालने के समय की तुलना में दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, ÷लालू प्रसाद के कार्यकाल में एक वर्ष में लगभग 234 दुर्घटनाएं और 464 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, यानी प्रति वर्ष लगभग 700। ममता बनर्जी के कार्यकाल में 165 दुर्घटनाएं और 230 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या प्रति वर्ष 395 हो गई और मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यकाल में 118 दुर्घटनाएं और 263 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जिससे दुर्घटनाओं की कुल संख्या 381 हो गई।÷ वैष्णव ने यह भी कहा कि कवच का बड़े पैमाने पर 10,000 इंजनों और 15,000 किलोमीटर पर परिचालन किया जा रहा है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया और नई तकनीक और निवेश लाया, और अब यह घटकर 30 दुर्घटनाएं और 43 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जो पहले की अवधि से 90 प्रतिशत कम है और 2014-15 की तुलना में 80 प्रतिशत कम है।

## बीएलएस की ई-सेवाएं को जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मिला सम्मान



**लखनऊ।** देश की एक प्रमुख प्रौद्योगिकी संचालित डिजिटल सेवा प्रदाता कम्पनी बीएलएस ई-सेवाएं को इसकी जमीनी स्तर पर की गई पहलों के लिए हाल ही में आयोजित ईटी महिला सम्मेलन 2025 में अवार्ड से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान कंपनी के प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है जो महिलाओं को सशक्त बनाने और विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित समुदायों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे हैं।बीएलएस के अध्यक्ष, श्री शिखर अग्रवाल के मार्गदर्शन में, बीएलएस ई-सेवाएं, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से अग्रणी रही हैं। कंपनी के प्रयासों का एक आधार स्तंभ महिलाओं को सशक्त बनाना है। कंपनी के 20त्न से अधिक आउटलेट्स महिला उद्यमियों द्वारा संचालित किए जाते हैं (राष्ट्रीय औसत 14त्न की तुलना में)। आउटलेट्स के माध्यम से संसाधित 130 मिलियन से अधिक लेनदेन से महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव पैदा होता है, जिसमें डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और बचत की आदतों को बढ़ावा देने से लेकर माइक्रो-बीमा, माइक्रो-पेंशन, राजस्व सेवाएं, फसल बीमा, कृषि ऋण और कृषि उद्यम ऋण शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाताधारकों में से 55त्न महिलाएं हैं जो बीएलएस चैनल के माध्यम से सेवाएं प्राप्त करती हैं।÷हम वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सेवाएं (बीमा और आय सुरक्षा), फसल बीमा, ऋण सेवाएं, राजस्व सेवाएं, शिक्षा, साक्षरता और युवा और महिला सशक्तिकरण की पहल जैसे कि बीसी सखी कार्यक्रम के माध्यम से वंचित आबादी तक महत्वपूर्ण सेवाएं पहुंचाने पर गहराई से केंद्रित हैं,÷ बीएलएस ई-सेवाएं के अध्यक्ष, श्री शिखर अग्रवाल ने कहा। ÷इन पहलों से समुदायों को ऊपर उठाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा होते हैं। हमें इस महत्वपूर्ण कार्य में सम्मानित किया गया है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों का जश्न मनाते हैं हमारा मानना है कि महिलाओं को सशक्त बनाना एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक है, और हम इस लक्ष्य की ओर काम करना जारी रखेंगे।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 19 मार्च 2025



# राज्यपाल के कार्यक्रम में भूख-प्यास से तड़पते दिखे नौनिहाल

## एडीएम ने पत्रकारों के साथ किया भेदभाव



कार्यक्रम को संबोधित करती राज्यपाल



भूख प्यास से तड़पे बच्चे

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को केन्द्र पर पहुंचाने के लिए सभी की जिम्मेदारी तय कर रही थी। वही राज्यपाल के कार्यक्रम में विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों से बुलाए गए नौनिहालों को भूख-प्यास से तड़पते हुए देखा गया।

ऐसी चर्चा है कि जिला प्रशासन ने अपनी कमियां व दुर्व्यवस्था को छिपाने के लिए राज्यपाल के कार्यक्रम में कुछ गिने-चुने पत्रकारों को आमंत्रित किया था। नतीजतन लखनऊ और दिल्ली से प्रकाशित समाचार पत्र व न्यूज ऐजेंसियों के संवाददाताओं ने राज्यपाल के कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का 18 मार्च को कुशीनगर के जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम तय था। इसके लिए बकायदे उनके आगमन से लेकर कार्यक्रम व वापस लौटने के मिनट-टू मिनट प्रोटोकॉल जारी हुए थे, जहां तयशुदा समय के अनुसार आंगनबाड़ी किट का वितरण, लाभार्थियों को भूमि पट्टा वितरण, आवास की चाबी, चेक, प्रमाण पत्र के अलावा टीबी रोगियों को पोषण की पोटली एवं आंगनवाड़ी किट वितरण किया जाना था। इसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का कार्यक्रम निर्धारित था। बताया जाता है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की जनपद में आने का एक मात्र उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्तियों तक पहुंचाने पर जोर देना व जन जन तक योजनाओं को प्रसारित करना था। यही वजह है कि गवर्नर ने नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए सीडीओ और मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए यहां के पुलिस प्रशासन को नसीहत दिया। किन्तु अफसोस जिला प्रशासन ने शासन के मंसूबे पर उस समय पानी फेर दिया जब महामहिम के कार्यक्रम कवरेज के लिए कुछ गिने-चुने पत्रकारों का पास जारी कर भेदभाव कर दिया।

नतीजतन लखनऊ व दिल्ली से प्रकाशित समाचार पत्र व न्यूज ऐजेंसियों ने राज्यपाल के कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। ऐसी चर्चा है कि अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र नही चाहते थे कि प्रशासन की कोई कमियां उच्चाधिकारियों के सामने आए और महामहिम का कार्यक्रम जन-जन तक पहुंचे।

इस लिए उन्होने प्रिन्ट मीडिया से लोकल स्तर के दस पत्रकारों को आमंत्रित करने का फतवा जारी कर रखा था। इसके बावजूद राज्यपाल के कार्यक्रम में सुबह आठ बजे से पहुंचे विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के नौनिहालों को भूख-प्यास से तड़पड़े हुए नजारा को मीडिया से छुपाने में असफल रहे।

## रेलवे क्रॉसिंग में फंसा कंटेनर ट्रक, मालगाड़ी ने मारी टक्कर

**अमेठी/जगदीशपुर।** थाना क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी रेल खंड के रेलवे फाटक पर कंटेनर ट्रक और मालगाड़ी की टक्कर हो गई। रेलवे दुर्घटना में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार की रात करीब 02:30 बजे थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक खुला था और गेटमैन भी नहीं था। चालक ने बताया कि इसी दौरान ट्रक फाटक को पार रहा था। ट्रक पटरी पर फंस गया और कंटेनर से मालगाड़ी टकरा गई। पुलिस ने बताया कि मालगाड़ी और कंटेनर के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर करीब 100 मीटर तक घसटता चला गया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और? घटना में घायल ट्रक चालक सोनू चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल ड्राइवर सोनू चौधरी को पहले इलाज के लिए जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, लेकिन बाद में उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# वर्षा से पहले कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य बनवाएं सभी अधिकारीः डीएम

## जिला गंगा समिति और जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** मंगलवार को जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण/ पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि न डाला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वह अपने कार्यालय भावनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित कराएं जिससे वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त विद्यालयों के जल की गुणवत्ता अनिवार्य रूप से जांच करा लें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के जल की भी गुणवत्ता जांच कर लें। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले कचरा/वेस्टेज को नदी व जलाशयों इत्यादि में न फेंकें? व उनका निस्तारण मानक अनुरूप कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने हेतु जनपद में वृक्षारोपण के लिए स्थान चिन्नांकन, गढ्ढा खुदाई तथा वृक्षों की कटाई न करने के निर्देश प्रभागीय वनाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक तीव्रता वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने वालों पर कार्यवाही अमल में लाई जाए, इसकी समय-समय पर जांच की जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाए जाने की दृष्टिगत बनाए जा रहे आरआरसी सेंटर व एमआरएफ सेंटर के क्रियान्वयन एवं संचालन तथा निर्माण की प्रगति की समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त आरआरसी सेंटर व एमआरएफ सेंटर का निर्माण तय समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिया जाये।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया में सोमवार की रात एक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी जिसकी सूचना मंगलवार को सुबह पुलिस को हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी सेवरही लाया जहां पर चिकित्सकों ने गहनता से जांच किया तो बताया कि युवक की मृत्यु हो चुकी है। बताया जाता है कि मृतक मिट्ठू प्रजापति पुत्र विंध्याचल ग्राम भताहवा थाना ठकराहा उम्र 20 वर्ष ने अपने पत्नी को लेकर किराए के मकान में सेवरही थाना क्षेत्र स्थित तुर्कवलीया में कुछ दिनों से रहता था। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि करीब 9 बजे रात में घर पहुंचे और खाना पीना कर के सो गए और जब सुबह हुई तो उन्हें जगाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं जगने पर आस पास के लोगों को बुलाया लोग आए तो बताया गया कि इनकी मृत्यु हो गई है।सेवरही थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता लगेगा। जिसकी विद्धिक कार्यवाही की जाएगी।

### करंट के चपेट में आने से मुशहर युवक की मौत

कुशीनगर। सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंझरिया में एक मुसहर युवक की बिजली के करंट से झूलस कर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक छबिलाल प्रसाद पुत्र भवलेश्वर मुसहर उम्र करीब 18 वर्ष रोज के भांति मजदूरी करने गांव के खेत में गया हुआ था कि अचानक बिजली का तार टुट कर उसके शरीर पर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची सेवरही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज अग्रिम विधिक कार्यवाही करने में जुट गई।

## आग लगने से बैंसडा में जलकर राख हुए एक दर्जन मकान

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत बैसड़ा ग्राम सभा के राम दत्त बनवासी टोला में अज्ञात कारणों से भीषण आग लगने से एक दर्जन से अधिक कच्चे मकान की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की घटना में अर्जुन, ओम प्रकाश, देवराज, राहुल, कुंवर बहादुर, कुंवर चंद्र, लवकुश, राम लखन, त्रिवेणी, राजेंद्र, सत्रोहन, रामपाल, राम टहल, रमशेर, शमशेर, राजेश, विजय पाल और राम अवतार के घरों का सारा सामान जलकर राख हो गया है। आग की घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम आशीष सिंह ने मौके का जायजा लिया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** गायत्री परिवार की ओर से कटराफूलकुंवरि में बनाए गए यज्ञ स्थल पर 251कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है। मंगलवार को लगभग चार किलोमीटर लम्बी कलश? यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, स्कूली छात्र छात्राएं और गायत्री मिशन के कार्यकर्ता शामिल हुए। कलश यात्रा ऐतिहासिक देवी पाटन मंदिर से प्रारम्भ हुई और नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई। गायत्री मिशन के युग निर्माण सम्बन्धित नारों का उद्घोष करते हुए कार्यकर्ताओं ने संस्कार युक्त शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के संदेश दिए। कन्या भ्रूण हत्या रोकने और नशीली वस्तुओं के सेवन से होने वाली हानियों के विषय में जनजागरण करते हुए कलश यात्रा ने व्यसन मुक्ति के संदेश भी दिए।

कलश यात्रा में शामिल एक वाहन पर स्कूली बच्चों ने नशाखोरी से होने वाली बीमारियों और मानव के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों को रेखांकित करते हुए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। कलश यात्रा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि और पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया समर्थकों के साथ यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। यात्रा में श्रद्धालुओं का उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने भव्य स्वागत कर सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। गौरीगंज रोड स्थित सिद्धपीठ देवीपाटन मंदिर से प्रारंभ हुई इस कलश यात्रा में हजारों महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं के लिए महेश सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल तक के मार्ग में कई स्थानों पर जलपान एवं प्रसाद वितरण के स्टाल लगाए गए। इन स्टालों पर श्रद्धालुओं को ठंडा पानी, शरबत, नाश्ता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं।

महायज्ञ का आयोजन 18 मार्च से 22 मार्च तक चलेगा। महेश सोनी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा करना मेरा सौभाग्य है। 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ जैसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेना और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा प्रदान करना मेरे लिए गर्व की बात है। हमारा प्रयास है कि यात्रा में शामिल हर व्यक्ति को आवश्यक सुविधाएं मिलें ताकि वे पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ कार्यक्रम में भाग ले सकें। युवा समन्वयक डॉ. प्रवीण सिंह दीपक ने इसे अमेठी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि इस आयोजन में जन-जन का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ अमेठी के लोगों को सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, डा त्रिवेणी सिंह,डा अंगद सिंह, डा अजय अग्रहरि, काशी तिवारी, हिमांशु कसौधन, दीपक अग्रहरि, कमल, हर्षित, प्रदीप, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक मिश्र, हरीलाल प्रजापति, राकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## झटका मशीन लगाने को लेकर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत कोहरा गांव में फसल सुरक्षा के लिए झटका मशीन लगाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलवार को कोहरा निवासी राजकुमार वर्मा और पड़ोसी अर्जुन वर्मा और साहब दास वर्मा से बिजली के तार में झटका मशीन लगाने को लेकर हो गया। राजकुमार वर्मा का आरोप है कि विवाद के बाद वे घर लौट आए। इसके बाद उसी रंजिश के चलते अर्जुन वर्मा और साहब दास वर्मा ने उनके घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की। आरोपियों ने घर का सामान तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। ईंट से बनी दीवार भी गिरा दी। हमलावर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना अमेठी में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 352, 351(3), 333, 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुशीनगर विस में 7 करोड़ रुपए से होंगे विकास कार्य, मिली स्वीकृति

**अवधनामा संवाददाता**



विधायक पीएन पाठक

**कसया, कुशीनगर।** विधायक पी.एन पाठक के प्रस्ताव पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए सात करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिली है। प्रथम किश्त के रूप में लगभग ढाई करोड़ की धनराशि भी जारी कर दिया गया है।

विधानसभा में विकास कार्यों के लिए करोड़ों की सौगात मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। क्षेत्र के नगर पालिका परिषद कुशीनगर में वार्ड नंबर तीन संत गाडगे नगर में वंदन योजना के अंतर्गत लगभग एक करोड़, 53 लाख की लागत से विख्यात खरदर माता स्थान (नौकटोला) के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य हेतु व नगरपालिका कुशीनगर के विभिन्न वार्डों में जलजमाव से मुक्त करने हेतु सीवरेज एवं जल निकासी योजनांतर्गत नपा के विभिन्न वार्डों में लगभग 2 करोड़ 11 लाख 98 हजार की लागत से आर.सी.सी. नाले के निर्माण एवं नगरपालिका कुशीनगर के वार्ड न. 10, वाल्मिकीनगर में दीनापट्टी सड़क पर लगभग 66 लाख, 23 हज़ार की लागत से नेटूआ वीर बाबा के पास तालाब का सौंदर्यीकरण व विकास समेत नगरपालिका परिषद कुशीनगर में पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु लगभग 2 करोड़ की लागत से विभिन्न वार्डों में पेयजल व्यवस्था व पाइप लाइन विस्तार होगा, जिसकी वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। क्षेत्र की जनता ने विकास कार्यों के लिए विधायक पी.एन पाठक के प्रति धन्यवाद व आभार जताया है। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य अनवरत जारी रहेंगे। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना प्राथमिकता में है। सभी प्राचीन धर्मस्थलों का कायाकल्प कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य मंदिर परिसर को न केवल आधुनिक रूप में विकसित करना है, बल्कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और एक सुलभ वातावरण भी प्रदान करना है।

# घर-घर जाकर दी होली की बधाई और लोगों से पूछा कुशल क्षेम

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व बदायूं सांसद आदित्य यादव के हाथों को मजबूत करना ही समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का काम है, तथा शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए सभी आदेशों का सतत पालन करूंगा। यह उद्गार क्षेत्र के थुलवांसा गांव में होली मिलन के दौरान अमांवा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने वाले भावी प्रत्याशी पवन उर्फ प्रतीक यादव व्यक्त कर रहे थे। बताते चले कि महराजगंज क्षेत्र के भवन का पुरवा मजरे थुलवांसा गांव निवासी युवा सपा नेता पवन उर्फ प्रतीक यादव समय-समय पर गांव सहित क्षेत्र में समाज सेवा के साथ-साथ गरीब, असहाय, बेसहारा लोगों का सहारा बनकर खड़े रहते हैं, तथा उन जरूरतमंद लोगों की ज़रूरतें पूरा करने का कार्य भी करते हैं। इसी के तहत क्षेत्र के थुलवांशा,भवन का पुरवा, देवी दीन का पुरवा सहित दर्जनों गांवों में जाकर लोगों से गले मिलकर होली की बधाई दी तथा कुशल क्षेम पूछा और पवन उर्फ प्रतीक यादव ने बताया कि पार्टी हाई कमान द्वारा जो भी आदेश निर्देश होंगे। उनका पालन करूंगा, और अमांवा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ूंगा तथा सभी बड़े बुजुर्गों माताओं बहनों से आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ने का काम करूंगा। इस मौके पर सुरेंद्र यादव टुन्नू यादव रामकुमार यादव दर्शन यादव इंदर कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला शव

**बछरावां, रायबरेली।** मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगों पश्चिम गांव के नेवाज खेड़ा गांव के पास जानवर चरा रहे ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ पर लटकता हुआ देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर पहचान करने की कोशिश की । परंतु समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र लगभग 22 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक की पहचान का प्रयास किया जा रहे हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल सकेगा। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस आज

**अमेठी।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया है। किसान दिवस में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से संचालित कृषि विभाग की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। बिजली, पानी, किसान सम्मान निधि,फसल सुरक्षा और अन्य बिंदुओं सम्बंधी किसान समस्याओं पर भी बातचीत होगी। उपकृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि किसान दिवस का आयोजन जनसुनवाई के बाद 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी कराने की अपील की और कहा कि जिन किसानों के पास यह आई डी नहीं होगी उन्हें भविष्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## नवरात्रि में घोषित होगा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष

**अमेठी।** तीन महीने से अधिक समय से चल रही कवायद के बाद भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद पर अंतिम निर्णय नहीं ले पाई है। भाजपा का जिला अध्यक्ष घोषित होने के बाद कांग्रेस पार्टी के नये जिला अध्यक्ष को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी नवरात्र में नया जिलाध्यक्ष घोषित करेगी। उधर बसपा और सपा में भी परिवर्तन को लेकर सुगबुगाहट शुरू है। दोनों दलों में समर्पित, निष्ठावान और चार पहिया वाहन से युक्त कार्यकर्ता की तलाश है।

# हेल्थ अवेयरनेश प्रोग्राम में 200 लोगो की मुफ्त जांच

**अवधनामा संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के भितरी गांव में आयोजित हेल्थ अवेयरनेश प्रोग्राम में 200 से अधिक लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें विशेशज्ञो ने लोगो को हेल्थी जीवन जीने के लिये अनेक उपयोगी टिप्स भी दिये। ब्राइट फ्यूचर लाइफ केअर के तत्वावधान में हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम में मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए डॉ. हुसैन ने बताया कि हेल्थी लाइफ स्टाइल के माध्यम से अपने आप निरोगी होने से बचा जा सकता है। आज के समय लोगो की इम्युनिटी बहुत वीक होती चली जा रही है जिसका प्रमुख कारण है फ्री रेडिकल व टॉक्सिन है। अगर समय रहते बॉडी से टॉक्सिन निकलता रहे तो आप स्वथ्य रहेंगे। ब्राइट फ्यूचर के अनेक ऐसे प्रोडक्ट है जिससे आप अगर बीमार है तो बीमारी से मुक्त हो जाएगें। अगर आप बीमार नही होना चाहते हो तो कुछ न्यूट्रिशन डाइट अगर आप दैनिक दिनचर्या में शामिल करके बीमारी से बचा जा सकता है। हेल्थ व वेल्थ के मिशन पे कंपनी का लगातार हेल्थ अवेरनेस प्रोग्राम कंपनी अलग अलग शहरो मे लगातार करके जागरूकता मिशन का कार्य कर रही है आने वाला समय डायरेक्ट सेलिंग का है। इस अवसर पर कंपनी के यूनिवर्सल क्राउन लीडर डॉ हुसैन, क्राउन लीडर महताब खान, मरकरी लीडर इरफान, भास्कर उपाध्याय, राजू तिवारी, रिजवी, सौरभ सिंह का भव्य सम्मान हुआ। इस मौके पर रामजी पांडेय, अखिलेश, मनोहर सिंह, सुभाष सिंह, नसीम, अतुल शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, विजय तिवारी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने आज मुंशीगंज एम्स में सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सेतु निगम द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण करने की समय सीमा दिसम्बर 2026 निर्धारित है लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके सम्बद्ध में निर्देशित किया गया कि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि डलमऊ की तरफ डायवर्जन रोड का चौड़ीकरण निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये। डायवर्जन रोड हल्के वाहनों के लिए है, इसलिए यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि भारी वाहन उक्त सड़क का प्रयोग न करें, इसके लिये हाइटगेज पूर्व की भांति स्थापित कराया जाये।

# रमजान के पाक महीने में छोटे बच्चे भी उत्साह से रख रहे रोजा

## मुसलमानों का रोजा, कुरान की तिलावत, नमाज और दुआ में गुजार रहे दिन

**अवधनामा ब्यूरो**




रोजेदार बच्चों की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** रमजान के मुकद्दस महीने का मंगलवार को 17वां रोजा बीत चुका है। रोज भोर में जगकर रोजेदार सहरी करने के बाद पूरे दिन इबादत के दौर में हैं। बच्चों के रोज़े का उत्साह देखते बन रहा है वे भी दिन भर रोजा रख पाक परवर दिगार से (बिना खाए-पिए) मुल्क की तरक्की और अमन की दुआ मांग रहे हैं।

इस क्रम में मोग़लपुरा छावनी निवासी नेशनल धावक मरहूम निज़ामुद्दीन खां उर्फ राजू रेशर की छह वर्षीय सुपुत्री अनाबिया निजाम ने अल्लाह पाक की रजा के लिए आज अपना 17वां रोजा मुकम्मल किया है। यही नहीं यह बच्ची इस साल से अपने रोजा की शुरुआत की है साथ ही वो बताती है कि रमजान शरीफ के महीने में अल्लाह पाक लोगों की गुनाहों को माफ कर देते हैं और अपनी रहमत और बरकत अता फ़रमाते हैं जिसमें अपने बन्दों की दुआ कुबूल फ़रमाते हैं यह बच्ची अपने मरहूम अब्बु के लिए दुआएं करतीं हैं कि अल्लाह पाक उनको जन्नतुल फ़िरदौस में आला से आला मकाम अता फरमाए। इसी प्रकार पडरौना अम्बे चौक निवासी आठ वर्षीय आफिया इद्रीसी भी रोजा रख दिन भर अल्लाह की रजा में दिन गुजार रही है। इसी प्रकार सात वर्षीय अक्शा आफताब पुत्री आफताब आलम ने दुसरा रोजा रखा है, तो आठ वर्षीय मोहम्मद कौनैन निवासी महाराणा प्रताप नगर, चौरिया पड़रौना ने भी रोजा रखा है। सात वर्षीय जुबेर अंसारी निवासी भरौली, कसया, कुशीनगर ने भी रोजा रखा है। छ वर्षीय फजल निवासी बेतिया, विशुनपुरा ने भी रोजा रखा है। आठ वर्षीय शाहिदा पुत्री कयामुद्दीन अंसारी निवासी तेजवलिया ने भी रोजा रखा है। नौ वर्षीय मोहम्मद आरिफ निवासी सोहनरिया ने भी रोजा रखा है। इसी प्रकार पडरौना के कन्हैया टाकीज निवासी मात्र नौ वर्षीय मोहम्मद अजमत ने सभी रोजा रखा हुआ है। इसी प्रकार जंगल खिरकिया नई बस्ती निवासी नौ वर्षीय आफरीन खातून पुत्री नसरुद्दीन मंसूरी ने मुकम्मल रोजा रखा हुआ है। इसी प्रकार कटनवार रोड मीर गंज मोहल्ला पडरौना निवासी दस वर्षीय समद कुरैशी और छ- वर्षीय राशिद कुरैशी ने भी रोजा रखा है। इसी प्रकार मो. एहसान अंसारी निवासी जंगल अमवा ने भी रोजा रखा है। इन सभी बच्चे रोजेदारों का उत्साह देखते बन रहा था। शाम को इफ्तार के समय इन इन बच्चों द्वारा इफ्तार की गई एवं देश व दुनिया में अमन के लिए अल्लाह पाक से दुआ मांगी गई। इसी प्रकार मुस्लिम घर के बड़े व बुजुर्ग रोजेदारों ने भी भोर में सहरी की उसके बाद पूरे दिन इबादत का दौर चलता रहा। घरों में जहां कुरान की तिलावत होती रही। वहीं, मस्जिदों में नमाज़ियों की भारी संख्या रही। शाम को इफ्तार के वक्त से पहले रोजेदारों के लिए अफ्तारी के लिए फलों के ठेलों पर भीड़ दिखाई दी। अन्य दुकानों पर भी रोजेदारों की भीड़ लगी रही। मगरिब की अजान के बाद इफ्तार हुआ। उसके बाद तरावीह की नमाज के लिए मुस्लिमजन जुटने लग रहें हैं।

# योग में षटकर्म की कार्यशाला का आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन, आयुष विभाग एवं स्पार्क कालेज ऑफ पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से कॉलेज के सभागार में योग में षटकर्म की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अभिलाषा वर्मा, डायरेक्टर स्पार्क पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज के द्वारा किया गया कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा षटकर्म, जल नेति, रबर नेति, धौतीकर्म, कुंजल क्रिया, त्राटक का योगाभ्यास किया गया। योग के माध्यम से रोगों से बचाव, उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ रंजन वर्मा के बताया कि यह कार्यक्रम योग प्रशिक्षकों के कार्य को और बेहतर बनाने, योग के प्रचार प्रसार एवं जन मानस तक पहुंचानें उनके दिनचर्या में लाने के उद्देश्य से किया गया है। योगाभ्यास में योग प्रशिक्षक जयप्रकाश वर्मा द्वारा षटकर्म परिचय, श्रीमति शीला वर्मा द्वारा जल नेति, रबर नेति,श्रीअरूण कुमार के द्वारा धौती परिचय, गया प्रसाद द्वारा कुंजल क्रिया एवं प्रवीण वर्मा द्वारा त्राटक क्रिया पर व्याख्यान दिया गया। योग प्रशिक्षक कौशलेंद्र ने प्रयोगात्मक क्रिया के द्वारा योग प्रशिक्षकों को योगाभ्यास कराया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, स्पार्क कालेज के प्राचार्य डॉ मोहसिन, गीता कुशवाहा, राकेश कुमार दुबे, आस्था, श्वेता, माला, डॉ परवेज, नीलम एवं जनपद मे संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# ससमय सत्यापन कार्य पूर्ण करें अधिकारी: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** आवासीय योजना के दूसरे फेस की सर्वे प्रक्रिया के तहत चल रहें सर्वेक्षण कार्य की पारदर्शिता व समीक्षा के लिए जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। गांव-गांव जाकर चौपाल के माध्यम से अधिकारी हकीकत परखेंगे जिससे वंचित पात्रो को लाभांवित किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 का डाटा की पुष्टि एवं वेरिफिक्रेशन के लिए जनपद स्तर से प्रत्येक विकासखंड में निम्न अनुसार जनपद स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गयी है, जिनका विवरण इस प्रकार है। जिनमें परियोजना निदेशक डीआरडीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे विकासखंड मदनपुर, जिला विकास अधिकारी प्रेमचंद राम, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सरिता राय टूण्डला, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह को शिकोहाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम व उपायुक्त श्रम रोजगार सुभाष चंद्र को एका, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार व जिला उद्यान अधिकारी संजीव वर्मा को अरांव, उप निदेशक कृषि सत्येंद्र सिंह व जिला कार्यक्रम अधिकारी केसरी नंदन तिवारी को नारखी, सहायक श्रम आयुक्त यशवंत सिंह व जिला प्रोवेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार को फिरोजाबाद, सहायक अभियंता लघु सिंचाई बलबीर सिंह व जिला कृषि अधिकारी सुमित चौहान को हाथवंत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्वजीत सिंह व भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ शैलेंद्र कुमार को विकासखंड जसराना नामित अधिकारी रहेंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि उपरोक्त नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के सर्वे डाटा की सूची सत्यापन एवं वेरिफिक्रेशन कार्य अनिवार्य रूप से निर्धारित अवधि 31 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी एवं इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार का मानदेय व भत्ता देय नहीं है।

## यूपीएस के विरोध में रेलकर्मियों ने प्रदर्शन कर रैली निकाली

**टूंडला।** टूंडला की तीनों शाखाओं द्वारा मंडल उपाध्यक्ष मनीष कुमार मीना के नेतृत्व में यूपीएस के खिलाफविरोध प्रदर्शन रैली निकाली गई। उत्तर मध्य रेलवे की तीनों शाखाओं के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने यूपीएस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए यूनियन कार्यालय टूंडला से रैली निकाली। इस दौरान रैली रेलवे स्टेशन टूंडला प्लेटफार्म चार से होते हुए संयुक्त क्रू लॉबी टूंडला पहुंची इसके बाद डिप्टी सीटीएम टूंडला ऑफिस पहुंची। जहाँ यूपीएस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा रैली का समापन हुआ। प्रदर्शन में सोहन देव, सतपाल शर्मा, हरीश चन्द्र वर्मा, सुजीत कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार मीना, मानसिंह मीना के अलावा बड़ी संख्या में लोग रेल कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# उप निरीक्षक को पूर्व सैनिकों ने दी भावभीनी श्रृद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने रविवार को हादसे में शिकार हुए उपनिरीक्षक नीरज कुमार यादव को अंतिम विदाई दी। सभी पूर्व सैनिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। मूल रूप से फत्तेपुरा नारायण खैरगढ़ निवासी उप निरीक्षक नीरज कुमार यादव रविवार को घर से ड्यूटी पर अपनी कार से जा रहे थे। तभी सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया। नीरज कुमार वर्ष 2015 में पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हुए थे। नीरज की पत्नी मिथलेश हाथवंत ब्लाक में अध्यापिका के पद पर तैनात हैं। नीरज मुजफ्फरनगर की कचहरी चौकी पर तैनात थे। होली पर घर आए हुए थे। छुट्टी खत्म कर वापस ड्यूटी जाते समय उनकी कार मेरठ करनाल हाईवे पर दवयुवा के पास अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकराई और उनके सिर में चोट लगी जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव, उपाध्यक्ष दलबीर सिंह यादव, प्रमुख महासचिव प्रयाग चन्द्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य अनुज कुमार शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, बॉसी सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 639/2024-25 दिनॉक : 17 मार्च 2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक-एस0एस0ए0/निर्माण/1975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड बांसी के निम्नलिखित विद्यालयों की नीलामी की जानी है-

| क्रम संख्या | नीलामी वाले विद्यालय का नाम | भवन के प्रकार | नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 चेतिया द्वितीय | 01 मूल भवन | 0.75 |
| 2 | कम्पो0 विद्यालय बरांव नानकार | 01 मूल भवन | 0.74 |
| 3 | प्रा0वि0 महुआ कला | 01 मूल भवन, 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.86 |
| 4 | कम्पो0 रेहरा | 01 मूल भवन, 05अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 2.75 |
| 5 | प्रा0वि0रुद्रपुर | 02मूल भवन, 01अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 1.5 |
| 6 | कम्पो0 उ0मा0वि0कन्या नरकटहा | 01 मूल भवन | 1.21 |
| 7 | कम्पो0 उ0मा0वि0तेलौराघाट | 01 मूल भवन | 0.65 |
| 8 | प्रा0वि0 बलुआ | 01 मूल भवन | 0.63 |
| 9 | प्रा0वि0 गोनहाडीह | 01 मूल भवन, 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 1.43 |
| 10 | कम्पो0विद्यालय अजगरा | 01मूल भवन | 0.77 |
| 11 | कम्पो0 गोनहाताल | 01 मूल भवन | 1.1 |
| 12 | प्रा0वि0 बडहरघाट | 01 मूल भवन | 0.78 |
| 13 | प्रा0वि0 नेउरी | 01 मूल भवन | 0.71 |
| 14 | पू0मा0वि0 अतरमू नानकार | 01 मूल भवन | 1.35 |
| 15 | प्रा0वि0 अशिधवा द्वितीय | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.15 |
| 16 | प्रा0वि0 नवइला | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.2 |
| 17 | प्रा0वि0 नवइला | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.22 |
| 18 | प्रा0वि0 भुजराई | 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.19 |
| 19 | प्रा0वि0 भुजराई | 03 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.18 |
| 20 | प्रा0वि0 भुजराई | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.17 |
| 21 | प्रा0वि0 भुजराई | 01 किचन | 0.06 |
| 22 | प्रा0वि0 सूपा बक्सी | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.2 |
| 23 | प्रा0वि0 बरदही नानकार | भवन (01अतिरिक्त कक्षा-कक्ष) | 0.17 |
| 24 | प्रा0वि0 पिपरहीया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.17 |
| 25 | प्रा0वि0 पिपरहीया | 01अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.16 |
| 26 | प्रा0वि0 अतरमू नानकार | 01अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.23 |
| 27 | कम्पो0वि0 टडवलघाट | 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.2 |
| 28 | कम्पो0वि0 टडवलघाट | 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.19 |
| 29 | कम्पो0वि0 गोल्हौरा | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.14 |
| 30 | कम्पो0वि0 गोल्हौरा | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.13 |
| 31 | कम्पो0वि0 गोल्हौरा | एन0पी0जी0एल0 | 0.14 |

उक्त नीलामी दिनांक 24.03.2025 को दिन में 01 बजे ब्लाक संसाधन केन्द्र बांसी पर होगी, नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद जमा करने के उपरान्त ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था के पक्ष में नीलामी की जायेगी। जिसे 03 दिनों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिनों में मलवा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी बी0आर0सी0बांसी पर चस्पा है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**बांसी, सिद्धार्थनगर।**


# छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम के तहत छात्रों को मिला साइबर सुरक्षा व अग्निशमन का विशेष प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और पुलिस विभाग के तत्त्वधान में 30 दिवसिय छात्र पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम SPEL 2-0 फ़िरोज़ाबाद जनपद में पुलिस नोडल अधिकारी, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। प्रोग्राम के तहत जनपद के पाँच महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के चयनित 40 छात्र-छात्राओं ने साइबर थाना और अग्नि शमन का शैक्षिक भ्रमण किया।

साइबर थाना फिरोजाबाद में सीओ सदर चंचल त्यागी ने छात्रों को साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा के नियमों, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों, डिजिटल लेनदेन में सतर्कता, सोशल मीडिया सुरक्षा और पासवर्ड प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर थानाप्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि अगर कोई साइबर अपराध होता है, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और cybercrime-gov-in पर शिकायत दर्ज कराई जानी चाहिए। विशेषज्ञों ने रियल-टाइम साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे बचाव के उपाय समझाए और थाने का भ्रमण करवाया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने फायर ब्रिगेड स्टेशन का दौरा किया, जहाँ अग्निशमन अधिकारी श्री दुर्गेश कुमार त्यागी और उनके स्टाफ ने उन्हें अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आग लगने के कारणों, अग्नि सुरक्षा नियमों और आपातकालीन बचाव तकनीकों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया। छात्रों को विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों (फोम, कार्बन डाइऑक्साइड, ड्राई पाउडर और वाटर बेस्ड फायर एक्सटिंग्विशर) के प्रयोग का डेमो दिखाया गया और उनकी कार्यप्रणाली समझाई गई। इसके साथ ही आग से बचाव, दमकल सेवा को तत्काल सूचना देने और सामूहिक प्रयासों से आग बुझाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। वहीं, इस कार्यक्रम की एन.एस.एस. नोडल अधिकारी डॉ. शुभी पटेल (नारायण कॉलेज, शिकोहाबाद) ने कहा कि छात्र अब साइबर अपराध और अग्निशमन से जुड़ी स्थितियों में ज्यादा सतर्क और जागरूक रहेंगे।

## कोषागार में 25 मार्च तक प्रस्तुत करें देयक: डीएम

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त अहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने देयक निर्धारित प्रकिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च 2025 तक कोषागार में प्रस्तुत कर दें ताकि प्रस्तुत बिलों की कोषागार कार्यालय द्वारा आवश्यक जांचोपरान्त पारण तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च 2025 तक भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके। यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अहरण, वितरण अधिकारी का होगा। उल्लेखनीय है कि कोषागार में समस्त भुगतान ई-पेमेण्ट के माध्यम से किये जा रहे है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का आगमन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार माह मार्च के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला अपराधों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की कार्यवाही की जायेगी।



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी भनवापुर सिद्धार्थनगर।

पत्रांक/ध्वस्तीकरण/415-419/2024-25 दिनांक : 12 मार्च 2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक :- समग्र शि0/नि0का0/9975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के अनुपालन में विकास खण्ड भनवापुर के पू0मा0वि0 शाहेपारा के मूलभवन न्यूनतम धनराशि 3 लाख 4 हजार, पू0मा0वि0 डिवलीडीहा चौबे के मूलभवन न्यूनतम धनराशि 1 लाख 11 हजार, प्रा0वि0 त्रिलोकपुर के मूलभवन न्यूनतम धनराशि 38 हजार, संविलियन शाहपुर के दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष न्यूनतम धनराशि 29 हजार, प्राथमिक वि0 धनोहरी के मूलभवन व एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष न्यूनतम धनराशि 82 हजार, प्रा0वि0 बुडढीखास के एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष व किचन न्यूनतम धनराशि 20 हजार, संविलियन पू0मा0वि0 महतिनिया खुर्द के दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष व एक किचन न्यूनतम धनराशि 1 लाख 02 हजार, प्रा0वि0 चन्दनजोत के मूलभूत न्यूनतम धनराशि 58 हजार, प्रा0वि0 हरनाखुरी के मूलभूत न्यूनतम धनराशि 4 हजार, प्रा0वि0 पटखौली माफी के तीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष न्यूनतम धनराशि 7 हजार, प्रा0वि0 गौरा बडहरी के एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष न्यूनतम धनराशि 28 हजार, संविलियन डोकम अमया के तीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष न्यूनतम धनराशि 98 हजार, संविलियन तेतरी के पू0मा0वि0 का मूलभवन व दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष न्यूनतम धनराशि 45 हजार चार सौ तथा संविलियन भनवापुर के दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष व किचेन न्यूनतम धनराशि 50 हजार में दिनॉक 22 मार्च 2025 को पूर्वाहन 11 बजे ब्लाक संसाधन केन्द्र भनवापुर के सभागार में नीलामी प्रक्रिया किया जाना सुनिश्चित हुआ है। अतएव इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित दर की पचीस प्रतिशत नगद नीलामी समिति के पास जमाकरके नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**(राजेश कुमार)**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**भनवापुर सिद्धार्थनगर।**




## कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज), जनपद- अयोध्या

पत्रांक- 153/न0पं0खि0/15वॉ वि0आ0 2024-25/ई-निविदा सूचना/2025 दिनांक : 18 मार्च 2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय अयोध्या की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक दिनांक- 02.09.2024 द्वारा 15वीं वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो को पूर्ण कराने हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो प्रदेश सरकार के ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से अपलोड की जायेंगी। एक ई-निविदा अथवा समस्त ई-निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**ई-निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्नवत् है-**

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 19.03.2025 | 10:00 बजे |
| 2 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की अंतिम तिथि व समय | 10.04.2025 | 11:00 बजे तक |
| 3 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 10.04.2025 | 16:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज)/**
**अतिरिक्त मजिस्ट्रेट**
**अयोध्या**

**रेशमा भारती**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज)**
**अयोध्या**




## कार्यालय नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर

पत्रांक : 1274/न.पं. कचगॉव/2025 दिनांक : 18.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9, द्वारा जारी अधिसूचना सं0 912/नौ-9-2024-85ज/05 टी0सी0-01 दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 को अन्तिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उ0प्र0 के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतो पर लागू होगी। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत कचगाँव जौनपुर की भूगौलिक सीमाओ में स्थित आवासिय भवनो या भूखण्डों पर समत्ति कर के आरोपण हेतु वार्डो की अवस्थिति, भवन के निर्माण की प्रकृति, मार्ग की चॉडाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है के कवर्ड एरिया की प्रति वर्ग फीट किराया की न्यूनतम वार्षिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियो के कर निर्धारण के निमित्त वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया ( वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत की प्रति ईकाई क्षेत्रफल (वर्ग फूट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिये प्रति ईकाई क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया दर को जन सामान्य के अवलोकनार्थ एवं वार्ड वार आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं अवधनामा में दिनांक 28.02.2025 को प्रकाशित किया गया था। आपत्ति प्राप्त करने के लिये प्रकाशन के तिथि से 15 कार्य दिवस का समय निश्चित किया गया था, जिसके क्रम में समयान्तर्गत कोई भी आपत्ति कार्यालय में नगर पंचायत कचगॉव में प्राप्त नही हुई। नगर पंचायत कचगाँव जनपद जौनपुर के सीमा क्षेत्र में स्थित भवन या भूमि दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर नीचे लिखी सूची में वर्णित वार्डवार न्यूनतम मासिक किराया की दर अन्तिम रूप से की जाती है। जो 01 अप्रैल 2025 के लागू होगी।

**वार्डवार निर्धारित मासिक किराये की सामान्य दर (प्रति वर्ग फुट)**

| क्र. | वार्ड का नाम | सर्किल रेट प्रति वर्ग मी0 | 24 मी0 से अधिक चौडे मार्ग पर | | | 12-24 मी0 तक चौडे मार्ग पर | | | 09-12 मी0 तक चौडे मार्ग | | | 09 मी0 से कम चौडे मार्ग पर | | | भूमि के सम्बन्ध में स्थिति पर | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर | 12 मी. से 24 मी. तक | 12 मी. से कम चौड़े स्थिति मार्ग पर | 9 मी. तक चौड़े मार्ग पर स्थिति |
| 1 | सादात मसौडा | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 2 | रामपुर | 7700 | 0.77 | 0.62 | 0.54 | 0.54 | 0.43 | 0.38 | 0.38 | 0.3 | 0.27 | 0.25 | 0.20 | 0.10 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 3 | माधोपट्टी | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 4 | जेठपुरा | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 5 | राजेपुर | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 6 | अहियाई | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 7 | बदलपुर | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 8 | नईबाजार | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 9 | रामजानकी | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 10 | मझलेपुरा | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 11 | गोलकोठी | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 12 | गद्दीपुर | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |

**नोट : -**

अधिसूचना के प्रस्तर-5(2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार व्यवसायिक भवन /भूमि सामान्य दर का दोगुना एवं सहकारी भवन/भूमि सामान्य दर का तीन गुना होगा। अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर, 7.5 प्रतिशत जलकर तथा 2.5 प्रतिशत जल निकास का लागू होगा।

**आस्था पाठक**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कचगाँव जौनपुर।**

**फिरोज अहमद खान**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कचगाँव जौनपुर।**




## अपर जिलाधिकारी, मैनपुरी

**प्रेस-विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कलक्ट्रेट परिसर में वित्तीय वर्ष 2025-26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए कैन्टीन चाय-नमकीन-मिठाई-ठण्डा अदि, फोटोस्टेट, फोटोग्राफी, ठेला फल-जूस, एवं वाहन स्टैण्ड ठेका की नीलामी दिनांक 24.03.2025 को समय अपरान्ह 03.00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी मैनपुरी के कक्ष में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त प्रत्येक ठेके हेतु मु0 20,000.00 रु0 (बीस हजार रु0 मात्र) की अग्रिम प्रतिभूति जमा कर बोली बोल सकते हैं। बकायादार बोली में भाग नहीं ले सकते है। नीलामी बोली में सर्वोच्च अन्तिम बोली दाता की बोली बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी मैनपुरी को होगा। सर्वोच्च बोली दाता को बोली धनराशि का 1/2 भाग तत्काल जमा करना होगा। शेष 1/2 भाग अगले माह में जमा करना होगा। यदि सर्वोच्च बोलीदाता बोली धनराशि का 1/2 धनराशि तत्काल जमा नहीं करता है तो उसकी अग्रिम प्रतिभूति धनराशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी। शर्तो की विस्त्रत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कलेक्ट्रेट मैनपुरी के कक्ष सं0-16 नजारत अनुभाग में उपस्थित हो कर प्राप्त की जा सकती है।

फोटोग्राफी, फोटो स्टेट एवं कैन्टीन कक्ष जर्जर हालत में होने के कारण ठेका को अलग खोखा रखकर चलाना होगा, यदि उक्त कक्ष में ठेका चलाते है और यदि कोई हादसा हो जाता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायत्व ठेकेदार का होगा।

**(राम जी मिश्र)**
**अध्यक्ष नीलाम समिति**
**अपर जिलाधिकारी, मैनपुरी**

# बिना बाउंड्री के स्कूल में गंदा पानी पीने को मजबूर नौनिहाल



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** सरकार शिक्षा का अधिकार कानून के तहत अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारी भरकम बजट खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते नौनिहाल बिना बाउंड्री के स्कूल में पढने के कारण जहां असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो वहीं पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों को सड़क पार कर सरकारी नलकूप में जाकर गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं तो वहीं जिम्मेदार समस्याओं के जल्द समाधान करने की बात कह रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा कस्बे के बाहर बड़ेली नाला के निकट कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कराया था जिसका भवन लगभग एक दशक पहले बनकर तैयार हो गया था लेकिन जिम्मेदारों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते विद्यालय भवन के खिड़की दरवाजे आदि चोरों ने तोड़ डाले।इतना ही नहीं उक्त भवन में शिक्षा विभाग ने जल्दबाजी में विद्यालय तो शिफ्ट कर दिया लेकिन न तो विद्यालय भवन में बाउंड्री है और न ही नहीं बच्चों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई है जिसके चलते सड़क के दूसरे तरफ लगे नलकूप की टंकी से बच्चों को जाकर गंदला पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।जिससे बच्चों में कभी भी संक्रमण फैल सकता है।वहीं बाउंड्री नहीं होने से जहां बच्चों की सुरक्षा को खतरा है तो वहीं रात में स्कूल भवन में अवैध काम होते हैं।वहीं कस्बे के प्राथमिक विद्यालय मराठीपुरा जो मीरातालाब के निकट नगर पालिका के रैन बसेरे में संचालित है के सामने लगा नगरपालिका का समरसेबल खराब होने के कारण कई दिनों से पानी की किल्लत बढ गई है और मिडडेमील भी प्रभावित हो रहा है।इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि पानी की व्यवस्था के लिए नगरपालिका को बता दिया गया है जबकि बाउंड्री के बारे में एक व्यक्ति विवाद खड़ा कर रहा था जिसके बाद राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश करा जल्द ही विवाद सुलझाने के बाद बाउंड्री का निर्माण किया जाएगा।

# अभाविप ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र जिला के द्वारा रंगोत्सव होली मिलन समारोह÷ का आयोजन सोनभद्र नगर के बरनवाल गैंड पैलेस में किया गया। इस दौरान विशेष रूप से प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष जी उपस्थित रहें। सभी के एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई दिया। कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीतों एवं बिरहा गा कर नागरिकों का मनोरंजन किया। समाज के विभिन्न नागरिक एवं पूर्व कार्यकर्ता उपस्थित रहें। सभी पूर्व कार्यकर्ताओ ने वर्तमान कार्यकर्ताओं को शुभकामना और आशीर्वाद दिया अपने कार्यक्षेत्र में कार्य सुचारू रूप से हो इस दौरान प्रदेश सहमंत्री शशांक मिश्रा, विभाग संगठन मंत्री विवेक जी, विभाग सह संयोजक सौरभ सिंह, प्रांत कार्यसमिति सदस्य अनमोल सोनी, जिला संयोजक मृगांक दुबे, तहसील संयोजक राहुल जालान, अभय सिंह, ललितेश मिश्रा, विश्वजीत साहनी, डॉ रचना तिवारी,अनिल द्विवेदी, सुधीर पाठक, विपुल शुक्ला, संदीप सिंह, दिशांत द्विवेदी, उत्कर्ष पांडे, गणेश पांडेय, अरविंद सोनी, देवानंद पांडेय, ज्योति प्रकाश, आशुतोष मोदनवाल, धर्मेश पांडे, हर्ष चौबे, सौरभ सिंह, प्रिंस सिंह, अर्पित गुप्ता, वैभव पांडे, पवित्र जायसवाल आदि उपस्थित रहें।

## दो माह से पानी की किल्लत झेल रहे मोहल्ले वासी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पिछले दो माह से कस्बे के वार्ड संख्या सात एवं 14 के लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। लोगों का कहना है कि आधी रात में कुछ देर के लिए आपूर्ति आती है। लोगों को रात में जागकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है। वार्ड संख्या 14 के निवासी अलखराम सिंह, विनोद पाठक, आदिनाथ सिंह, बृजेश विश्वकर्मा, सुखनंदन यादव, राधेश्याम यादव, अखिलेश मिश्रा ने बताया कि पिछले दो माह से दिन में आपूर्ति नहीं मिल रही है। रात में 11ः00 बजे के बाद कुछ देर के लिए आपूर्ति आती है। लोगों को नींद खराब करके पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है। इसके बाद उपयोग के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह वार्ड संख्या सात के निवासी वसीम सिद्दीकी, अशोक कुमार गुप्ता, रामरूप आदि ने बताया कि दो माह से पानी के लिए परेशान है। जल संस्थान शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। दोनों वार्डो के वाशिंदों का कहना है कि वह बुधवार को मुख्यालय जाकर समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराकर निराकरण की मांग करेंगे।

# महिला आयोग की सदस्य ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी विद्यालय कुछेछा का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहां अध्यनरत छात्राओं से विद्यालय में दी जा रही सुविधाओ के बारे में फीडबैक लिया तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के बारे में उन्हें जागरूक किया। तत्पश्चात राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी सुमेरपुर का निरीक्षण कर वहां दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा वहां पर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लेकर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए तथा कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। तत्पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात मा सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक/महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ,जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## काव्य गोष्ठी का गोपाल मोहन ने किया शुभारंभ



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** महेवा विकासखंड के ग्राम कुकेपुर में प्रमुख समाजसेवी प्रकाश मिश्रा द्वारा आयोजित परंपरागत काव्य गोष्ठी का पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, रजनीश पांडे, ब्लॉक प्रमुख कमलेश कठेरिया द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कवि अशोक यादव, रोहित चौधरी, शिव गोपाल अवस्थी, मंजू यादव, प्रशांत तिवारी, सुनील अवस्थी , हर्ष शर्मा ने मित्र धर्म, चलने का सलीका, राष्ट्रभक्ति, श्रृंगार व वीर रस की कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तरुण त्रिपाठी, बृजेश मिश्रा, योगेश शर्मा, ऋषि शुक्ला, रामू मिश्रा, दामोदर पाठक, अरविंद मिश्रा सहित सैकड़ो श्रोता मौजूद रहे।

# कोषागार में समस्त बिल 25 मार्च तक करें प्रस्तुतः डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 से समस्त भुगतान ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जा रहा है। ई-पेमेन्ट में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के सम्बन्ध में समय-समय पर शासनादेश निर्गत होते रहे हैं। वित्तीय वर्ष-2024-25 में प्राप्त बजट के सापेक्ष ससय भुगतान में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया एवं देयकों के सुचारू रूप से निस्तारण हेतु अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समस्त आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल विलम्बतम 25 मार्च 2025 तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जायें। कोषागार द्वारा 25 मार्च 2024 तक प्राप्त हुए बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से 31 मार्च 2025 तक भुगतान हेतु अथराइजेशन किया जा सकें, क्योंकि 31 मार्च 2025 तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेन्ट द्वारा 31 मार्च 2025 को रात्रि 09.00 बजे तक ही भुगतान किया जा सकेगा। वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में प्रस्तुत देयकों को सम्बन्धित कार्यालय/आहरण वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार तैयार कर वांछित स्वीकृति आदेश आदि प्रपत्र के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाये, जिससे देयकों के निस्तारण में कोई व्यवधान या विलम्ब न हो। उपरोक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन किया जाये, अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

# 4 माह बाद भी नहीं बनी विद्यालय की सड़क अप्रैल बाद बनाने का मीला आश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/डाला।** डाला स्थानीय नगर पंचायत डाला में स्थित अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा संचालित इंटरमीडिएट स्कूल आदित्य बिरला इंटर कॉलेज जिसका रास्ता कंपनी के कालोनी मेन गेट एवं श्री अचलेश्वर मंदिर के बगल से पहाड़ी होते हुए गुजरता है जैसा की सत्र दर सत्र बीत जाने के बाद भी विद्यालय जाने वाली सड़क की दुर्दशा दयनीय एवं बेहद खराब व डरावना है जो कि रास्ते में बड़े-बड़े सोलींग पत्थर झाड़ झंखाड़ पड़े हुए हैं जिसमें बच्चों का रोज आना जाना होता है जो बेहद खतरनाक है मिली जानकारी के अनुसार पूर्व यूपी गवर्नमेंट द्वारा निजी कंपनी को हैंडओवर के दौरान अल्ट्राटेक कॉलोनी मेन गेट वाली सड़क ही स्कूल सड़क हुआ करता था परंतु नीजी कंपनी आने के बाद स्कूल रास्ते में परिवर्तन किया गया जो कई साल हो गए लेकिन रास्ते का उचित समाधान नहीं हुआ स्थानियों की माने तो रास्ते में विषैला जंतु भी देखे गए जिससे बच्चों को काटने का खतरा बना रहता है वही गार्जियन लोगों का कहना है कि आखिर किस कारण स्कूल सड़क का समाधान नहीं निकल पा रहा है हम लोग रोज बच्चों को स्कूल छोड़ने आते जाते हैं हम लोगों को काफी दिक्कत परेशानी होती है परंतु इस समस्या को कोई सुनने वाला नहीं है पहले भी विद्यालय सड़क को लेकर अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था जिन्हें विद्यालय में चिन्हित कर दंडित होना पड़ा जैसा कि अभी कुछ माह पूर्व डाला नगर पंचायत अध्यक्षा फुलवंती कुमारी जी द्वारा स्कूल सड़क का मौका मुआयना (स्थलीय निरीक्षण) कर कंपनी अधिकारी से वार्तालाप किया एवं बताया कि प्रशासनिक अधिकारीयो को भी लिखित पत्र के जरिए सूचित कराया गया है परंतु सड़क जस की तस बनी हुई है इस संबंध में अध्यक्षा जी से वार्तालाप हुई तो उन्होंने बताया की कंपनी द्वारा यह बताया गया कि अप्रैल माह बाद मई जून तक स्कूल सड़क बनाने को कहा है वही इस मामले पर कंपनी अधिकारी बन्नै सिंह राठौर ने बताया की स्कूल सड़क हमारे ऐजेंडा मे है अगला बजट अप्रैल बाद आनी है जिसमें स्कूल सड़क बनना है अब देखना है यह है कि अगले सत्र विद्यार्थियों को स्कूल सड़क दुरुस्त मिलेगा या फिर आश्वासन ही मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नवीन प्रतिष्ठान गुप्ता ट्रेडर्स हल्दीराम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता ने किया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** डबल इंजन की सरकार में व्यापारी भयमुक्त होकर अपना रोजगार कर रहे हैं भयमुक्त शासन का सर्वाधिक लाभ व्यापारियों को मिला है। उक्त भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता अनु ने शिखर गुप्ता के नवीन प्रतिष्ठान के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व की सरकार में व्यापारियों का सर्वाधिक उत्पीड़न होता था आज व्यापारी हितेशियों की सरकार है व्यापारी भयमुक्त होकर अपना रोजगार कर रहे हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राजीवपाल युवा जिला महामंत्री राघव यादव कोषाध्यक्ष रवि कश्यप जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे संरक्षक मधुसूदन दुबे पूर्व सभासद बल्ले चौधरी अरुण यादव मयंक शर्मा गगन चौहान सुनील यादव प्रवलपल पंकज गुप्ता अवनीश कुमार सहित तामम व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** होली के दौरान हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी चंद्रप्रकाश ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते पंद्रह मार्च को होली के दौरान जहां डीजे बज रहा था वहीं पर अपने पुत्र को बुलाने गया था तभी गांव के राजेश सिंह, करिया, संजय सिंह,पिंटू सिंह ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के ऊपर डाला पानी, मना करने पर पीटा

**मौदहा हमीरपुर।** होली के दौरान गांव के शोहदे ने महिला के ऊपर पानी डाल दिया और मना करने पर मारपीट की जिसपर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी भोला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि होली के दिन गांव के अनिल ने उसकी पत्नी के ऊपर पानी डाल दिया जिसको मना किया तो अनिल तमंचा लेकर आ गया साथ ही कुलदीप और पुसुवा भी आ गए और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।पीड़ित ने बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से पीआरबी को सूचना दी थी और पुलिस ने आकर जांच की।जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो किशोरियों ने की आत्महत्या की कोशिश

**राठ हमीरपुर।** अलग- अलग घटनाओं में परिवारिक कलह से तंग आकर नगर के मुहल्ला छोटी जुल्हेटी निवासी गरिमा (15) पुत्री हर्षवर्धन ने तथा चिकासी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारी निवासी खुशबु (18) पुत्री मानसिंह ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सक ने गरिमा की गम्भीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रिफर कर दिया है।

### मां ने दर्ज कराई शिकायत

**राठ हमीरपुर।** शोहदे द्वारा राह चलते किशोरी के साथ आपत्ति जनक हरकतें व गाली गलौच का उलाहना देने पर दबंग युवक ने किशोरी व उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पीड़िता ने राठ कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने बताया कि उसकी पुत्री राठ नगर में शिक्षा ग्रहण करती है। जिसपर वह प्रतिदिन साइकिल द्वारा गाँव से स्कूल आती जाती है। जिसके साथ गाँव का ही एक शोहदा आते जाते आपत्ति जनक हरकतें करता है। जिसकी जानकारी उसे होने पर उसने उक्त शोहदे के घर जाकर उलाहना दिया। जिससे आक्रोशित हो अब उक्त युवक उसे व उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी देता है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने राठ कोतवाली में की है।

### रमज़ान मुबारकः कयामगाह में कुरआन पाक हुआ मुकम्मल और हुआ रोज़ा इफ्तार



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** कयामगाह हज़रत हाजी मज़हर अली शाह शाद वारसी में सोलह रमज़ान मुबारक को तराबीह की नमाज़ में कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। कुरआन पाक पूरा होने के बाद नमाज़ियों ने खुदा तआला की बारगाह में सभी के हक़ में दुआयें की। इस मौके पर हाफिज़ शाहनवाज़ रज़ा का छोटी दरगाह शरीफ के सेक्रेट्री दिलशाद वारसी व हसीन वारसी, रियाज़ वारसी, उमर वारसी, शकील वारसी, गुलाम वारसी, अनवर वारसी, अबरार वारसी, अमजद वारसी आदि लोगों ने गुलपोशी कर इस्तक़बाल किया। सोमवार को सुबह कयामगाह में नज़र पेश की गई शाम को रोज़ा इफ्तार हुआ जिसमें शहर के काफी संख्या में रोज़ेदारों ने रोज़ा इफ्तार किया।

# नटीपीसी रिहंद में अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद में अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत उत्तरी क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 17 से 22 मार्च तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक रिहंद अनिल श्रीवास्तव द्वारा पारंपरिक रूप से किया गया। टूर्नामेंट में उत्तरी क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं टांडा, ऊंचाहार, दादरी, विंध्याचल, सिंगरौली, मेजा तथा रिहंद की टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। त्रिवेणी क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव ने सभी टीमों के कप्तानों एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया और उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई कि वे ईमानदारी अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलेंगे तथा खेल नियमों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे साथ ही सभी प्रतिभागियों से खेल के दौरान कोचोंखेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई कि वे ईमानदारी अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलेंगे तथा खेल नियमों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे साथ ही सभी प्रतिभागियों से खेल के दौरान कोचों अधिकारियों और अन्य खिलाड़ियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने के लिए कहा गया।

# एनसीएल ने आयोजित किया सेमिनार

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने नए आयकर बिल और बिज़नेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग विषय (बीआरएसआर) पर वाराणसी में सेमिनार का आयोजन किया।

इस अवसर पर एनसीएल ने वित्तीय एवं विनियामक समझ को विकसित करने हेतु तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी किया। इन पुस्तकों में 'रेडी रेकनर फॉर क्लोजिंग ऑफ अकाउंट्स', 'नेविगेटिंग सैप फॉर अकाउंटिंग' एवं 'कोयला उद्योग में जीएसटी - कोयला क्षेत्र को प्रभावित करने वाले जीएसटी विनियमों का एक व्यापक विश्लेषण' शामिल हैं।

बैठक की अध्यक्षता निदेशक (वित्त), कोल इंडिया लिमिटेड, मुकेश अग्रवाल ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए रोहित रूहाटिया, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ स्टडीज, आईसीएआई, सीए अतुल मेहरोत्रा और सीए सीएमए, अंकित शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही इस दौरान सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों के निदेशक (वित्त), एनसीएल निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेन्द्र मलिक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सेमिनार में सीए सीएमए, मोहित गर्ग, अंडर सेक्रेटरी , भारत सरकार (सीबीडीटी) और सीए हर्षा रमानी, आईसीएआई सहित अन्य प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान अधिगम एवं पेशागत विकास हेतु 'एनसीएल सिंगरौली सीपीई स्टडी सर्किल' की स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई गयी। इस दौरान अपने सम्बोधन में निदेशक (वित्त), कोल इंडिया लिमिटेड, मुकेश अग्रवाल ने एनसीएल द्वारा कोयला उद्योग में वित्तीय उत्कृष्टता और विनियामक अनुपालन को बढ़ावा देने हेतु आयोजित सेमिनार को महत्वपूर्ण बताते हुए कंपनी के इस प्रयास की सराहना की। एनसीएल के निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण ने सभी प्रतिभागियों को सेमिनार में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया और सेमिनार के सफल आयोजन के लिए एनसीएल के वित्त विभाग की टीम को बधाई दी।

# डीएम ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने बी.एल.ए. नियुक्त न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उपस्थित दलों को बी.एल.ए.नियुक्त करने के आदेश दिए। उन्होंने उपस्थित राजनैतिक दलों से अपेक्षा करते हुए कहा कि जनपद में अलग-अलग पार्टी के कुल 1342 बी.एल.ए. (बूथ लेवल एजेंट) बनाए जाए। उन्होंने कहा कि बी.एल.ए. और बी.एल.ओ. आपस में सामंजस्य बनाए रखे। उन्होंने कहा कि बी.एल.ए. नियुक्त हो जाने से बी.एल.ओ.का काम काफी हल्का हो जाएगा। उन्होंने फैमिली क्लबिंग सॉफ्टवेयर को लेकर चर्चा की एवं उसे सुधारने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य को मशीनरी पर भरोसा क्यों नहीं है एवं उन्होंने कहा कि वोटिंग एक वॉलंटरी एक्टिविटी है, मैंडेटरी एक्टिविटी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई मतदाता अपने पहचान पत्र की फोटो या अपना नाम बदलवाना चाहता है तो वह एक आवेदन पत्र के माध्यम से स्वयं बदलवा सकता है। उक्त बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए।

उक्त बैठक में महामंत्री शिवाकांत चौधरी भाजपा, जिला उपाध्यक्ष इमरान अहमद बहुजन समाज पार्टी, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू समाजवादी पार्टी, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, जिलाध्यक्ष राहुल पाल अपना दल, जिलाध्यक्ष मलखान सिंह कांग्रेस पार्टी, नि.स.सदस्य अमरसिंह शाक्य माकपा, जि.क. सदस्य प्रेम शंकर यादव, जिला महासचिव इकरार अहमद आम आदमी पार्टी, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, सहित सम्बन्धित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## वृद्ध की हत्या में पांच नामजद

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सोमवार को सुबह घर में घुसकर हुई मारपीट पर वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने बहू की तहरीर पर पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी भूमिगत हो गए हैं।

सोमवार को इंगोहटा निवासी अजीत पुत्र संतोष, संतोष पुत्र सोनेलाल, सनिया पुत्र रमेश, रूपा पत्नी संतोष, रामबाबू पुत्र अज्ञात ने गांव निवासी राम सिंह के घर में घुसकर लाठी डंडों से जमकर पीटा था। अस्पताल ले जाते समय राम सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। मृतक की बहू राम देवी ने स्थानीय पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौंपकर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जांच के बाद मामला सही पाए जाने के बाद पुलिस ने रामदेवी की तहरीर पर अजीत, संतोष, सनिया, रूपा, रामबाबू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जांच में सामने आया है कि अजीत के सिर में लाठी मारने से राम सिंह की मौत हुई है।

# एक बार फिर बड़े घोटाले खुलने की आहट

**अवधनामा संवाददाता**

**बिना काम के हुआ लाखों का भुगतान**

**राठ हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझगवां के मुख्य मार्ग पर क्षेत्र पंचायत द्वारा सोलिंग कार्य में लाखों रुपये के फर्जी भुगतान कराये जाने की शिकायत रिटायर्ड शिक्षक ने मुख्यमंत्री व डीएम से जांच कराए जाने की मांग की है।

मझगवां गांव के रिटायर्ड शिक्षक सुखदयाल राठौर ने मुख्यमंत्री व डीएम को शपथ पत्र भेजते हुये बताया कि मझगवां क्षेत्र की धसान नदी पर कचीरघाट पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी मार्ग पर किसानों की 15 गाटाओं की भूमि प्रभावित है। भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। परंतु इन गाटों से ग्राम पंचायत मझगवां में क्षेत्र पंचायत द्वारा एक किलोमीटर का फर्जी चयनित रोड मुख्य मार्ग से रामायण मेला मैदान तक सोलिंग कार्य मनरेगा से दिखाते हुए फर्जी भुगतान किया गया है। इस भुगतान में 24 अप्रैल 2024 को 1657254 रुपए और 15 नवंबर को 2024 को 277517 रुपये फर्जी भुगतान किया गया है। इसी तरह मझगवां मुख्य मार्ग से नहर तक सोलिंग कार्य के लिये 16 लाख 9 हजार 9 सौ छह रुपये का भुगतान हुआ। जबकि मझगवां में मुख्य मार्ग से नहर तक राज्यमार्ग 42 को वर्ष 2018 से लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाया गया था। फर्जी निर्माण कार्य दिखाकर साढ़े 35 लाख का फर्जीवाड़ा किया गया है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री व डीएम से कर जांचकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में फोन पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला से बात हुई तो उन्होंने जांच कर कार्यवाही करने की बात की है।

# मदरसा आधुनिकीकरण योजना अत्यंत महत्वपूर्ण

अवधनामा ब्यूरो



■ प्रदेश में संचालित योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों का हो रहा शैक्षिक, आर्थिक, शारीरिक व मानसिक विकासः दानिश आजाद अंसारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रदेश के मदरसों के आधुनिकीकरण एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के शैक्षिक, आर्थिक, शारीरिक व मानसिक विकास से संबंधित योजनाओं के संचालन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि आपके कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक समाज की शिक्षा और रोजगार के प्रति बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक नौजवानों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मदरसा शिक्षा को आधुनिक तरीके से संचालित कर अल्पसंख्यक नौजनावों की शिक्षा को एक नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया है।

श्री अंसारी ने कहा कि प्रदेश में स्कीम फॉर प्रोवाइडिंग एजूकेशन-टू-मदरसा एण्ड माइनॉरिटीज (एसपीईएमएम) द्वारा मदरसा आधुनिकीकरण योजना का आरंभ किया गया, जिसका उद्देश्य मदरसों में पारंपरिक धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और कंप्यूटर शिक्षा को सम्मिलित किया गया है। यह योजना अल्पसंख्यक समाज के छात्रों को मुख्यधारा में लाने और उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना के तहत आधुनिक विषयों की पढ़ाई करवाने वाले शिक्षकों के मानदेय को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस योजना के क्रियान्वयन में कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका समाधान शीघ्रता से किया जाए तो यह योजना अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। यह योजना अभी तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से चल रही है यदि इसे राज्य सरकार के माध्यम से पूर्णता संचालित किया जाए तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में यह योजना सफल होगी और राज्य के अल्पसंख्यक छात्रों को भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## कुम्भ भगदड़: जनमानस से सहयोग प्रदान करने के लिए जांच आयोग की अपील

**लखनऊ।** महाकुम्भ मेला-2025 तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग द्वारा कमीशन ऑफ इंक्वायरी (उत्तर प्रदेश) नियमावली 1985 (नियम 5(2) (ख) के अंतर्गत विगत 29, जनवरी 2025 को कुम्भ मेला क्षेत्र प्रयागराज में हुई भगदड़ की घटना के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से जांच के लिए साक्ष्य उपलब्ध कराने हेतु जनमानस से सहयोग प्रदान करने कि अपील की है। न्यायिक जांच आयोग के सचिव सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि विगत 29, जनवरी, 2025 को महाकुम्भ, प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दौरान मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना में कतिपय श्रद्धालुओं के सम्बन्ध में घटित अप्रिय घटना की आयोग द्वारा जांच की जा रही है। आयोग उपरोक्त विषय के तथ्यों एवं परिस्थितियों से भिज्ञ समस्त व्यक्तियों से अपना कथन, अधिमानतः शपथ पत्र व जिस किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित उसके द्वारा बनाई गई कोई मूल वीडियों हो, से अनुरोध है कि वह वीडियो मूल रूप से 10 दिवस के भीतर उपलब्ध करा सकते हैं।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर किये जाने हेतु सरकार दृढ़संकल्पित : अनिल राजभर

■ 31 मार्च तक कराये जाएं अधिक से अधिक कारखानों के पंजीयनः श्रममंत्री

■ मंत्री ने दिये आगामी 15 दिवसों में लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अनिल राजभर, मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 की अध्यक्षता व अवनीश अवस्थी सलाहकार मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर किये जाने हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग की भूमिका के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों के साथ आज बापू भवन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत ऑन-लाइन सेवाओं का विवरण के अन्तर्गत कुल ऑन-लाइन प्राप्त आवेदन, प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष निर्गत पंजीयन/लाइसेन्स/नवीनीकरण/संशोधन,सभी सेवाओं में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण जनहित गारण्टी अधिनियम के अन्तर्गत विहित समयावधि तथा भावी कार्य योजना के अन्तर्गत अति-खतरनाक कारखानों तथा 500 से अधिक कर्मकारों वाले कारखानों में उपनिदेशक कारखाना के स्तर से निरीक्षण, कारखाना अधिनियम 1948 की धारा-54,55,56, 59,65 तथा धारा-85 में संशोधन, सेफ्टी आडिटर्स को मान्यता दिये जाने, अनुज्ञप्ति नवीनीकरण का आवेदन (फार्म-4) को इलेक्ट्रॉनिक रीति से प्रस्तुत किया जाना, नये कारखानों में एक वर्ष तक निरीक्षण से छूट प्रदान किया जाना, नियम-109 के अन्तर्गत महिलाओं को खतरनाक प्रकृति की सभी प्रक्रियाओं में नियोजन की अनुमति आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। मंत्री ने कहा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर किये जाने हेतु सरकार दृढ़संकल्पित है। आज की तारीख में पोर्टल पर कोई भी आवेदन लम्बित नहीं है। उन्होंने सम्बन्धित को 31 मार्च तक अधिक से अधिक कारखानों के पंजीयन कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आगामी 15 दिवसों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आवंटित लक्ष्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। अवनीश अवस्थी, सलाहकार मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के देश की अर्थव्यवस्था 05 ट्रिलियन डॉलर तक बनाये जाने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने में श्रम विभाग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

## गैर न्यायिक भौतिक स्टाम्प पत्र 31 मार्च के बाद चलन से होगे बाहर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 10 हजार रुपए से 25 हजार रूपए मूल्य वर्ग तक के गैर न्यायिक भौतिक स्टांप पत्र स्टांप शुल्क भुगतान हेतु 31 मार्च के बाद से विधिमान्य नहीं माने जाएंगे। 11 मार्च 2025 से पूर्व खरीदे गए इस मूल्य वर्ग के गैर न्यायिक भौतिक स्टांप पत्र मात्र 31 मार्च, 2025 तक उपयोग किये जा सकेगे अथवा वापस किए जा सकते हैं।

इस संबंध में शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है तथा समस्त आयुक्त स्टांप, महानिरीक्षक निबंधन, समस्त मंडल आयुक्त तथा समस्त जिलाधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कि इसके कार्यान्वयन में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रदेश सरकार ने जनहित में यह क्रांतिकारी निर्णय लिया है, इससे ई-स्टांप की बिक्री को प्रोत्साहन मिलेगा। स्टांप क्रय-विक्रय में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा ई-स्टांप की लोकप्रियता भी बढ़ेगी।

# टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है इसका इलाज उपलब्ध है। टीबी का संक्रमण होने पर उससे डरने के बजाय इलाज शुरू करें। छह माह तक नियमित दवा लेने से टीबी से बचाव किया जा सकता है। यह कहना है डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का।

यूपी टीबी एसोसियेशन के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बाबुल इल्म लाइब्रेरी में मिस्बाह तालीमी सोसायटी की ओर से जामा मस्जिद में टीबी को लेकर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. प्रसाद ने टीबी के लक्षण और उससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से टीबी मरीजों को आर्थिक सहायता दी जाती है ताकि बीमारी के दौरान पौष्टिक आहार कर सकें। पोषण भत्ते के रूप में मरीज को प्रति माह एक हजार रुपये सरकार की ओर से मिलते हैं जो सीधे उनके खाते में भेजे जाते हैं। ऐसे में अगर टीबी का संक्रमण होने पर मरीज को रोजगार चला जाता है तो भी वह मुफ्त इलाज के साथ पोषक खाद्य पदार्थ ले सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी संक्रमण होने पर मरीज की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और वह कमजोर हो जाता है। उन्होंने सलाह दी कि मरीज के परिजनों की जिम्मेदारी है कि वह रोगी का पूरा ध्यान रखें। कार्यक्रम में मौजूद डॉ. सुरजीत सिंह डंग ने बताया कि लोगों के बीमार होने का मुख्य कारण प्रकृति से दूर हो जाना। आज लोग प्राकृतिक तौर पर उपलब्ध भोजन लेने के बजाय फास्ट फूड आदि अधिक प्रयोग कर रहा है। इसी कारण लोग शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे हैं और आसानी से रोगों का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि प्राकृतिक खाद्य वस्तुओं का सेवन करें। एसोसिएशन के सचिव डॉ. एनके पटनी ने बताया कि टीबी के प्रति जागरुकता की कमी है अभी लोग टीबी को लेकर डरे सहमें रहते हैं जिस कारण टीबी का पता चलने पर वह घबरा जाते हैं और इलाज के बजाय झाड़ फूंक आदि कराने लगते हैं। उन्होंने लोगों को टीबी के प्रति जागरुक किए जाने की बात कही। इस मौके पर चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएचए रिजवी ने चेस्ट सम्बंधित बीमारियों से बचने के उपाय समझाये। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज मौजूद है और रोग का पता चलने पर तत्काल इलाज शुरू कर दें। इलाज में देरी से बीमारी बढ़ सकती है। एक बार इलाज शुरू करने पर उसे बीच में न छोड़े इससे टीबी का स्वरूप बिगड़ जाता है जो अधिक गंभीर है।

## स्वीकृत आवेदनों में तत्काल ऋण वितरण किया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि कैंप लगाकर लोगों को इस योजना के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे युवाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वित्त मंत्री आज यहां नवीन भवन स्थित पारिजात कक्ष में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित बैंकों को निर्देश दिया कि ऋण स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरणों में तेजी लाते हुए आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। जिन आवेदनों पर स्वीकृत हो चुकी है, उन प्रकरणों में तत्काल ऋण वितरण किया जाए।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** शौहर के जिम्मे मेहर थी जो कई सालों बाद मिली क्या मेहर की रकम पर पिछले सालों की जकात देना होगी?
**जवाब:** मेहर की रकम की जकात का हिसाब मिलने के बाद से है।
**सवाल:** क्या मस्जिद में एक ही आदमी ऐतिकाफ में बैठ सकता है या कई लोग?
**जवाब:** एक मस्जिद में जितने चाहें लोग ऐतिकाफ में बैठ सकते हैं अगर सारा मोहल्ला बैठना चाहे तो बैठ सकता है।
**सवाल:** क्या जनाजे की नमाज के लिए तयम्मुम किया जा सकता है?
**जवाब:** जी हां, किया जा सकता है।
**सवाल:** क्या जकात की रकम अपने भाई-बहन को दे सकते हैं?
**जवाब:** अगर हकदार हैं तो दे सकते हैं।
**सवाल:** क्या सदका फित्र से दुकान का किराया अदा किया जा सकता है?
**जवाब:** जी नहीं, सदका फित्र से दुकान का किराया अदा नहीं किया जा सकता है।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** तहज्जुद में कितनी रकअत नमाज पढ़ना चाहिए?
**जवाब:** कम से कम चार और ज्यादा से ज्यादा बारह रकअत नमाज पढ़ी जाती है।
**सवाल:** एक रोजे का फिदया कितना देना चाहिए?
**जवाब:** एक व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 65 रुपये फिदया देना चाहिए।
**सवाल:** सास की तबियत खराब है जिससे रोजा नहीं रख सकती तो क्या कजा करें या कफ्फारा के रोजे रखें?
जवाबः हर रोजे का फिदया दें और जब ठीक हो जाएं तो कजा करें।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** अगर कोई रोजेदार डाक्टर किसी नामहरम महिला को छुए तो क्या रोजा टूट जाएगा? जवाबः रोजा नहीं टूटेगा।
**सवाल:** कोई बीमार जोहर से पहले ठीक हो जाए तो क्या उसके लिए रोजा रखना सही होगा?
**जवाब:** अगर उस व्यक्ति ने ऐसा कोई काम नहीं किया जो रोजे को तोड़ता है तो नीयत करके रोजा रखें रोजा सही होगा।
**सवाल:** किसी जानवर का खून कपड़ों पर लग जाए तो क्या नमाज होगी?
**जवाब:** हर उस जानवर का खून नापाक है जिसका खून जिब्ह के वक्त उछल कर निकले, ऐसे जानवर का खून कपड़ों पर लगने से नमाज सही नहीं होगी।
**सवाल:** क्या जकात सिर्फ रमजान में ही दी जाना चाहिए?
**जवाब:** जकात रमजान में नहीं दी जाती, बल्कि जब वक्त और निसाब पूरा हो तब जकात वाजिब होगी।
सवालः क्या जुमे की नमाज हर मुसलमान पर वाजिब है?
**जवाब:** इमाम की गैर मौजूदगी में जुमे की नमाज वाजिब नहीं है हालांकि कुछ मुजतहदीन ने इसे वाजिब माना है।

# महफिले सकलैन और मुजाहिरए किरात का आयोजन

■ उलमा ने पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले कारियों को पुरस्कृत किया

■ इमाम की सीरत के सखावत के पहलू पर अमल करें

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मरकज-ए-तालीम-ओ-तरबियत ट्रस्ट की ओर से दूसरे इमाम हजरत इमाम हसन की विलादत की खुशी में महफिले सकलैन और मुजाहिरए किरात का आयोजन किया गया। सआदतगंज स्थित रौजए काजमैन में आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश से आए कारियों ने अपने अंदाज में कुरान की तिलावत की, जिससे माहौल रूहानी बन गया। इस मौके पर उलमा ने पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले कारियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उलमा ने इमाम हसन की सीरत बयान करते हुए उनकी तालीमात पर अमल का आह्वान किया। मोहम्मद हैदर, वफा अब्बास, नजमुल हसन सहित कई लोग किये गये सम्मानित इसी तरह इमाम हसन की विलादत की खुशी में विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पी.जी. कॉलेज में जश्ने इमामे हसन मनाया गया। इमाम हसन अकादमी की ओर से आयोजित महफिल का आगाज तिलावते कलामे पाक से हुआ, जिसके बाद मौलाना यासूब अब्बास ने महफिल को खिताब करते हुए इमाम हसन की सीरत, अजमत और फजीलत बयान की। मौलाना ने इमाम हसन की सीरत के तमाम पहलुओं का जिक्र करते हुए कहा कि अगर इमाम की सीरत पर अमल करते हुए सब्र का दामन थाम लें तो बहुत से मसले हल हो सकते हैं। इसी तरह इमाम की सीरत के सखावत के पहलू पर अमल करें तो तमाम लोगों की मुसीबतें और परेशानियां दूर हो सकती हैं। मौलाना ने कहा कि इमाम की इन्हीं विशेषताओं के चलते उन्हें करीमे अहलेबैत कहा जाता है। महफिल में शायरों ने अपने कलाम बारगाहे इमामत में पेश किये। इस मौके पर समाज सेवा व दीन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया, जिसमें मोहम्मद हैदर रिजवी एडवोकेट, हकीम खावर नवाब, अम्बर फाउण्डेशन के वफा अब्बास, मीसम नकवी, अबूजर किंतूरी, मोहम्मद हसनैन और उर्दू दैनिक आग के छायाकार नजमुल हसन शामिल हैं। महफिल का संचालन हैदर रजा ने किया।

## भूमि क्रय हेतु प्रथम किस्त के रूप में 20 करोड़ रूपये स्वीकृत

**लखनऊ।** जनपद बागपत स्थित पुरामहादेव के पास ग्राम हरियाखेड़ा में अन्तर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केन्द्र की स्थापना के लिए निजी कास्तकारों से भूमि क्रय किये जाने हेतु 01 अरब 48 करोड़ 98 लाख 24 हजार मात्र रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रथम किस्त के रूप में 20 करोड़ रूपये की धनराशि व्यय किये जाने हेतु जिलाधिकारी बागपत के निवर्तन पर रखी गयी है। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए द्वितीय किस्त के रूप में 37 करोड़ 41 लाख 49 हजार 606 रूपये व्यय किये जाने हेतु जिलाधिकारी बागपत के निवर्तन पर कतिपय शर्तो के साथ रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# मौलाना यासूब अब्बास मजालिस को करेंगे खिताब

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** 18 रमज़ान बाद नमाज़-ए-मग़रिबैन कर्बला मुंशी फैज़ले हुसैन हैदरगंज लखनऊ, अंजुमन रौनक़े दिने इस्लाम की जानिब से मुफ़्ती साहब की मस्जिद 9:30 बजे शब, अंजुमन लश्कर-ए-अब्बासिया की जानिब से 10:30 बजे शब घंटा बेग की गढ़ैया रुस्तम नगर। 19 रमज़ान बाद ताबूत ए ग्लीम इमामबाड़ा नाज़िम साहब, बाद नमाज़-ए-मग़रिबैन ज़ेरे एहतिमाम अबूतालिब मिशन मस्जिद मल्का किश्वर कैम्पवेल रोड लखनऊ, 8:00 बजे शब रौज़ा ए बैतउल हुज़्न, 9:30 बजे शब अज़ाख़ाना ए मौलाना सैय्यद मीसम ज़ैदी पाटा नाला। 20 रमज़ान 1:00 बजे दिन रौज़ा ए शाहनजफ़ हज़रतगंज लखनऊ, 8:00 बजे शब सबीले असग़रीया की जानिब से बुनियाद बाग़ मैदान नूरबाड़ी, 9:00 बजे शब दस्ता ए ख़तीबुल इमान की जानिब से नजफ़ मैदान रुस्तम नगर लखनऊ, 10:00 बजे शब दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स) रुस्तम नगर, 11:00 बजे शब डोर वाली मस्जिद दरगाह रोड, 21 रमज़ान सुबह क़दीम ताबूत बानी हसन मिर्ज़ा शबीहे नजफ़ रुस्तम नगर लखनऊ, व बाद नमाज़-ए-मग़रिबैन कर्बला तालकटोरा लखनऊ में मुनक़्क़िद मजालिस को ख़िताब करेंगे जिसके बाद अंजुमन पंजेतनी नौहाख़्वानी व सीनाज़नी के फ़राएज़ को अंजाम देगी।

## नौरोज में कोई कार्यक्रम नहीं होगा

**लखनऊ।** नौरोज कमेटी ने घोषणा की है कि हर वर्ष 21 मार्च को मनाया जाने वाला नौरोज का त्योहार इस वर्ष 20 मार्च को होगा। कमेटी के सचिव मेहदी हसन बब्लू ने बताया कि 20 मार्च को हजरत अली की शहादत के गम में नौरोज पर होने वाले सभी तरह के कार्यक्रम स्थगित किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि नौरोज की नज़्र इस वर्ष 20 मार्च को दोपहर 2 बज कर 31 मिनट पर दिलाई जाएगी। इस वर्ष जर्द रंग है।

## माता-पिता को देख कर 8 वर्षीय मोहम्मद ताज ने रखा रोज़ा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में बड़ों को रोजा देख छोटे बच्चे भी रोजा रखने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। पेशे से पत्रकार जुनैद अहमद और कहकशां तरन्नुम के 8 वर्षीय पुत्र मोहम्मद माज अहमद ने भी अपना पहला अपने माता-पिता और घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ रखा। सरोजनी नगर के 3, बाग अमौसी निवासी पत्रकार जुनैद अहमद के पुत्र माज अहमद रोजा ने बताया कि रोजा रखने के बाद सुबह की नमाज अदा की, जिसके बाद तिलावते कलामे पाक किया। दोपहर में जोहर और शाम के वक्त अस्र की नमाज अदा करने के बाद घर में इफ्तार की तैयारियों में अम्मी का साथ दिया। मगरिब के वक्त घर वालों और रिश्तेदारों के साथ रोजा-इफ्तार किया। इस मौके पर माज के परिजनों के साथ ही रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने भी इफ्तार किया और नन्हें माज अहमद को पहला रोजा रखने पर तोहफे और दुआओं से नवाजा।

# होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की शाइन 100

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अपडेटेड OBD2B-कॉम्प्लाएंट शाइन 100 को जबर्दस्त स्टाइल के साथ पेश किया है। नई 2025 होंडा शाइन 100 की कीमत 68,767 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई की डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने अपडेटेड शाइन 100 पेश करते हुए कहा, हमें भारत में अपने ग्राहकों के लिए नई OBD2B – कॉम्प्लाएंट शाइन 100 पेश करते हुए खुशी हो रही है। मार्च 2023 में लॉन्च होने के बाद से, शाइन 100 ने एचएमएसआई के मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई है। एंट्री-लेवल की यह मोटरसाइकिल बहुत भरोसेमंद है, कम पेट्रोल में ज़्यादा चलती है, और पैसे के हिसाब से अच्छी है। इसलिए इसे ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। नए अपग्रेड के साथ, हमने पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाने और उच्च गुणवत्ता की गाड़ियां लाने की हमारी प्रतिबद्धता को जारी रखा है। इस घोषणा के बारे में, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग के डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, शाइन 100 एंट्री लेवल के मोटरसाइकिल सेगमेंट में एक मजबूत सवारी है, जो किफायती कीमत पर असाधारण गुणवत्ता और आराम प्रदान करती है। इस नए अपग्रेड के साथ, हम इसकी अपील को और बढ़ा रहे हैं और उत्सर्जन के नए नियमों का पालन कर रहे हैं। हमने गाड़ी की कम ईंधन की खपत करने की लोकप्रियता और भरोसे को भी कायम रखा है। शाइन 100 ने एंट्री-लेवल के यात्री वर्ग में होंडा की उपस्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और हमें पक्का यकीन है कि नए इंडिया की अमेज़िंग शाइन का यह नया वर्जन पूरे भारत में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को आकर्षित करना जारी रखेगा। नई शाइन 100 का डिज़ाइन भारत की पसंदीदा शाइन 125 से प्रेरित है और यह बहुत ही खूबसूरत है। इसमें बॉडी पैनल पर नए ग्राफिक्स और होंडा लोगो है। इसका आकर्षक फ्रंट काउल, काले अलॉय व्हील, प्रैक्टिकल एल्यूमीनियम ग्रैबरेल, लंबी और आरामदायक सिंगल-पीस सीट और स्लीक मफलर मोटरसाइकिल की स्टाइल की खूबसूरत को और बढ़ाते हैं और रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को इन खूबियों से सहूलियत मिलती है।







